CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :26°C
न्यूनतम: 12°C

मेरठ, गुरुवार 20 नवम्बर 2025 मेरठ संस्करण: वर्ष 19 अंक 170 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष 15 विक्रमी सम्वत् 2082 | 28 जमादिउल उला1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



**योगी ने मेरठ, कानपुर व मथुरा-वृंदावन की विकास कार्ययोजना की समीक्षा की**
पेज 2



**वनडे रैंकिंग में मिचेल ने ली रोहित की जगह**
खेल टाइम्स




**सोरम में हुई सर्वजातीय सर्वखाप महापंचायत का सामाजिक महत्व**
सम्पादकीय



**भारत को एसयू-फाइटर जेट्स देने को रूस तैयार**
पेज 12

# राहुल के खिलाफ 272 रिटायर्ड जजों-अफसरों ने लिखा खुला पत्र

■ कहा: कांग्रेस लगातार चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्थाओं की साख कमजोर करने की कोशिश कर रही



**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग पर लग रहे वोट चोरी के आरोपों पर देशभर के 272 रिटायर्ड जजों और ब्यूरोक्रेट्स ने बुधवार को एक खुला पत्र जारी किया है। इसमें लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी की आलोचना की गई है। पत्र में 16 पूर्व जज, 123 सेवानिवृत्त ब्यूरोक्रेट (14 पूर्व राजदूत सहित) और 133 रिटायर्ड सैन्य अधिकारियों के हस्ताक्षर हैं।

इन रिटायर्ड जजों और ब्यूरोक्रेट्स ने खुला पत्र में आरोप लगाया है कि कांग्रेस लगातार चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्थाओं की साख कमजोर करने की कोशिश कर रही है। इससे देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था में अनावश्यक अविश्वास फैलता है। पत्र में यह भी कहा गया कि चुनाव आयोग भारत की चुनाव प्रणाली का सबसे अहम स्तंभ है। उस पर बार-बार सवाल उठाने से जनता का भरोसा कमजोर होता है और लोकतंत्र को नुकसान पहुंचता है। राजनीतिक मतभेद जरूरी हैं, लेकिन संवैधानिक संस्थाओं पर लगातार आरोप लगाना देशहित के खिलाफ है। दरअसल, राहुल गांधी ने चुनाव आयोग पर वोट चोरी के आरोप में अब तक तीन प्रेस कॉन्फ्रेंस कर चुके हैं। उन्होंने आयोग को मोदी सरकार की 'बी टीम' भी कहा था। भाजपा के साथ वोट चोरी करने का आरोप लगाया था। पत्र में कहा गया है कि पहले सेना, फिर न्यायपालिका और संसद पर सवाल उठाए गए और अब चुनाव आयोग को निशाना बनाया जा रहा है। यह एक खतरनाक चलन बन गया है, जिसमें चुनावी हार को छिपाने के लिए संस्थाओं की साख पर हमला किया जा रहा है। राहुल गांधी ने चुनाव आयोग पर वोट चोरी का आरोप लगाया, उसे गद्दारी तक कहा और अधिकारियों को धमकाया, लेकिन इसके बावजूद उन्होंने कोई आधिकारिक शिकायत या हलफनामा पेश नहीं किया। यह सिर्फ राजनीतिक नाराजगी है, जिसका कोई ठोस आधार नहीं है। जब विपक्षी पार्टियां जीतती हैं, तब चुनाव आयोग पर कोई आरोप नहीं लगता, लेकिन हार मिलते ही आयोग को दोषी ठहराना शुरू हो जाता है। यह राजनीतिक अवसरवाद है। टीएन शेषन और एन. गोपालस्वामी जैसे पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्तों ने आयोग को बेहद मजबूत और निष्पक्ष संस्था बनाया है, इसलिए आज उस पर बेबुनियाद हमले लोकतंत्र के लिए नुकसानदायक हैं।

## भारत को हिंदू राष्ट्र घोषित करना जरूरी नहीं: भागवत

**गुवाहाटी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि भारत और हिंदू एक ही हैं। भारत को हिंदू राष्ट्र घोषित करने की कोई जरूरत नहीं है। हमारी सभ्यता पहले से ही इसे जाहिर करती है। गुवाहाटी में एक कार्यक्रम के दौरान भागवत ने कहा कि जो भी भारत पर गर्व करता है, वह हिंदू है। हिंदू सिर्फ धार्मिक शब्द नहीं बल्कि एक सभ्यता गत पहचान है, जो हजारों साल की सांस्कृतिक परंपरा से जुड़ी है। आरएसएस चीफ सोमवार को तीन दिवसीय यात्रा के लिए असम की राजधानी गुवाहाटी पहुंचे।



**पुट्टपर्थी (आंध्र प्रदेश): दिवंगत आध्यात्मिक गुरु श्री सत्य साईं बाबा के जन्म शताब्दी समारोह के दौरान बॉलीवुड अभिनेत्री ऐश्वर्या राय बच्चन द्वारा पीएम मोदी का स्वागत किया गया।**

## संक्षिप्त समाचार

### आंध्र प्रदेश: मुठभेड़ में सात माओवादी ढेर

**पडेरू।** आंध्र प्रदेश में अल्लूरी सीताराम राजू जिले के मारेडुमिली गांव के घने जंगलों में बुधवार तड़के पुलिस के साथ मुठभेड़ में सात माओवादी मारे गए। खुफिया विभाग के अतिरिक्त महानिदेशक महेश चंद्र लड्डा ने बताया कि भीषण मुठभेड़ में सात माओवादी मारे गए। इनमें तीन महिला माओवादी भी शामिल हैं। मृत माओवादियों की पहचान जोगा राव उर्फ टेक शंकर, सीता उर्फ ज्योति, सुरेश, गणेश, वासु, अनीता और शम्मी के रूप में हुई है। मृतक माओवादी जोगा राव उर्फ टेक शंकर दक्षिण क्षेत्रीय समिति का सदस्य और आंध्र-ओडिशा सीमा प्रभारी भी था। एक अन्य मृतक सुरेश माओवादी संचार दल का प्रमुख था, जबकि अनीता जगरकोंडा समिति सदस्य एवं क्षेत्र समिति सदस्य थी। इन सभी मृतक माओवादियों पर इनाम घोषित थे।

### हाईकोर्ट ने उप्र सरकार पर लगाया 15 हजार का हर्जाना

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने 11 वर्षों से विचाराधीन एक जनहित याचिका के मामले में विभागीय उदासीनता पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए राज्य सरकार पर 15 हजार रुपये का हर्जाना लगाया है। यह मामला मैंगो बेल्ट में पेड़ों के जियो-टैगिंग करवाने का है। न्यायमूर्ति राजन रॉय और न्यायमूर्ति राजीव भारती की खंडपीठ ने यह आदेश जयंत सिंह तोमर की याचिका पर दिया है। वहीं, आदेश के बावजूद एनएचएआई और उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा भी जवाब न देने पर भी नाराजगी जताई है। सुनवाई के दौरान अदालत ने पहले भी पूछा था कि कि क्या मैंगो बेल्ट में पेड़ों के जियो-टैगिंग की वैज्ञानिक पद्धति अपनाई जा सकती है, लेकिन इस बार भी राज्य सरकार की ओर से पेश अधिवक्ता ने सरकार से निर्देश लेकर जानकारी देने की बात कही।

### राजस्थान में शीतलहर, 16 शहरों में पारा 10 डिग्री से नीचे

**नई दिल्ली।** पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी से कड़ाके की ठंड पड़ रही है। राजस्थान में पिछले 24 घंटे के दौरान सबसे ज्यादा ठंडा मौसम माउंट आबू रहा। यहां न्यूनतम तापमान जीरो डिग्री दर्ज किया गया। इसके अलावा कई शहरों में रात का पारा सामान्य से 5 डिग्री नीचे है। मंगलवार रात 16 शहरों में पारा 10 डिग्री से नीचे रहा।

# संसद कोर्ट के फैसले नहीं पलट सकती: सुप्रीम कोर्ट

## शीर्ष अदालत ने ट्रिब्यूनल रिफॉर्म एक्ट 2021 के प्रावधान रद्द किए

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ चार महीने में नेशनल ट्रिब्यूनल कमीशन बनाने का आदेश

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को न्यायाधिकरण सुधार अधिनियम, 2021 के कुछ महत्वपूर्ण प्रावधानों को रद्द कर दिया और कहा कि यह कानून शक्तियों के बंटवारे एवं न्यायिक स्वतंत्रता के संवैधानिक सिद्धांतों का उल्लंघन करता है।

मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन की पीठ ने विभिन्न न्यायाधिकरणों में नियुक्तियों के संबंध में पूर्व के निर्णयों में बाध्यकारी निर्देशों को लागू करने में बार-बार विफल रहने पर केंद्र सरकार पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। शीर्ष अदालत ने कहा कि 2021 के अधिनियम में पहले निरस्त किए गए प्रावधानों को पुन: लागू किया गया तथा मद्रास बार एसोसिएशन (एमबीए) के कई मामलों में न्यायालय द्वारा चिन्हित दोषों को समाप्त नहीं किया गया। एमबीए द्वारा 2021 में दायर चुनौती को स्वीकार करते हुए, शीर्ष अदालत ने माना कि यह अधिनियम आधिकारिक न्यायिक घोषणाओं को विधायी रूप से खारिज करने के समान है और इसे बरकरार नहीं रखा जा सकता है। इसने दोहराया कि पूर्व एमबीए निर्णयों में निर्धारित निर्देश, जैसे न्यायाधिकरण के सदस्यों के लिए न्यूनतम पांच वर्ष का कार्यकाल और कम से कम दस वर्ष के अनुभव वाले अधिवक्ताओं की पात्रता, तब तक लागू रहेंगे जब तक कि संसद न्यायिक निर्देशों के अनुपालन में नया कानून नहीं बना लेती। पीठ ने केंद्र सरकार को चार महीने के अंदर राष्ट्रीय न्यायाधिकरण आयोग स्थापित करने का भी निर्देश दिया। इसने आगे स्पष्ट -शेष पृष्ठ दो पर

### दिल्ली के स्कूलों में स्पोर्ट्स फंक्शन न हों



**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि नवम्बर-दिसम्बर में स्कूलों में होने वाले स्पोर्ट्स फंक्शन पर रोक लगनी चाहिए। कोर्ट ने यह आदेश सीनियर एडवोकेट अपराजिता सिंह के सवाल पर दिया। अपराजिता सिंह ने कहा था कि दिल्ली में मौजूदा वक्त में प्रदूषण के स्तर को देखते हुए ऐसी एक्टिविटी बच्चों को गैस चैंबर में डालने जैसा है। सीजेआई बीआर गवई, जस्टिस के. विनोद चंद्रन और जस्टिस एनवी अंजारिया की बेंच ने आगे कहा कि, वे पॉल्यूशन को लेकर हर महीने सुनवाई करेंगे, ताकि इसका परमानेंट समाधान निकाला जा सके। इसके अलावा कोर्ट ने दिल्ली में ग्रैप-3 लागू होने के कारण बेरोजगार हुए कंस्ट्रक्शन वर्कर्स को भत्ता/आर्थिक सहायता देने का भी आदेश दिया। सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया कि ग्रैप-3-3 लागू होने के कारण बेरोजगार हुए कंस्ट्रक्शन मजदूरों को भत्ता/आर्थिक सहायता दी जाए।

# अल-फलाह विवि के कुलाधिपति 13 दिन की ईडी हिरासत में




■ 415.10 करोड़ रुपये की अपराध आय अर्जित करने का मामला

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली की एक अदालत ने अल-फलाह विश्वविद्यालय, फरीदाबाद के अध्यक्ष एवं कुलाधिपति जावेद अहमद सिद्दीकी को कथित धोखाधड़ी वाले मान्यता दावों से जुड़े धनशोधन मामले में 13 दिनों की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हिरासत में भेज दिया है। यह आदेश मंगलवार देर रात साकेत जिला न्यायालय में अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश शीतल चौधरी प्रधान ने पारित किया।

ईडी ने 14 दिन की हिरासत की मांग करते हुए तर्क दिया था कि सिद्दीकी उस योजना के केंद्र में था जिसमें अल-फलाह विश्वविद्यालय और उसके संबद्ध संस्थानों ने कथित रूप से लगभग 415.10 करोड़ रुपये की अपराध आय अर्जित की थी। एजेंसी के अनुसार, यह राशि एनएएसी मान्यता और यूजीसी मान्यता के झूठे दावों के आधार पर छात्रों से एकत्रित की गई फीस है। ईडी ने तर्क दिया कि इन भ्रामक प्रथाओं का उपयोग छात्रों एवं अभिभावकों को बेईमानी से फीस का भुगतान करने के -शेष पृष्ठ दो पर

### दिल्ली विस्फोट की जांच में संदिग्ध कार कानपुर में मिली

**नई दिल्ली।** दिल्ली विस्फोट मामले की जांच कर रही एनआईए ने उत्तर प्रदेश के कानपुर के हितकारी नगर से हरियाणा में पंजीकृत एक संदिग्ध कार बरामद की है। एनआईए अधिकारी कार के मालिकाना हक की जांच कर रहे हैं। सूत्रों के अनुसार इस मामले में गिरफ्तार डा. शाहीन सईद विस्फोट से लगभग 25 दिन पहले कानपुर गई थी। पूछताछ में डा. शाहीन और उसके सहयोगी मुजम्मिल ने कथित रूप से फरीदाबाद स्थित अल-फलाह विश्वविद्यालय की प्रयोगशाला से बम बनाने के लिए रसायन चुराने की बात स्वीकार की। कई छापों के बाद विश्वविद्यालय पहले ही जांच के दायरे में है। इस बीच, एनआईए की व्यापक आतंकवाद- रोधी जांच से पता चला है कि डा. उमर नबी कथित रूप से अतिरिक्त आत्मघाती हमलावरों की भर्ती एवं प्रशिक्षण की कोशिश कर रहा था। जांचकर्ताओं ने पाया कि उसने कम से कम 11 व्यक्तियों को प्रेरक वीडियो वितरित किया था, जिनमें से सात कश्मीर से तथा अन्य उत्तर प्रदेश, केरल और कर्नाटक से थे।

# अनमोल बिश्नोई को 11 दिन की रिमांड पर भेजा

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ अमेरिका से प्रत्यर्पित लॉरेंस बिश्नोई के भाई अनमोल को एनआईए ने किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** अमेरिका से प्रत्यर्पित लॉरेंस बिश्नोई के भाई अनमोल बिश्नोई को दिल्ली एयरपोर्ट पर उतरते ही एनआईए ने गिरफ्तार कर लिया, जिसके बाद एनआईए की टीम ने आरोपी को पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया। जहां से कोर्ट ने 11 दिन की एनआईए रिमांड पर भेज दिया है। गिरफ्तार गैंगस्टर को एनआईए मुख्यालय लाया गया।

अनमोल बिश्नोई दिवंगत एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या के मामले में आरोपी है। वहीं सलमान खान पर फायरिंग जैसे कई मामलों में वांछित भी है। एनआईए ने कोर्ट से अनमोल की 15 दिनों की कस्टडी मांगी थी। गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के भाई और उसके करीबी अनमोल बिश्नोई को अमेरिका से लौटने के बाद राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने गिरफ्तार कर लिया। गौरतलब है कि अनमोल को अमेरिका ने मंगलवार को भारत डिपोर्ट कर दिया था। इसके बाद दिल्ली पहुंचते ही एनआईए ने उसे पकड़ लिया। बिश्नोई गिरोह के विभिन्न सहयोगियों के साथ मिलकर काम करते हुए अनमोल ने लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के लिए अमेरिका से आतंकवादी सिंडिकेट चलाना और आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देना जारी रखा। इसके लिए उसने जमीनी स्तर पर उसके गुर्गों का इस्तेमाल किया। जांच से पता चला है कि अनमोल बिश्नोई ने गिरोह के शूटरों और जमीनी गुर्गों को आश्रय और रसद सहायता प्रदान की थी।

# एनडीए ने नीतीश कुमार को विधायक दल का नेता चुना, पटना में शपथग्रहण समारोह आज



**पटना।** बिहार में नई सरकार गठन की प्रक्रिया तेज हो गई है। एनडीए विधायक दल की बैठक में सर्वसम्मति से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को फिर से एनडीए विधायक दल का नेता चुन लिया गया। इसके बाद शपथ ग्रहण समारोह के लिए गुरुवार (आज) का दिन तय किया गया है।

एनडीए के सभी सहयोगी दलों ने नीतीश कुमार के नेतृत्व पर एक बार फिर भरोसा जताया है। जेडीयू बिहार प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने बैठक के बाद कहा कि शपथ ग्रहण समारोह गुरुवार को होगा। एनडीए नेता का चयन हो चुका है। सभी एनडीए सहयोगियों ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को एनडीए विधायक दल का नेता चुना है। इसी क्रम में आरएलएम की नेता स्नेहलता ने भी नीतीश कुमार के नेतृत्व पर विश्वास जताते हुए कहा कि नीतीश कुमार ही मुख्यमंत्री होंगे।

# मोदी ने किसान सम्मान निधि की 21वीं किस्त जारी की

■ 9 करोड़ किसानों के खाते में 18000 करोड़ से ज्यादा ट्रांसफर

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने बुधवार को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 21वीं किस्त जारी की।

उन्होंने तमिलनाडु के कोयंबटूर से देशभर के करीब 9 करोड़ से ज्यादा किसानों के खाते में 18000 करोड़ रुपये से ज्यादा ट्रांसफर किए। इस दौरान उन्होंने कहा कि इस योजना से देश के छोटे किसानों के खाते में अब तक 4 लाख करोड़ रुपये भेजे जा चुके हैं। किसानों को 10 लाख करोड़ रुपये की मदद भी दी गई है। उन्होंने नेचुरल फॉर्मिंग को बढ़ावा देने की बात कही। मोदी ने कहा कि नेचुरल फॉर्मिंग से हमारा एग्रीकल्चर एक्सपोर्ट 2 गुना हुआ है।

# एसआईआर में चूक पर अधिकारी जिम्मेदार होंगे

■ चुनाव आयोग की दिसम्बर तक डेडलाइन
■ दबाव से परेशान बीएलओ, राजस्थान-मप्र और केरल में तीन सुसाइड कर चुके



**नई दिल्ली।** देश के 12 राज्यों और केंद्र शासित क्षेत्रों में वोटर लिस्ट का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) चल रहा है। पश्चिम बंगाल में चुनाव आयोग ने कहा कि एसआईआर के दौरान किसी भी तरह की चूक पाए जाने पर अधिकारियों को जवाबदेह ठहराया जाएगा।

एक अधिकारी के अनुसार, उप चुनाव आयुक्त ज्ञानेश भारती ने कोलकाता में समीक्षा बैठकों की अध्यक्षता करते हुए यह बयान दिया। मुख्य चुनाव अधिकारी मनोज कुमार अग्रवाल भी इन बैठकों में मौजूद थे। बंगाल में 18 नवम्बर की शाम 6 बजे तक 7.63 करोड़ गणना फार्म बांटे जा चुके हैं। कुल 1.09 करोड़ फार्म डिजिटल किए जा चुके हैं। दूसरी तरफ, केरल, राजस्थान, मध्य प्रदेश में एक-एक बूथ लेवल आफिसर (बीएलओ) आत्महत्या कर चुके हैं। पश्चिम बंगाल में एक बीएलओ ने आत्महत्या की धमकी दी है। मंगलवार को तमिलनाडु के तंजावुर में एक आंगनवाड़ी सेविका ने जान देने की कोशिश की।

### SIR कार्य के तनाव ने छीन ली जिंदगी

**सवाई माधोपुर।** जिले के खंडार उपखंड क्षेत्र के बहरावड़ा खुर्द गांव में मंगलवार सुबह एक बीएलओ की हार्ट अटैक से मौत हो गई। घटना के बाद गांव और प्रशासनिक तंत्र में हड़कंप मच गया। मृतक बीएलओ हरिओम बैरवा के परिजनों ने आरोप लगाया कि एसआईआर कार्य को लेकर एसडीएम और तहसीलदार द्वारा लगातार मानसिक दबाव बनाया जा रहा था, जिसकी वजह से वह पिछले छह दिनों से गंभीर तनाव में था। परिजनों का कहना है कि हरिओम घर पर भी किसी से बातचीत नहीं कर रहा था और मानसिक रूप से बेहद परेशान दिख रहा था। मंगलवार सुबह उसे तहसीलदार का फोन आया। परिजनों ने बताया कि फोन पर हुई बातचीत के कुछ ही मिनट बाद हरिओम को सीने में तेज दर्द उठा और वह गिर पड़ा। परिजन तुरंत उसे अस्पताल ले गए, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के पिता बृजमोहन बैरवा और भाइयों ने बहरावंडा खुर्द चौकी में लिखित शिकायत देकर संबंधित अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### योगी सरकार ने होमगार्ड भर्ती का किया ऐलान

**लखनऊ।** यूपी की योगी सरकार ने यूपी में होमगार्ड विभाग में भर्ती के लिए बेरोजगार युवाओं को मौका दिया है। प्रदेश में 41,424 होमगाड्र्स की भर्ती की जाएगी। इसके लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। 17 दिसम्बर 2025 आखिरी तारीख है आवेदन करने का। सभी 75 जिलों के लिए होमगाड्र्स की भर्ती होनी है, सबसे अधिक कानपुर में 1947 और सबसे कम भदोही में कुल 43 ही पद हैं। भर्ती के लिए वन टाइम रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया है और योग्यता बारहवीं। सभी 75 जिलों को मिलाकर कुल 41,424 पदों पर भर्तियां होनी हैं। इसमें न्यूनतम शैक्षिक योग्यता बारहवीं हैं और 18 से 35 वर्ष के बीच होनी चाहिए, इसमें राज्य सरकार के आरक्षण नियमों के हिसाब से अलग-अलग वर्गों में छूट भी है। महिला आरक्षण इस भर्ती में भी है, आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है जो 17 दिसम्बर 2025 तक चलेगी।

### कांग्रेस नेताओं ने इंदिरा गांधी को दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड्गे, कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती पर बुधवार को यहां उनकी समाधि शक्ति स्थल पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। खड्गे ने पूर्व प्रधानमंत्री को नमन करते हुए कहा कि श्रीमती इंदिरा गांधी का अनुकरणीय और गतिशील नेतृत्व, जिसमें उन्होंने अपार राजनीतिक साहस दिखाया, सदैव प्रेरणादाई रहेगा। जन सेवा के लिए उनके अटूट संकल्प और समर्पण ने भारत की प्रगति यात्रा पर अमिट छाप छोड़ी है। राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए उनका सर्वोच्च बलिदान कोटि-कोटि नमन का पात्र है।

# धार्मिक भावनाओं को आहत कर रहे दानाजीवी मीडिया हाउसः अखिलेश

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ हमारे महाकाव्यों की कथाओं को तोड़मरोड़ रहे

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कुछ मीडिया संस्थानों पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि ये राजनीतिक स्वार्थ में डूबे 'दानाजीवी मीडिया हाउस' हमारे महाकाव्यों की सांकेतिक कथाओं को तोड़-मरोड़कर प्रस्तुत कर रहे हैं।

साथ ही उनके मानने वालों की धार्मिक भावनाओं को आहत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि परिवारवाद पर लगातार चलाया जा रहा यह एजेंडा दरअसल भारतीय महागाथाओं के मूल तत्व परिवार, एकजुटता और त्याग का अपमान है। यादव ने बुधवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट करते हुए कहा कि भाजपा और उसके समर्थक परिवार को नकारात्मक रूप में पेश करके समाज की एकता को कमजोर करना चाहते हैं। उनका आरोप है कि जो लोग सत्ता-भक्ति में लीन हैं, वे 'परिवार' शब्द का मजाक उड़ाकर प्रत्यक्ष रूप से हमारे महाकाव्यों के प्रतीकात्मक अर्थों को बदनाम कर रहे हैं। जबकि सच्चाई यह है कि परिवार समाज की नींव है, और परिवारों की एकजुटता ही समाज को मजबूत बनाती है। उन्होंने कहा कि भाजपा और उसके 'अपरिवारवादी' समर्थक चाहते हैं कि लोग परिवारों से अलग-थलग पड़ जाएं, ताकि उन्हें भय और भ्रम के सहारे नियंत्रित किया जा सके।

### भाजपा 'पर्यवेक्षक' नहीं, 'पर्चीवेक्षक' भेजती है

**लखनऊ।** बिहार में सरकार गठन को लेकर केंद्रीय नेतृत्व द्वारा उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किए जाने पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी को आड़े हाथों लिया है। यादव ने कहा कि भाजपा संगठनात्मक लोकतंत्र का ढिंढोरा पीटती है, लेकिन वास्तविकता यह है कि पार्टी में फैसले पर्ची से होते हैं।

### एलओसी पर बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में बारामूला जिले के उरी सेक्टर में बुधवार की सुबह नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर संदिग्ध हलचल के बाद बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि एलओसी के पास हलचल देखने के बाद सेना ने कमलकोट इलाके में ऑपरेशन शुरू किया। एक अधिकारी ने बताया कि जैसे ही संदिग्ध हलचल का पता चला, संदिग्ध घुसपैठियों को रोकने के लिए कुछ गोलियां चलाई गईं। अभी भी तलाशी अभियान चल रहा है। ऐसी जानकारी मिली है कि सर्दी शुरू होने और ऊपरी इलाकों में बर्फ जमने से पहले घुसपैठिए अंदर आने की को. शिश कर सकते हैं। कुपवाड़ा जिले के केरन सेक्टर में गत आठ नवम्बर को एलओसी पर सुरक्षा बलों ने घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया था।

# बसपा की मिशनरी सोच के अनुरूप हों कार्यक्रम

लखनऊ/नई दिल्ली।



■ महाराष्ट्र, तेलंगाना, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, बिहार व झारखंड इकाइयों की समीक्षा बैठक में बोली मायावती

बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने कहा कि बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर आयोजित कार्यक्रम बसपा की मिशनरी सोच के अनुरूप होने चाहिए।

उन्होंने महाराष्ट्र, तेलंगाना, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, बिहार और झारखंड इकाइयों की समीक्षा बैठक के बाद कहा कि केन्द्र की भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों, महंगाई, बेरोजगारी, गरीबी तथा पिछड़े, दलित और मुस्लिम समाज के उत्पीड़न पर पार्टी को देशव्यापी संघर्ष तेज करना होगा। सुश्री मायावती ने बुधवार को कहा कि भाजपा सरकार पर विपक्षियों को कमजोर करने, एजेंसियों का दुरुपयोग करने और देश को जातिवादी-धार्मिक तनाव की ओर धकेलने के गंभीर आरोप लग रहे हैं। आरक्षण के संवैधानिक अधिकार पर हमले और उसे कमजोर करने के प्रयास बेहद चिताजनक हैं। उन्होंने चेताया कि यदि आरक्षण को बचाने की लड़ाई को मजबूती से नहीं लड़ा गया, तो बहुजन वर्ग के भविष्य पर गहरा असर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि देश में निष्पक्ष चुनाव की चुनौती बढ़ती जा रही है, इसलिए बाबा साहेब के मार्गदर्शन और कांशीराम जी के सामाजिक परिवर्तन मिशन को आगे बढ़ाना समय की मांग है। उन्होंने आगामी चुनावों में बसपा को और अधिक मजबूती के साथ उतरने के निर्देश दिए तथा कहा कि पार्टी को मतदाता सूची के चल रहे विशेष पुनरीक्षण (एसआईआर) पर विशेष ध्यान देना चाहिए, ताकि बहुजन मतदाताओं का नाम किसी भी स्थिति में हटने न पाए। उन्होंने सभी राज्यों की इकाइयों से अपील की कि वे छह दिसम्बर 2025 के महापरिनिर्वाण दिवस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मिशनरी उत्साह से काम करें। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम किसी भी तरह से दिखावटी या अवसरवादी नहीं बल्कि पार्टी की परम्पराओं के अनुरूप अनुशासित, सारगर्भित एवं प्रेरणादायक होने चाहिए।

## यूपी के तीन जिलों में 478 परियोजनाओं की रूपरेखा तैयार

# मेरठ, कानपुर व मथुरा-वृंदावन में होगा विकास

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ मुख्यमंत्री ने विकास कार्ययोजना की समीक्षा की
■ मंडलायुक्तों ने सीएम को बताई कार्ययोजना

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को मेरठ, कानपुर और मथुरा-वृंदावन के समग्र नगरीय विकास की कार्ययोजना की समीक्षा करते हुए कहा कि इन नगरों का विकास केवल सड़कों और इमारतों के निर्माण तक सीमित न हो, बल्कि उनका स्वरूप ऐसा बने जिसमें स्थानीय पहचान, इतिहास, संस्कृति और आधुनिक सुविधाओं का संतुलन दिखे।

उन्होंने निर्देश दिया कि योजनाएं चरणबद्ध ढंग से लागू हों, कार्य समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरे किए जाएं और नागरिकों को इसका प्रत्यक्ष लाभ दिखे। मुख्यमंत्री ने मेरठ में प्रस्तावित बिजली बम्बा बाईपास को लखनऊ ग्रीन कॉरिडोर की तर्ज पर पीपीपी मोड में विकसित करने की संभावना तलाशने के निर्देश दिए। बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से तीनों मंडलों के मंडलायुक्तों ने बारी-बारी से अपनी कार्ययोजना से अवगत कराया। बताया गया कि अयोध्या, वाराणसी, गोरखपुर और प्रयागराज की तर्ज पर अब मेरठ, कानपुर और मथुरा-वृंदावन के लिए भी समेकित विकास मॉडल अपनाया जा रहा है। जनप्रतिनिधियों से विमर्श और विभागों के बीच समन्वय के आधार पर इन शहरों में कुल 478 परियोजनाओं की रूपरेखा तैयार की गई है।

इनमें मेरठ में 111, कानपुर में 109 और मथुरा-वृंदावन में 258 परियोजनाओं का विकास प्रस्तावित है। इन परियोजनाओं को अल्पकालिक, मध्यमकालिक और दीर्घकालिक श्रेणी में विभाजित कर स्पष्ट समयसीमा तय की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन परियोजनाओं के लिए नवाचार, बेहतर प्रबंधन और वित्तीय संयोजन पर ध्यान दिया जाए। उन्होंने अधिकारियों को रेवेन्यू शेयरिंग मॉडल पर निजी क्षेत्र का सहयोग लेने और जहां संभव हो वहां पीपीपी मोड अपनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विकास का उद्देश्य ऐसा शहरी ढांचा तैयार करना है जो यातायात को सुगम बनाए, पैदल यात्रियों और सार्वजनिक परिवहन को प्राथमिकता दे, हरे-भरे शहरों की दिशा में आगे बढ़े और स्थानीय पहचान को मजबूत करे।

### उप्र में नहर व्यवस्था सुधार के लिए 95 नई परियोजना मंजूर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को सिचाई एवं जल संसाधन विभाग की विस्तृत समीक्षा बैठक में नहर व्यवस्था को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से 95 नई परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की। उन्होंने कहा कि ए परियोजनाएं प्रदेश के कृषि क्षेत्र को सशक्त बनाने और किसानों को समयबद्ध सिचाई उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। अधिकारियों के अनुसार कुल 39453.39 लाख की लागत वाली इन परियोजनाओं के पूर्ण होने पर 36 हजार हेक्टेयर भूमि में सिचाई क्षमता पुनर्स्थापित होगी, जिससे लगभग नौ लाख किसान और ग्रामीण आबादी को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा।

# एटीएस ने मौलवियों और प्रबंधकों के संबंध में मांगी जानकारी

प्रयागराज, वार्ता

■ दिल्ली धमाकों के बाद सरकार ने लिया फैसला

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में आतंकवाद विरोधी दस्ता (एटीएस) ने बुधवार को जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारियों को एक पत्र भेजकर मदरसों में पढ़ने वाले बच्चों, पढ़ाने वाले मौलवियों और प्रबंधकों के संबंध में जानकारी मांगी है।

एटीएस प्रयागराज यूनिट ने दिल्ली कार विस्फोट के बाद जोन के सभी जिलों के जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारियों को भेजा पत्र, पत्र भेजकर मदरसों में पढ़ने वाले बच्चों, पढ़ाने वाले मौलवियों और प्रबंधकों के संबंध में जानकारी मांगी। सूचना में मदरसों में पढ़ने वाले बच्चों का नाम, पिता का नाम, पता मोबा. इल नंबर के साथ जानकारी मांगी गई है। प्रयागराज के जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी कृष्ण मुरारी ने बताया कि प्रयागराज जिले की मदरसों की सूचना एटीएस को दे दी है, सूचना मिलने के बाद एटीएस ने अपने स्तर पर मदरसों की जांच भी शुरू कर दी है। प्रयागराज जिले में कुल 206 मदरसे संचा. लित हो रहे हैं।

इसमें से 43 मदरसे अनुदा. नित हैं। अनुदानित मदरसों में 620 शिक्षक कार्यरत हैं और 11378 बच्चे पढ़ाई कर रहे हैं, जबकि जिले में मान्यता प्राप्त मदरसों की संख्या 169 है। मान्यता प्राप्त मदरसों में 854 शिक्षक और 14551 छात्र पढ़ाई कर रहे हैं। कई मदरसों में छात्रों के साथ छात्राएं भी दीनी तालीम हासिल कर रही हैं।



सेंसेक्स 85186.47
निफ्टी 26052.65



सोना रु. 125010
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 165000
प्रति किलो



# पहली बार 85 हजार के पार बंद हुआ सेंसेक्स

मुंबई, वार्ता



आईटी कंपनियों के नेतृत्व में घरेलू शेयर बाजारों में बुधवार को तेजी देखी गई और बीएसई का सेंसेक्स पहली बार 85 हजार अंक के पार बंद हुआ। सेंसेक्स 513.45 अंक चढ़कर 85,186.47 अंक के रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक 142.60 अंक की बढ़त में 26,052.65 अंक पर बंद हुआ। इसका रिकॉर्ड बंद स्तर 29 अक्टूबर को 26,053.90 अंक रहा था। आईटी सेक्टर की कंपनियों में जबरदस्त तेजी रही। कनाडा के कैलगेरी में कार्यालय खोलने की घोषणा के बाद एचसीएल टेक्नोलॉजीज के शेयर सेंसेक्स में सवा चार फीसदी से अधिक चढ़े। मंगलवार को शेयर पुनर्खरीद के विवरण साझा करने के बाद इंफोसिस का शेयर भी पौने चार फीसदी की मजबूती के साथ बंद हुआ। टीसीएस का शेयर दो प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स का शेयर पौने तीन प्रतिशत से अधिक और मारुति सुजुकी का सवा फीसदी से ज्यादा टूट गया। मझौली कंपनियों में भी तेजी रही जबकि छोटी कंपनियों में बिकवाली अधिक देखी गई। एनएसई में आईटी के बाद सार्वजनिक बैंकों के समूह में सबसे अधिक तेजी रही। स्वास्थ्य, रियलिटी, तेल एवं गैस और मीडिया समूहों के सूचकांक लुढ़क गए।

# चार दिन बाद फिर सोने ने मारी छलांग, चांदी की कीमतें भी बढ़ी

**नई दिल्ली।** सोने और चांदी की कीमतों में एक बार फिर तेजी आई है। शादी-विवाह का सीजन चल रहा है और खरीदारी जोरों पर है। लगातार चौथों दिन गिरावट के बाद सर्राफा बाजार में सोने की चमक फिर बढ़ी है। बुधवार को बाजार खुलने के साथ सोना 1280 रुपये प्रति ग्राम की बढ़ा है। आज चांदी के भाव में भी 3000 रुपये प्रति किलो उछाल आया है। सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोने की कीमत 1200 रुपये प्रति 10 ग्राम उछलकर 1,25,010 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। मंगलवार को इसका भाव 1,23,810 रुपये प्रति 10 ग्राम था। राजधानी लखनऊ में सोने के कीमत की करें तो आज वहां 24 कैरेट सोने की कीमत 1280 रुपये के तेजी के बाद 1,25,140 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। मेरठ में आज इसका भाव 1,25,150 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। सर्राफा बाजार में चांदी की कीमत में बुधवार को बड़ी तेजी आई। बाजार खुलने के साथ चांदी 3000 रुपये प्रति किलो बढ़ी है, जिसके बाद इसका भाव 1,65,000 रुपये प्रति किलो हो गया। मंगलवार को इसकी कीमत 1,62,000 रुपये प्रति किलो थी। वाराणसी सर्राफा एसोसिएशन के महामंत्री रवि सर्राफ ने बताया कि वेडिंग सीजन की शुरुआत हो गई है।

### फतेहपुर की नूरी जामा मस्जिद में नहीं होगी तोड़फोड़ः हाईकार्ट

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने फतेहपुर स्थित नूरी जामा मस्जिद के ध्वस्तीकरण को लेकर दायर याचिका का निपटारा कर दिया है। अदालत ने यह फैसला राज्य सरकार की ओर से दिए गए इस आश्वासन के बाद सुनाया कि मस्जिद के जिस हिस्से को सड़क चौड़ीकरण के लिए हटाया जाना आवश्यक था, उसे पहले ही ढहा दिया गया है और अब आगे कोई तोड़फोड़ नहीं की जाएगी। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि मस्जिद प्रबंधन द्वारा जमीन के सीमांकन से संबंधित आवे. दन पर कानून के मुताबिक कार्रवाई की जाएगी। इस मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति अतुल श्रीधरन और न्यायमूर्ति अनीश कुमार गुप्ता की द्वैतीय पीठ ने की। मस्जिद की ओर से दाखिल याचिका में कहा गया था कि राज्य सरकार मस्जिद को अवैध निर्माण बताकर हटाने की को. शिश कर रही है, जबकि मस्जिद का निर्माण वर्ष 1839 में हुआ था और यह ऐतिहासिक संरचना है।

# संघ पर पाबंदी लगाने की कोशिश करने वाले अपना खुद का नुकसान करेंगेः आलोक

**नई दिल्ली।** विश्व हिन्दू परिषद के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार ने गैर भाजपा सरकारों वाले राज्यों में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की गतिविधियों पर अंकुश लगाने की मांगों के प्रति आगाह करते हुए कहा है कि ऐसा करने वाले खुद अपना नुकसान करेंगे।

आलोक कुमार ने बातचीत में संघ को भारतीय संस्कृति और परम्परा से जुड़ा संगठन बताया है और कहा है कि संघ पर पहले भी कुछ सरकारों ने पाबंदी लगाने के कदम उठाए थे, या उसे दबाने की कोशिश की गई थी, लेकिन व्यापक जनभावनाओं के समक्ष उन्हें अपने कदम वापस लेने पड़े। संघ के पंजीकरण को लेकर उठाए जा रहे सवालों पर कुमार ने कहा कि संगठन का स्वरूप क्या हो, यह निर्णय उसका है। उसके वर्तमान स्वरूप से किसी कानून का उल्लंघन नहीं होता। उल्लेखनीय है कि कुमार एक विधिवेत्ता भी हैं। कर्नाटक में कथित तौर पर संघ की गति. विधियों को लक्षित कर सार्वजनिक सभा आदि को लेकर हाल में लगाए गए कुछ विवादास्पद प्रतिबंधों और उस पर मुख्यमंत्री सिद्दारमैया की सफाई से जुड़े मुद्दों पर विहिप नेता ने कहा कि संघ पर प्रतिबंध लगाना उसके कार्यों में रोक-टोक पैदा करना, उन्हीं लोगों के हित में नहीं है, जो ऐसा कर रहे हैं। कुमार ने कांग्रेस और कर्नाटक की सिद्दारमैया सरकार को नसीहत देने के अंदाज में कहा कि संघ पर जो भी प्रतिबंध लगाते हैं, या कोई रोक-टोक करते हैं, वे काल के प्रभाव में नष्ट हो जाते हैं, संघ को लेकर अगर कर्नाटक (सरकार) कोई ऐसा प्रयत्न करेगी, तो उसका परिणाम भी यही होगा।

उन्होंने कर्नाटक के मुद्दे को गंभीर बताया और कहा कि महात्मा गांधी की हत्या के बाद जवाहर लाल नेहरु सरकार ने संघ को प्रतिबंधित किया था, उस समय जनता के प्यार एवं संघ कार्यकर्ताओं के संकल्प ने पूरे देश में उसके खिलाफ एक विशाल आंदोलन खड़ा किया, जिसके कारण संघ पर लगे प्रतिबंध को हटाना पड़ा।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**संसद कोर्ट...** किया कि 2021 अधिनियम से पहले हुई नियुक्तियां एमबीए-4 और एमबीए-5 निर्णयों द्वारा शासित होंगी। उच्चतम न्यायालय ने इसके अलावा यह भी आदेश दिया कि आयकर अपीलीय न्यायाधिकरण (आईटीएटी) के सदस्य 62 वर्ष की आयु तक सेवा में बने रहेंगे तथा अध्यक्ष 65 वर्ष की आयु तक सेवा में रहेंगे। सीमा शुल्क, उत्पाद शुल्क और सेवा कर अपीलीय न्यायाधिकरण (सीईएसटीएटी) के सदस्यों और अध्यक्ष के लिए भी यही आयु मानदंड लागू होगा। पीठ ने इस बात पर जोर दिया कि 2021 अधिनियम के कुछ प्रावधान, जैसे कि चार साल का कार्यकाल, न्यूनतम आयु 50 वर्ष की आवश्यकता और खोज-सह-चयन समिति के कामकाज में बदलाव, स्थापित न्यायिक जनादेश के विपरीत हैं और इसलिए संवैधानिक रूप से अस्वीकार्य हैं।

**अल-फलाह....** लिए प्रेरित करने के लिए किया गया, जिससे अत्यधिक अपराध आय अर्जित हुई। 2014-15 से 2024-25 तक आयकर रिटर्न के वित्तीय विश्लेषण से पता चला कि शैक्षणिक राजस्व में भारी वृद्धि हुई है, जिन वर्षों में संस्थान को मान्यता प्राप्त नहीं हुए थे उन वर्षों के दौरान कुल 415.10 करोड़ रुपये को शैक्षणिक राजस्व घोषित किया गया था। ईडी ने रिमांड अर्जी में आरोप लगाया कि विश्व. विद्यालय का संचालन करने वाले अल-फलाह चैरिटेबल ट्रस्ट के नियंत्रक सिद्दीकी इस योजना में अहम भूमिका निभा रहे थे। एजेंसी ने मुख्य वित्तीय अधिकारी सहित अधिकारियों के बयानों का हवाला दिया, जिनमें कहा गया था कि सभी बड़े वित्तीय फैसलों को सिद्दीकी ने ही मंजूरी प्रदान की थी। ईडी की याचिका का विरोध करते हुए, सिद्दीकी के वकील ने तर्क दिया कि उनके मुवक्किल को झूठा फंसाया गया है। बचाव पक्ष ने दलील दी कि धनशोधन मामले का आधार बनने वाली दोनों प्राथमिकी झूठी और मनगढ़ंत थीं। उन्होंने कहा कि सिद्दीकी जांच में सहयोग करने के लिए तैयार हैं और 14 दिन की हिरासत अनावश्यक है। उन्होंने सुझाव दिया कि अगर हिरासत में लेना तो इसे सात दिनों तक सीमित करना चाहिए। दोनों पक्षों को सुनने और मामले के रिकॉर्ड की जांच करने के बाद, अदालत ने माना कि पीएमएलए के अंतर्गत गिरफ्तारी के लिए अनिवार्य कानूनी प्रक्रियाओं का पालन किया गया। न्यायाधीश ने अपराध की गंभीरता और जांच के प्रारंभिक चरण को देखते हुए ईडी की हिरासत में पूछताछ के अनुरोध को उचित माना। हालांकि, ईडी के 14 दिनों का अनुरोध किया था लेकिन अदालत ने 13 दिनों की ईडी हिरासत को मंजूरी प्रदान की और निर्देश दिया कि सिद्दीकी को एक दिसम्बर को अदालत में पेश किया जाए। सारी कार्यवाही तड़के ही पूरी हो गई, जिससे अधिकारियों द्वारा इस मामले में दिखाई गई तत्परता और महत्व का पता चलता है। अब जांच पूरी तरह से धन के लेन-देन का पता लगाने और सैकड़ों करोड़ रुपये की धोखाधड़ी वाली शैक्षिक गतिविधियों के पीछे की कथित साजशि को उजागर करने पर केंद्रित होगी, जिसे ईडी फर्जी शैक्षिक गतिविधियां बता रहा है।

# नए आविष्कारों का समाज पर सकारात्मक प्रभाव होना चाहिए : मुर्मू



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने प्रौद्योगिकी संस्थानों के छात्रों से कहा है कि उन्हें आविष्कार करते समय इस बात पर जरूर ध्यान देना चाहिए कि समाज पर इसका कितना सकारात्मक प्रभाव होगा और इसकी उपयोगिता क्या होगी।

श्रीमती मुर्मू ने बुधवार को यहां राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) दिल्ली के पांचवें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि एनआईटी बहु-विषई शिक्षा, नवोन्मेष, अनुसंधान, उद्यम क्षेत्रों के साथ सहयोग और कौशल- जनित शिक्षा को बढ़ावा देकर छात्रों को भविष्योन्मुखी आवश्यकताओं की दिशा में सक्षम बना रहा है। राष्ट्रपति ने विद्यार्थियों से हमेशा सीखते रहने, अनुसंधान जारी रखने और नवोत्पाद के उपाय तलाशने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि उनमें नई तकनीक विकसित करने का साहस होना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से यह याद रखने को कहा कि सच्ची प्रगति का पैमाना केवल आविष्कार नहीं, बल्कि समाज के लिए उसकी सकारात्मक उपयोगिता है। चाहे वे स्थाई ऊर्जा प्रणालियां विक. सित करें, सुलभ तकनीक निर्मित करें या ग्रामीण क्षेत्र और अत्यंत वंचित समुदायों के लिए जीवन उपयोगी समाधान विक. सित करें, उनके विचारों और कार्यों से सामाजिक असमानताओं में कमी आनी चाहिए और लोगों के जीवन में नई आशा का संचार होना चाहिए। श्रीमती मुर्मू ने कहा कि उद्यमशीलता और नवोन्मेष को बढ़ावा देने के लिए शुरू किए गए स्टार्ट-अप केंद्र से विद्यार्थियों तथा शिक्षकों को आवश्यक संसाधन, मार्गदर्शन और नेटवर्किंग के अवसर मिल रहे हैं। संस्थान में बनाए गए इनक्यूबेशन सेंटर का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि यह नए विचारों को व्यवहार्य व्यवसायों में परिवर्तित करने के लिए आवश्यक सुविधाएं और विशेषज्ञ मार्गदर्शन प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि इस तरह के प्रयास से छात्र सशक्त बनेंगे और स्वरोजगार की संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# एसडीएम के पैर पकड़कर रोया किसान, कहा लेखपाल मांगता है पैसे

## अधिकारियों से बोला किसान, नहीं मिला न्याय तो मेरा अगला पता होगा शमशान

- लेखपाल सुरेन्द्र कुमार किसान से मांग रहा है 10 हजार
- एसडीएम ने किसान की बात सुनकर कार्रवाई का दिया आश्वासन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** एसडीएम सदर कोर्ट के बाहर बुधवार को एक किसान ने लेखपाल की रिश्वत से तंग आकर फुट फुट कर रोया। इस दौरान वह एसडीएम डॉक्टर दीक्षा जोशी के पैरों में गिरकर अपनी पीड़ा सुनाता हुआ दिखाई दिया। किसान को पैरों में गिरता देख एसडीएम डॉ. दीक्षा जोशी ने उसे टेबल पर बिठाया और उसकी बात सुनकर उसके साथ न्याय करने की बात कही, और पीड़ित किसान को पानी पिला कर शांत किया।

थाना सरूरपुर क्षेत्र के गांव कालीना के रहने वाले किसान राजीव ने बताया कि उसका पैतृक जमीन विवाद सत्येंद्र सिंह से चल रहा है जमीन बंटवारे के मामले में तैनात लेखपाल सुरेंद्र कुमार ने 10 हजार रुपए रिश्वत मांगी थी। राजीव के पिता द्वारा 2020 में दायर किए गए मुकदमें में तत्कालीन ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने उनके पक्ष में फैसला दिया था, लेकिन विपक्षी पक्ष की अपील पर वह निर्णय निरस्त कर दिया गया। मामला अब एसडीएम सदर की कोर्ट में विचाराधीन है। मंगलवार को लेखपाल ने जमीन से संबंधित अपनी रिपोर्ट कोर्ट में पेश की, जिसे कोर्ट ने नियमानुसार माना। रिपोर्ट के खिलाफ किसान भड़क गया और कोर्ट परिसर में ही धरने पर बैठ गया। एसडीएम दीक्षा जोशी जब राजीव को समझाने पहुंचीं तो वह उनके पैर पकड़कर रो पड़ा। एसडीएम ने उसे पानी पिलाया और पूरा पक्ष सुना। इसके बावजूद किसान लगातार इस बात पर अड़ा रहा कि अगर उसे न्याय नहीं मिलेगा तो वह अपनी जान दे देगा। कुछ देर बाद एडीएम सिटी बृजेश सिंह और फिर एडीएम एफआर सूर्यकांत त्रिपाठी मौके पर पहुंचे और किसान को समझाया। अधिकारियों ने निष्पक्ष कार्रवाई और न्याय का भरोसा दिलाया है।



# विवाहिता की संदिग्ध मौत के मामले में पुलिस ने पति को भेजा जेल




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**माछरा।** किठौर थाना क्षेत्र के कायस्थ बड्ढ़ा गांव में एक विवाहिता की संदिग्ध मौत के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने मृतका के पिता की शिकायत पर सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

इस मामले में विवाहिता के पति को गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया गया। किठौर थाना प्रभारी प्रताप सिंह ने बताया कि 17 नवंबर को हापुड़ के थाना हाफिजपुर के बड़ौदा गांव निवासी अकबर पुत्र मुश्ताक ने थाने में तहरीर दी थी। उन्होंने अपनी बेटी के पति इकराम पुत्र खुर्शीद, ससुर खुर्शीद, सास भूरी, देवर रिजवान, ननद समरुन, ननदोई शाहरुख और गांव निवासी इरफान पुत्र हामिद पर दहेज के लिए गाली गलौज, मानसिक प्रताड़ना और मारपीट कर हत्या करने का आरोप लगाया था। पुलिस ने इस तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया। जांच के दौरान पुलिस ने मृतका के पति इकराम पुत्र खुर्शीद को कायस्थ बडढ़ा मोड़ से गिरफ्तार किया। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। थाना प्रभारी प्रताप सिंह ने पुष्टि की कि कुल सात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

## किसान दिवस में डीएम के न पंहुचने पर भड़के जिलाध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर डीएम की अध्यक्षता में आयोजित होने वाले किसान दिवस का आयोजन इस माह का डीएम की अनुपस्थिति में मुख्य विकास अधिकारी नूपुर गोयल की अध्यक्षता में हुआ। किसान दिवस सभी विभागों के अधिकारी समय से पहुंच गए थे किसानों की और से भाकियू जिलाध्यक्ष अनुराग चौधरी भी दर्जनों किसानों के साथ पहुंचे सबसे पहले किसान का समय पूर्व की भांति 12 बजे इसलिए करने की मांग उठाई जिससे किसान एवं किसान प्रतिनिधि अपने खेत में खेती संबंधित काम करके किसान दिवस में शामिल हो सके जिस पर मुख्य विकास अधिकारी ने समय 12 बजे से करना तय किया गया इसके उपरांत समितियों पर 4 प्रतिशत ब्याज अतिरिक्त लेने और सब्सिडी के रूप में खाते में भेजे जाने का आश्वाशन था परन्तु नहीं पहुंचे पर विवाद खड़ा कर दिया। सहायक निबंधक ने केंद्र सरकार का प्रकरण बताते हुए जल्द सब्सिडी दिलाने की बात कही है।

## कांग्रेसियों ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती मनाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न इंदिरा गांधी की जयंती के अवसर पर इंदिरा चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर कांग्रेसजनों द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की गई। महानगर अध्यक्ष रंजन शर्मा ने इंदिरा के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इंदिरा गांधी दृढ़ इच्छाशक्ति, साहस और राष्ट्रहित के लिए समर्पित नेतृत्व की प्रतीक थीं। उनके निर्णयों ने देश को एक नई दिशा और पहचान दी। उनकी दूरदर्शी नीतियां आज भी राष्ट्र निर्माण में मार्गदर्शक हैं। पूर्व जिलाध्यक्ष अवनीश काजला ने कहा कि इंदिरा जी का जीवन संघर्ष, सेवा और समर्पण की मिसाल है। उन्होंने देश की एकता और अखंडता के लिए जो कार्य किए, वे सदैव याद किए जाएंगे। प्रवक्ता हरिकिशन वर्मा ने कहा कि इंदिरा गांधी ने गरीबों, किसानों, महिलाओं और वंचित वर्गों के जीवन में सुधार लाने के लिए ऐतिहासिक कदम उठाए। गरीबी हटाओ का उनका नारा सिर्फ शब्द नहीं बल्कि जनता के बीच विश्वास का आधार था।

# बफावत गांव में प्रदूषित जल से हो रहा है कैंसर

- ग्रामीणों ने मंगलवार को क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण अधिकारी को सौंपा अवैध फैक्ट्री के खिलाफ शिकायत पत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीपुरम।** थाना दौराला क्षेत्र अंतर्गत बफावत गांव में प्रदूषित जल को लेकर गांव के निवासियों ने क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण अधिकारी से शिकायत दर्ज कराई है। गांव के लोगों को कहना है कि गांव में अवैध रूप से संचालित हो रही एक फैक्ट्री से निकला प्रदूषित जल गांव के बड़े तालाब में जा रहा है, जिससे पूरे गांव का जल प्रदूषित हो चुका है। इस प्रदूषित जल के कारण गांव में कैंसर जैसी भयंकर बीमारी पनप रही है जो अब तक दो लोगों को लील चुकी है। इसके अलावा कई लोग कैंसर जैसी भयंकर बीमारी से लड़ रहे हैं।

बफावत गांव के बाहरी हिस्से में शहद बनाने की अवैध फैक्ट्री संचालित हो रही है। फैक्ट्री का संचालन गांव के ही शैलेंद्र सिंह, पारखी सिंह और सुखदेव कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि फैक्ट्री के बाहर किसी प्रकार का बोर्ड या साइन नहीं लगा है। फैक्ट्री के अंदर पेस्टिसाइड के माध्यम से शहद तैयार किया जा रहा है, जिससे निकलने वाले जहरीले रसायन व पानी को पाइपों के माध्यम से गांव के तालाब में छोड़ा जा रहा है। इस प्रदूषित पानी के चलते गांव का पीने योग्य पानी भी प्रदूषित हो चुका है। धीरे-धीरे लोगों में कैंसर जैसी भयंकर बीमारी पनप रही है। इस बीमारी के चलते गांव के ही मास्टर नेपाल सिंह की दो हफ्ते पहले ही मृत्यु हुई है। इसके अलावा करण सिंह, रेखा देवी और अतेन्द्र सिंह इस भयंकर बीमारी से लड़ रहे हैं। मंगलवार को दर्जनों ग्रामीण क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण कार्यालय पहुंचे और प्रदूषण नियंत्रण अधिकारी को शिकायती पत्र सौंपकर कार्रवाई की मांग की है।





बफावत गांव के ग्रामीणों द्वारा शिकायत मिली है। फैक्ट्री की जांच कराकर नियम अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। **भुवन प्रकाश यादव**
**क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण अधिकारी**

# शोभित में उन्नत भारत अभियान के तहत स्वास्थ्य जागरुकता शिविर का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** उन्नत भारत अभियान (यूबीए) के अंतर्गत शोभित विश्व. विद्यालय, के स्कूल ऑफ बायो मेडिकल इंजीनियरिंग एंड हेल्थ साइंसेज द्वारा जलालपुर गांव में एक स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाना, निवारक देखभाल को प्रोत्साहित करना तथा समुदाय के समग्र स्वास्थ्य कल्याण को सुदृढ़ करना था।

शिविर में विश्वविद्यालय के प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों ने ग्रामीणजनों को व्यक्तिगत स्वच्छता, पोषण, जीवनशैली संबंधी रोग, तथा रोकथाम आधारित स्वास्थ्य देखभाल जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन दिया। इसके साथ ही टीम द्वारा रक्तचाप, नाड़ी दर, बॉडी मास इंडेक्स BMI जैसे मूलभूत स्वास्थ्य परीक्षण भी किए गए। शिविर में एक फिजियोथेरेपी परामर्श केंद्र भी स्थापित किया गया, जहां विद्यार्थियों ने संकाय सदस्यों के निर्देशन में ग्रामीणजनों को दर्द प्रबंधन, सही शारीरिक मुद्रा तथा जोड़ों की गतिशीलता से संबंधित सुझाव और अभ्यास बताए। इस अवसर पर डॉ. लोमस तोमर, निदेशक स्कूल ऑफ बायोमेडिकल इंजीनियरिंग एंड हेल्थ साइंसेज, ने कहा ग्रामीण समुदायों तक स्वास्थ्य जागरूकता पहुंचाना हमारी शैक्षणिक और सामाजिक जिम्मेदारी है। ऐसे कार्यक्रम न केवल समाज को लाभ देते हैं, बल्कि हमारे विद्यार्थियों को वास्तविक परिस्थितियों में सीखने और सेवा करने का अवसर भी प्रदान करते हैं। यह पहल जहां ग्रामीण समुदाय को आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं और जागरूकता प्रदान करती है, वहीं विद्यार्थियों को रूरल हेल्थकेयर, सामुदायिक स्वास्थ्य आवश्यकताओं और मैदानी अनुभव से रूबरू कराने का मूल्यवान अवसर भी देती है। इस अवसर पर प्रो डॉ. संदीप कुमार, डॉ. मनोज शर्मा, डॉ. स्वीटी पाल, दीपिका शर्मा एवं छात्र मुख्य रूप से उपस्थित रहे।



## अनियंत्रित होकर पलटी स्कूल की बस, आधा दर्जन बच्चे घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**माछरा।** किठौर थाना क्षेत्र में बुधवार की सुबह बच्चों को लेकर जा रही बस अनियंत्रित होकर पलट गई। बस पलटते ही बच्चों में चीख पुकार मच गई। राहगीरों ने बच्चों को बस से बाहर निकाला। घटना में आधा दर्जन बच्चे मामूली रूप से चोटिल हो गए। वहीं पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली और बस को सीधा कराया। मिली जानकारी के मुताबिक थाना किठौर क्षेत्र के सायफन चौकी क्षेत्र के गांवों से आसिफाबाद स्थित पंडित आरपीएस स्कूल की बस बच्चों को लेकर जा रही थी। सिलोर नहर पुल के पास पहुंचते ही बस अनियंत्रित होकर पलट गई। बस पलटते ही बच्चों में चीख पुकार मच गई। वहीं हादसे में सारंगपुर निवासी मुस्करा पुत्री इरफान समेत आधा दर्जन बच्चे मामूली रूप से चोटिल हो गए। सायफन चौकी प्रभारी वीरेंद्र सिंह ने बताया कि स्कूल की एक बस पलटी है। जिसमें 20 से 25 बच्चे सवार थे। आधा दर्जन बच्चे मामूली रूप से चोटिल है।

# भाजपा नेताओं ने निकाली पदयात्रा

## लावड़ में मोहन सैनी के प्रतिष्ठान पर यात्रा का हुआ भव्य स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** बुधवार को पूर्व विधायक संगीत सोम, पूर्व एमएलसी हरपाल सैनी, केंद्रीय मंत्री जसवंत सैनी व दौराला ब्लॉक प्रमुख पति ऋषिपाल भंडारी ने सरदार पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर पदयात्रा निकाली। यात्रा में भाजपा के वरिष्ठ नेता और काफी संख्या में कार्यकर्ताओं ने शिरकत की। यात्रा का शुभारंभ दौराला से किया गया और लावड़ में भाजपा नेता मोहन सैनी के प्रतिष्ठान पर समापन किया गया। पदयात्रा के दौरान दौराला से लावड़ तक भाजपा नेताओं की सैकड़ों गाड़ियों का काफिला पीछे-पीछे चल रहा था, वहीं पूरे मार्ग पर जगह-जगह भाजपा के झंडे लगे हुए दिखाई दिए इस दौरान जगह जगह नेताओं का फूल माला पहनाकर स्वागत भी किया गया।

यात्रा के कस्बे में पहुंचने पर भाजपा नेता मोहन सैनी ने यात्रा में शामिल सभी नेताओं का फूल माला पहनाकर व पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया। सभी नेताओं ने मोहन सैनी के प्रतिष्ठान पर काफी देर तक विश्राम किया। इस दौरान पूर्व विधायक संगीत सोम ने कहा कि लावड़ की जनता का प्रेम और भारी समर्थन ही संगठन की सबसे बड़ी ताकत है और जनता की यही ताकत 2027 में फिर से भाजपा की पूर्ण बहुमत से सरकार बनवाएगी। वहीं मोहन सैनी ने कहा कि वरिष्ठ नेताओं का आगमन हमारे कस्बे के लिए गौरव की बात है। कार्यक्रम के दौरान ऋषिपाल भंडारी, संजय गुप्ता, मोहन सैनी, सरवर सैनी, प्रमोद सैनी, हरपाल सैनी, ऋतिक सैनी, फारुख चौधरी, हाजी रईस कुरैशी, अकबर, संजय सैनी, रामानंद विल्टोरिया, भूसी ग्रोवर, फैजान मलिक, चमन लाल, सभासद यादराम जाटव, वसीम टेलर, शहजाद सिद्दीकी, सूरज जाटव, रोहित जाटव, रतन जाटव, अर्जुन, जय सिंह सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## बूथ नंबर 363, 364 और 365 में एसआईआर गणना पत्र भरवाएं: मुदब्बिर अली



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** उत्तर प्रदेश में चार नवंबर से चलाएं जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर को लेकर युवा कांग्रेस मोर्चा के प्रदेश महासचिव मुदब्बिर अली ने मतदाताओं को एसआईआर फार्म भरने से सम्बंधित जानकारी दी और बूथ नंबर 363, 364, 365 पर सभी संबंधित मतदाताओं के फार्म भरने का काम किया। बीएलओ को सही वोट बनाने आदि देखरेख के लिए कांग्रेस पार्टी ने प्रत्येक बूथ पर बीएलए बीएलए की नियुक्ति की है। जिसमें बूथ नंबर 363 ओसामा नवाब, बूथ नं 364 मुदब्बिर अली बूथ नं 365 अब्दुल सलाम को नियुक्ति मिली।

# सपा के राष्ट्रीय सचिव अंकित शर्मा ने अखिलेश यादव से की मुलाकात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से प्रदेश महासचिव अंकित शर्मा ने दिल्ली स्थित उनके आवास पर शिष्टाचार मुलाकात की और राजनीतिक चर्चा की जिसमें अखिलेश यादव ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया वहीं अंकित शर्मा ने अखिलेश यादव का आभार व्यक्त किया। अखिलेश यादव ने अंकित शर्मा को पार्टी को मजबूत और पीडीए पंचायत गांव-गांव जाकर पूर्व सरकार में हुए विकास कार्य के बारे में बताए जाने की बात कही। वहीं उनके साथ जिला उपाध्यक्ष प्रवीन शर्मा भी मौजूद रहे। साथ ही साथ ही दौरान उत्तर प्रदेश में चल रही एसआईआर की प्रक्रिया को लेकर भी अखिलेश यादव ने कहा कि लोगों को जागरूक करें और सभी के फार्म भरवाने के लिए समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं को भी गली-गली लगाएं। इस दौरान 2027 को लेकर शर्मा से पश्चिम उत्तर प्रदेश के आंकड़ों पर चर्चा की एसआईआर का कार्य सही रूप से करने को लेकर अखिलेश यादव का जोड़ रहा।



# निजीकरण, इलेक्ट्रिसिटी (अमेंडमेंट) बिल 2025 और प्रीपेड मीटर के विरोध में 26 को होगा प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** प्रदेश में बिजली निजीकरण में प्रीपेड मीटर के खिलाफ 26 नवम्बर को किसानों का सभी जनपदों में विरोध प्रदर्शन होगा। विरोध प्रदर्शन में बिजली कर्मी भी सम्मिलित होंगे। निजीकरण के विरोध में किसानों और उपभोक्ताओं को साथ लेकर बड़े आंदोलन की तैयारी की गई है। नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज एंड इंजीनियर्स तथा संयुक्त किसान मोर्चा के राष्ट्रीय नेताओं के बीच बनी सहमति के बाद किसानों ने 26 नवम्बर को सारे देश में बिजली के निजीकरण, इलेक्ट्रिसिटी (अमेंडमेंट) बिल 2025 और प्रीपेड मीटर लगाए जाने के विरोध में व्यापक विरोध प्रदर्शन करने का ऐलान किया है। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संगठन समिति, उत्तर प्रदेश के संयोजक शैलेन्द्र दुबे ने बताया राष्ट्रीय स्तर पर बिजली कर्मचारियों के फेडरेशन तथा संयुक्त किसान मोर्चा के नेताओं के बीच में बनी सहमति के बाद निजीकरण के विरोध में मिलकर व्यापक राष्ट्रव्यापी आंदोलन चलाने का निर्णय लिया गया है। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश के केंद्रीय पदा. धिकारियों ने बताया कि 09 दिसंबर 2021 को केंद्र सरकार और संयुक्त किसान मोर्चा के बीच बनी सहमति के बाद केंद्र सरकार ने संयुक्त किसान मोर्चा को लिखित दिया था कि किसानों, उपभोक्ताओं और स्टेकहोल्डर्स को विश्वास में लिए बिना इलेक्ट्रिसिटी (अमेंडमेंट) बिल नहीं लाया जाएगा। इस वायदे का उल्लंघन करते हुए उप्र में बिजली का निजीकरण किया जा रहा है और केन्द्र सरकार एक बार पुनः इलेक्ट्रिसिटी (अमेंडमेंट) बिल 2025 लेकर आ गई है।

संघर्ष समिति ने कहा कि अत्यंत दुर्भाग्य का विषय है कि उत्तर प्रदेश सरकार पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के अंतर्गत आने वाले 42 जनपदों का निजीकरण करने पर आमादा है जहां प्रदेश की सबसे गरीब जनता रहती है। उन्होंने कहा कि बिजली कर्मी किसानों और आम उपभोक्ताओं के साथ मिलकर निजीकरण का निर्णय रद्द कराने हेतु कृतसंकल्प हैं। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश के केंद्रीय पदाधिकारियों ने बताया कि संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले उत्तर प्रदेश के सभी जनपद में 26 नवंबर को व्यापक विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। विरोध प्रदर्शन की मुख्य मांग है पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण का निर्णय निरस्त किया जाय, इलेक्ट्रिसिटी द्धअमेंडमेंटऋ बिल 2025 वापस लिया जाय तथा किसानों और उपभोक्ताओं के घरों पर जबरदस्ती प्रीपेड स्मार्ट मीटर न लगाया जाये। उन्होंने बताया कि राजधानी लखनऊ में संयुक्त किसान मोर्चा का विरोध प्रदर्शन 26 नवंबर को प्रातः 11 बजे परिवर्तन चौक पर होगा। इसमें बिजली कर्मी भी सम्मिलित होंगे। संघर्ष समिति के आह्वान पर निजीकरण के विरोध में लगातार चल रहे आंदोलन के 357वें दिन आज बिजली कर्मियों ने प्रदेश के समस्त जनपदों में व्यापक विरोध प्रदर्शन जारी रखा।

## परीक्षितगढ़ लूट के मामले में पुलिस को नहीं मिली सफलता

**परीक्षितगढ़।** मंगलवार को नगर के डिग्री कॉलेज के पास बालाजी आटा चक्की के मालिक लखमीचंद के नौकर शेरदीन से अज्ञात बदमाशो ने उसकी स्कूटी लूट ली थी जिसमें डेढ़ लाख रूपये भी रखे हुए थे। सूचना पर एसपी देहात अभिजीत सिंह सीओ सदर देहात शिवप्रताप सिंह भी मौके पर पहुंचे थे वहीं थाना पुलिस को शीघ्र घटना का खुलासा करने का निर्देश दिये थे। वहीं बुधवार सुबह एसएसपी डॉ. विपिन ताडा ने कस्बा इंचार्ज राजकुमार सिंह को तलब कर घटना की विस्तार से जानकारी लेते हुए शीघ्र ही घटना को खोलने का निर्देश दिये थे। इस मामले में पुलिस की दो टीम गठित कर बदमाशो की तलाश में लग गई है। थाना अध्यक्ष सुदीश सिंह ने बताया कि पुलिस टीम नगर व आसपास के गांवो में लगे सीसीटीवी कैमरो से बदमाशो का पता लगाने में लगी हुई है। जल्द ही घटना का खुलासा किया जायेगा।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र कार्तिक व उसकी पत्नी पल्लवी को उनके मेरे साथ गलत व्यवहार के कारण अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं और उनसे अपना सम्बन्ध विच्छेद करती हूं। उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य व लेन-देन के लिए मैं या मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं है और ना ही भविष्य में होगा।
-शिल्पी यादव पत्नी श्याम कुमार निवासी 364, तीर्थ कुंज कॉलोनी, नंगलाताशी, कंकरखेड़ा, मेरठ।

# त्रिस्तरीय पंचायतों की निर्वाचक नामावली के वृहद पुनरीक्षण हेतु जारी की गई सार्वजनिक सूचना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी (पं.) डॉ. वी. के. सिंह ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग लखनऊ की अधिसूचना के क्रम में जनपद मेरठ से पूर्व में निर्गत सार्वजनिक सूचना (संशोधन) 13 अक्टूबर 2025 को संशोधित करते हुए त्रिस्तरीय पंचायतों की निर्वाचक नामावली का निम्नांकित समय सारिणी के अनुसार वृहद पुनरीक्षण किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि किसी ग्राम पंचायत के आंशिक भाग के किसी अन्य ग्राम पंचायत अथवा नगरीय निकाय में अनाहित होने की स्थिति में विलोपन एवं मतदाता सूची के प्रिन्ट करने की कार्यवाही, बीएलओ एवं पर्यवेक्षकों को उनके कार्यक्षेत्र का आवंटन उन्हें तत्संबंधी जानक. ारी देना प्रशिक्षण तथा स्टेशनरी आदि का वितरण उपर्युक्त दोनों कार्यवाही पृथक-पृथक तथा समानान्तर चलेगी 18 जुलाई 2025 से 18 अगस्त 2025 तक, बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर गणना और सर्वेक्षण एवं हस्तलिखित पाण्डुलिपि तैयार करने की अवधि (01 जनवरी, 2025 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले सभी अर्ह व्यक्तियों के नाम सम्मिलित किये जाएंगे) दिनांक 19 अगस्त 2025 से 29 अगस्त 2025 तक, ऑनलाइन आवेदन करने की अवधि दिनांक 19 अगस्त 2025 से 22 सितम्बर 2025 तक, ऑनलाइन प्राप्त आवे. दन पत्रों की घर-घर जाकर जांच करने की अवधि दिनांक 23 सितंबर 2025 से 29 सितम्बर 2025 तक, निर्वाचक गणना पत्रक के आधार पर परिवर्धन, संशोधन एवं विलोपन की तैयार हस्तलिखित पाण्डुलिपि सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय में जमा करने की अवधि दिनांक 30 सितम्बर 2025 से 13 अक्टूबर 2025 तक, ड्राफ्ट नामावलियों की कम्प्यूटरीकरण पाण्डुलिपि तैयार करना (निर्वाचक नामावलियों के कम्प्यूटीकरण की कार्यवाही) दिनांक 14 अक्टूबर 2025 से 10 दिसम्बर 2025 तक, निर्वाचक नामावलियों के कम्प्यूटीकरण के उपरान्त मतदान केन्द्र स्थलो के वार्डों की मैपिंग, मतदाता सूची की डाउनलोडिंग, फोटोप्रतियां कराने आदि दिनांक 11 दिसम्बर 2025 से 22 दिसम्बर 2025 तक, अनन्तिम मतदाता सूची के आलेख का प्रकाशन दिनांक 23 दिसम्बर 2025, आलेख्य के रूप में प्रकाशित अन्तिम मतदाता सूची का निरीक्षण दिनांक 24 दिसम्बर 2025 से 30 दिसम्बर 2025 तक, दावे एवं आपत्तियां प्राप्त करना (01 जनवरी, 2026 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले सभी निर्वाचकों के भी स्वीकार किए जाएंगे) दिनांक 24 दिसम्बर 2025 से 30 दिसम्बर 2025 तक, दावे एवं आपत्तियों का निस्तारण दिनांक 31 दिसम्बर 2025 से 06 जनवरी 2026 तक, दावे एवं आपत्तियों के निस्तारण के उपरान्त हस्तलिखित पाण्डुलिपियां तैयार करना, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के कार्यालय में जमा करने की अवधि दिनांक 07 जनवरी 2026 से 12 जनवरी 2026 तक, दावे एवं आपत्तियों के निस्तारण के उपरान्त पूरक सूचियों की कम्प्यूटीकरण की तैयारी तथा उन्हें मूल सूची में यथा स्थल समाहित करने की कार्यवाही दिनांक 13 जनवरी 2026 से 29 जनवरी 2026 तक, पूरक सूचियों के कम्प्यूटरीकरण के उपरान्त मतदान केन्द्र/स्थलों का क्रमांकान, मतदाता क्रमांकन, मतदेय स्थलों के वार्डो की मैपिंग, मतदाता सूची की डाउनलोडिंग, फोटो प्रतियां कराने आदि दिनांक 30 जनवरी 2026 से 05 फरवरी 2026 तक तथा निर्वाचक नामावलियों का जनसामान्य के लिये अंतिम प्रकाशन दिनांक 06 फरवरी 2026 तक।

उन्होंने बताया कि निर्वाचक नामावली के वृहद पुनरीक्षण के दौरान पड़ने वाले सार्वजनिक अवकाश दिवसों में सम्बन्धित कार्यालय खुले रहेंगे तथा निर्धारित समय सारिणी के अनुसार निर्वाचक नामावली के वृहद पुनरीक्षण का कार्य पूर्ण कराया जाएगा। किसी भी परिस्थिति में समय सीमा नहीं बढायी जायेगी।

## दौराला में एकता यात्रा कार्यक्रम आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के 150वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य पर जिला मेरठ विधानसभा सरधना में आयोजित एकता यात्रा Run For Unity कार्यक्रम में दौराला स्थित चौराहा पर देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह जी के मूर्ति पर माल्यार्पण कर प्रतिभाग किया। यात्रा में उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री जसवंत सिंह सैनी, पूर्व विधायक सरधना संगीत सिंह सोम, जिला अध्यक्ष शिवकुमार राणा, जिला पंचायत अध्यक्ष गौरव चौधरी, पूर्व विधायक हरपाल सैनी, जिला महामंत्री समीर चौहान, जिला उपाध्यक्ष आशीष प्रताप, कोऑपरेटिव सहकारी डायरेक्टर हरेंद्र चौधरी, दौराला मंडल अध्यक्ष मनिंदर विहान भराला, चेयरमैन दौराला देवेंद्र सिंह, गन्ना समिति चेयरमैन भूपेंद्र अहलावत, जिला उपाध्यक्ष ओम प्रकाश पाल, लावड़ मंडल अध्यक्ष धीर सिंह सैनी, नवीन शर्मा, नितिन शर्मा, कल्लू चेयरमैन, पूर्व जिला पंचायत सदस्य ललित चौहान, जिला पंचायत सदस्य अंकित मोतला, डॉ. विजय शर्मा, बबलू प्रधान, मोनू सरसावा, अमित गुप्ता, संजय नामदेव, डॉ. धनेश, मनोज शर्मा, ललित चौहान मटौर, प्रद्युम्न जैन, बब्बर चौहान, एवं सम्मानित ग्रामीण वासी और विधानसभा क्षेत्र के सम्मानित पदाधिकारी व कार्यकर्ता का उपस्थित रहे।

# रानी लक्ष्मीबाई के जीवन से प्रेरणा लें

### जीएमएस कालेज में हुआ कार्यक्रम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रजबपुर।** जीएमएस कॉलिज ऑफ फार्मेसी, शकरपुर में इतिहास की प्रसिद्ध, तथा स्वतंत्रता संग्राम की महान वीरांगना रानी लक्ष्मी बाई की जयंती के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। रानी लक्ष्मीबाई का जन्म 19 नवम्बर 1828 को वाराणसी में हुआ था। रानी लक्ष्मी बाई को बच्चियों और महिलाओं के लिए साहस, आत्मसम्मान और स्वतंत्रता का प्रतीक माना जाता है। कार्यक्रम की शुरूआत रानी लक्ष्मी बाई के चित्र पर माल्यापर्ण और दीप प्रज्जवलन के साथ हुई। चेयरमैन शाहनवाज अली ने छात्राओं को रानी लक्ष्मी बाई के जीवन पर प्रकाश डालते हुए भारत की एक महान योद्धा बताया और कहा कि रानी लक्ष्मीबाई का जीवन निडरता और आत्मसम्मान की प्रेरणा देता है। और किस प्रकार अपने जीवन में कठिनाईयों का सामना करने के बाद भी उन्होनें 1857 के स्वतंत्रता संग्राम में अंग्रेजों का सामना किया था। और अंग्रेजो को चेतावनी दी कि मैं अपनी झांसी नहीं दूंगी'' निदेशक डॉक्ट हरीश कुमार ने कहा कि रानी लक्ष्मी बाई का बचपन का नाम मणिकर्णिका था उनकी माँ का निधन छोटी उम्र में होने के बाद उनके पिता ने उन्हे घुड़सवारी, तलवारबाजी, निशोनबाजी, आत्मरक्षा आदि जैसे विधाएँ सिखाई। इसी कारण युद्ध के समय उनकी रणनीति नेतृत्व और देशभक्ति अतुलनीय थी। इस अवसर पर फार्मेसी प्राचार्य संतोष चौघरी सहित स्टाफ सदस्य मनस्वी, राखी, हिमांशी तथा अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# मस्जिदों के लाउडस्पीकर की आवाज धीमी करें

### कोतवाली में इमाम व मुतावल्लियों की बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** मस्जिदों के इमामों एवं मुतवल्लियों की बैठक का आयोजन कोतवाली परिसर में किया गया।

बुधवार को कोतवाली परिसर में हसनपुर शहर की मस्जिदों के इमामों एवं मुतवल्लियों की बैठक ली गई। मस्जिदों के इमामों को निर्देशित करते हुए कहा गया कि लाउडस्पीकरों को उतार लिया जाये। सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का पालन किया जाये। ध्वनि प्रदूषण रोकने के लिए डेसिबल का पालन करना होगा। बैठक के बाद कारी शरीफ अहमद ने बताया एक ही समुदाय के धार्मिक गुरुओं को बुलाया गया है। जबके सभी धर्म के धर्म गुरुओं को बैठक में बुलाना चाहिये था। इस अवसर पर मुफ्ती मेहराज, मुफ्ती शुऐब, हाफिज आसिफ, मुफ्ती नासिर, मुफ्ती अब्दुल कादिर, मकसूद खाँ उर्फ ईदवा खाँ, कारी शरीफ, हाफिज हुसैन मियां, हाफिज अकरम, मुफ्ती महबूब, कारी ताहिर, मौलाना शाने आलम मौजूद थे।

# वाहन चालकों को पढ़ाया यातायात का पाठ

### यातायात माह के तहत पुलिस ने चलाया अभियान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** यातायात माह-नवम्बर 2025 के तहत बुधवार को रोडवेज बस स्टैंड पर नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कि या गया। जिसमें स्कूली वाहनों के अलावा टैम्पों, टैक्सी चालकों व ई-रिक्शा संचालकों तथा अन्य सार्वजनिक परिवहन च ालकों का स्वास्थ्य परीक्षण करने के साथ-साथ उनके नेत्रों का भी परीक्षण किया गया। यातायात पुलिस द्वारा आयोजित इस स्वास्थ्य शिविर का शुभारंम एसपी अमित कुमार आनंद ने फीता काटकर किया। उ न्होंने वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने के प्रेरित किया। कहा कि सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों का पालन व्यक्तिगत सुरक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने हेलमेट, सीट बेल्ट, निर्धारित गति सीमा और ट्रैफिक संकेतों का पालन करने को हर नागरिक की जिम्मेदारी बताया। एसपी ने जोर दिया कि जागरूक और अनुशासित यात्री ही दुर्घटनाओं को रोव ने में अहम भूमिका निभाते हैं। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों ने 150 से अधिक वाहन चालकों का स्वास्थ्य एवं नि:शुल्क नेत्र परीक्षण किया। इस दौरान एआरटीओ महेश चंद्र शर्मा, एआरएम रोडवेज दिनेश कुमार गौड़, सड़क सुरक्षा समिति सदस्य अनील कुमार जग्गा, प्रभारी यातायात अनुज मलिक आदि पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# प्राकृतिक खेती समय की जरूरत: तरारा




**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** कृषि विज्ञान केंद्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा तमिलनाडु के कोयंबटूर से 'किसान सम्मान निधि 'की 21वीं किस्त जारी करने का सीधा प्रसारण दिखाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक राजीव तरारा ने

**■ कृषि विज्ञान केन्द्र पर देखा प्रधानमंत्री का कार्यक्रम**

कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार किसानों को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर कार्यशील है।

बुधवार को कृषि केन्द्र पर आयोजित कार्यक्रम में विधायक ने किसानों से आह्वान किया कि, किसान अधिकाधिक क्षेत्रफल में प्राकृतिक खेती करें, आने वाले समय में समय की मांग है तथा आगे आने वाली जो पीढ़ी है, उनके सुखद भविष्य के लिए भी आवश्यक है। रासायनिक दवाओं तथा उर्वरकों के अत्यधिक प्रयोग करने के कारण जहर युक्त उत्पादन हो रहा है, इससे बचने के लिए यह आवश्यक है कि प्राकृतिक खेती की जाए। कृषि विज्ञान केंद्र के प्रभारी अधिकारी डॉ. एके मिश्र ने भी केन्द्र द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी। इस मौके पर उपनिदेशक कृषि डॉ.रामप्रवेश वर्मा, वैज्ञानिक डॉ.शीशपाल सिंह, डॉ. अमित तोमर, डॉ.सतपाल सिंह एवं डॉ. प्राची पटेल आदि समेत अनेकों किसान मौजूद रहे।

## महामंडलेश्वर को घर में किया नजरबंद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** बुधवार को संभल के हरिहर मंदिर परिक्रमा यात्रा होने की भनक लगते ही कोतवाली पुलिस ने मंगलवार की रात को ही त्रिमूर्ति शेषनाग ग्राम मनौटा के महामंडलेश्वर स्वामी हर मनोज दास को उनके आवास पर नजर बंद कर दि या। बुधवार को सुबह 9:00 बजे मनौटा मछरई से शुरू होने वाली परिक्रमा यात्रा का नेतृत्व स्वामी हर मनोज दास करने वाले थे। पुलिस इसे सुरक्षा कारणों से उठाया गया कदम बता रही है। महामंडलेश्वर स्वामी हर मनोज दास ने बताया कि वह सनातन पदयात्रा के लिए जनपद से साधु समाज और भक्तों को एकत्र कर रहे थे। घर में नजर बंद कर दिया और मां केला देवी धाम जाने की अनुमति नहीं दी।

# गंभीर धाराओं में वांछितों को दिलायें सजा

### एडीएम व एएसपी ने अभियोजन कार्यो की समीक्षा की

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** एडीएम गरिमा सिंह की अध्यक्षता व एएसपी अखिलेश भदौरिया की मौजूदगी में बुधवार को कलक्ट्रेट सभागार में अभियोजन कार्य एवं कानून व्यवस्था के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। एडीएम ने कोर्टवार कितने को सजा दी गई, कितने को दोष मुक्त किया गया, कितने साक्षी आये, कितनी अपील की गई, कितने को रिहा किया गया, पोक्सो समेत अन्य कार्यों की जानकारी ली। दोष मुक्त ज्यादा होने पर और दोषी कम पाए जाने पर नारा. जगी जताई। कहा कि गंभीर धाराओं में वांछित अपराधियों को कतई बख्शा न जाए, कड़ी सजा दिलाई जाए। कहा कि महिलाओं और ब च्चों से संबंधित अपराधों को गंभीरता से लें व ज्यादा से ज्यादा दोष सिद्ध कर सजा दिलाएं। सभी शासकीय अभियोजन अधिक स्यों व अधिवक्ताओं को निर्देश दिया कि गवाहों की शत-प्रतिशत परिक्षित कराई जाए। उन्होंने कहा कि महिला संबंधी अपराधों पर शासन की मंशानुरूप प्रभावी कार्रवाई अमल में लाई जाए। इस ओर कोई लापरवाही न हो। बैठक में सीओ सिटी, सीओ धनौरा, जेडी अभियोजन व शासकीय अधिवक्ता सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# चित्रकला में छात्रा सृष्टि ने पाया पहला स्थान




**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** ज्ञान भारती इंटर कॉलेज गजरौला श्री वेंकटेश्वर विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित प्रतियोगिताओं के अंतर्गत चित्रकला में रमाबाई डिग्री कॉलेज की छात्रा सृष्टि ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

बुधवार को आयोजित

**■ वाद-विवाद में आराध्य कृष्ण रहे अव्वल**

प्रतियोगिता में शिव इंटर कॉलेज की छात्रा ऋतु ने द्वितीय व शिव इंटर कॉलेज की सौम्या ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सामान्य ज्ञान में शिव इंटर के सत्येंद्र, लवी, पिंकी ने प्रथम स्थान, ज्ञान भारती कॉलेज प्रीति, टीना, सिमरन कौर ने द्वितीय व शिव इंटर कॉलेज के गुरविंदर, अंकित, शिफा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वाद-विवाद में ज्ञान भारती इंटर कॉलेज के आराध्य कृष्ण ने प्रथम, रमाबाई कॉलेज की गौरांशी ने द्वितीय व शिव इंटर की मंतशा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य पीजी गोस्वामी, वेंकटेश्वर विश्वविद्यालय से डॉ. नीतू पवार, प्रो.दर्पण कौशिक, प्रो. एसके श्रीवास्तव, तरुण कंबोज, डॉ.विकास पाण्डेय, डॉ.अमित कुमार, प्रभाष कुमार, इन्द्र सिंह, पूजा देवी, कविता शर्मा, प्रतिभा

# जमीनी विवाद में मां को बेरहमी से पीटा

### पुत्र व पुत्रवधु के खिलाफ रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** थाना क्षेत्र की एक महिला द्वारा जमीन विवाद को लेकर अपने दो बेटों और बहू पर गंभीर आरोप लगाते हुए थाने में प्रार्थना पत्र देने के बाद पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की है। इकोंदा गांव निवासी पीड़ित महिला सतवीरी देवी पत्नी खूब सिंह ने आरोप लगाया कि उनके पति के नाम 60 बीघा जमीन थीद्य जिसमें से 1/3 हिस्सा बड़े बेटे नवनीत और 1/3 हिस्सा छोटे बेटे अवनीत को दिया गया था। शेष 1/3 जमीन पर वह स्वयं खेती कर रही थीं। उनका कहना है कि दोनों बेटों ने उनके हिस्से की जमीन पर अवैध कब्जा कर लिया है।महिला के अनुसार, गन्ने की फसल को पानी देने के लिए उन्होंने एक व्यक्ति को ट्यूबवेल की चाबी लाने भेजा था। इसी बात पर अवनीत और उसकी पत्नी चुनमुन ने लाठी-डंडों से उन पर हमला कर दिया।24 अप्रैल 2025 को दोनों बेटों ने उनके साथ मारपीट की थी, जिसकी रिपोर्ट दर्ज कराई गई थीद्यसतवीरी देवी ने बताया कि 6 सितंबर 2025 को पुलिस ने उनका मेडिकल परीक्षण और एक्स-रे कराए थे। इसके बावजूद आरोपी बेटे लगातार गाली-गलौज कर रहे हैं और उन्हें जान से मारने की धमकियां दे रहे हैं।पीड़िता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने पुत्र और पुत्रवधू के विरुद्ध संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# पिंक शौचालय की कर्मियों को किया सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** नगर पालिका परिषद गजरौला एवं आईटीसी मिशन सुनहरा कल के संयुक्त तत्वाधान में बुधवार को

**■ नगर स्वच्छता प्रेरक ने की कार्य की सराहना**

'विश्व शौचालय दिवस' के अवसर पर आयोजित सम्मान कार्यक्रम में पिंक शौचालय में कार्यरत महिला कर्मचारी रीना व सावित्री को नगर स्वच्छता प्रेरक हरपाल सिंह ने सम्मानित किया। कहा कि स्वच्छता केवल एक दिन की नहीं, बल्कि निरंतर निभाई जाने वाली जिम्मेदारी है। नागरिकों से आह्वान किया कि वे सार्वजनिक एवं निजी शौचालयों को स्वच्छ रखने में सहयोग दें। इस अवसर पर डॉ. राजीव शुक्ला, लिपिक अजय कुमार, अजय सागर, सफाई नायक जयचंद, आईटीसी मिशन सुनहरा कल से शाहबाज, रवि सैनी, दीपक मौजूद रहे।

## इंदिरा गांधी की जयंती पर लिया देशसेवा का संकल्प



**शाह टाइम्स संवाददाता अमरोहा।** भारत की पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी की 108वीं जयंती के अवसर पर हाशमी गर्ल्स डिग्री कॉलेज में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर कॉलेज की प्राचार्या, शिक्षकों एवं छात्राओं ने उनके अद्वितीय नेतृत्व, दृढ़ निश्चय, साहस तथा भारत के विकास में उनके योगदान को याद किया। कार्यक्रम में छात्राओं को इंदिरा गांधी के राजनीतिक जीवन, उनके ऐतिहासिक निर्णयों, महिला सशक्तिकरण और राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। वक्ताओं ने कहा कि इंदिरा गांधी का जीवन युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत है और उनकी कार्यशैली से सीख लेकर छात्राओं को आत्मनिर्भर एवं मजबूत व्यक्तित्व विकसित करने की प्रेरणा लेनी चाहिए। इस अवसर पर कॉलेज का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# एक वोट से चुनाव जीत दीपक बने अध्यक्ष

### लेखपाल संघ का चुनाव सम्पन्न, दिनेश बने सचिव



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के चुनाव में दीपक चौधरी ने अपने मुकाबले में खड़े प्रत्याशी को एक वोट से शिकस्त दे दी। बुधवार को तहसील भवन में उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ का चुनाव संपन्न हो गया। दीपक चौधरी ने पंकज चाहल को एक वोट से हरा दिया। मेहर सिंह राणा ने हेमंत कुमार को चार वोटों से हराकर उपाध्यक्ष पद को कब्जा लिया।कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर पवन कुमार ने लोक. ेश कुमार को एक वोट से शिकस्त दे दी। सचिव पद के लिए दिनेश सिंह ने मनोज कुमार को एक वोट से हरा दिया। उप सचिव के लिए श्रीमती शैली ने जितेंद्र यादव को तीन वोटो से शिकस्त दे दी। कोषाध्यक्ष पद पर केशव दत्त शर्मा ने 47 वोट पाकर आलोक त्यागी को तीन वोटो से हरा दिया। ललित कुमार ने ऑडिटर लेखा निरीक्षक के पद को श्रीमती स्वाति चौहान को एक वोट से हराकर जीत अपने नाम कर ली। उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ का चुनाव जिला अध्यक्ष सचिन यादव के पर्यवेक्षण में संपन्न कराया गया। नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का फूलमालाये पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया। अध्यक्ष दीपक चौधरी ने कहा लेखपालों की आवाज को उठाने का काम करेंगे। सभी साथी लेखपालों को लेकर काम करेंगे। इस दौरान बड़ी संख्या में लेखपाल मौजूद रहे।

## सड़क किनारे बनाई गई पीर मजार को पुलिस ने तुड़वाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** थाना परतापुर क्षेत्र के दिल्ली रोड स्थित सड़क किनारे अवैध रूप से पीर की मजार बना दी गई और रंगाई पुताई कर मजार पर दीपक भी जला दिए गए। इस बात की जानकारी जब क्षेत्रीय लोगों को लगी तो उन्होंने आक्रोश जताते हुए पुलिस को सूचित किया। पुलिस जब मौके पर पहुंची तो मजार पर बैठा व्यक्ति बोला कि वह हंसराज सैनी सैनी समाज से हैं और कुछ दिन पहले उसके यहां रहने वाले विशेष समुदाय के अब्दुल सत्तार नाम के व्यक्ति ने बहुत साल पहले पीर बाबा का निर्माण सड़क किनारे कराया था। पीडब्लूडी के कहने पर उसने वहां से पीर हटा दिए और अपनी मार्केट के सामने स्थापित कर रंगाई पुताई कर दी जबकि क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि कुछ दिन पहले ही रातों-रात पीर का निर्माण हुआ और यहां हिंदू महिलाओं को बहला फुसलाकर तांत्रिक क्रियाएं करने की फिराक में लग गए।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 77/3 गर्ग कॉम्पलेक्स ई.के. रोड निकट एन.ए.एस. कालिज, मेरठ (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0121-4005303, 4007303
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
UPHIN/2007/20661
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वे पर सड़क हादसे में दो की मौत

## नोएडा से शादी समारोह में शामिल होकर वापस लौटते समय बड़ागांव के पास हुआ हादसा, चार घायल


मृतका का फाइल फोटो


मृतक का फाइल फोटो






**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वे पर मंगलवार देर रात सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। समाजवादी पार्टी के नेता सह पूर्व प्रधान समेत चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा बड़ागांव क्षेत्र में हुआ, जब तेज रफ्तार स्कॉर्पियो अंधेरे में खड़े ट्रक से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि स्कॉर्पियो के परखच्चे उड़ गए।

हादसे में प्रधान की भाभी और भतीजे की मौके पर ही मौत हो गई। भतीजे की एक साल पहले ही शादी हुई थी। घायलों में एक डेढ़ साल की बच्ची भी शामिल हैं। प्रधान की हालत नाजुक बताई जा रही है। वह आईसीयू में भर्ती हैं। पूर्व प्रधान परिवार समेत नोएडा से शादी समारोह में शामिल होकर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान पंचर खड़े ट्रक में स्कॉर्पियो पीछे की और से जा घुसी। पूरा मामला बड़ागांव के बली गांव का है। जहां सपा नेता और पूर्व प्रधान मास्टर तेजपाल अपने परिवार के साथ स्कॉर्पियो से नोएडा के अच्छेजा शादी में शामिल होने गए थे। देर रात रात करीब 11:30 बजे घर को लौट रहे थे। तभी सड़क किनारे खड़े पंचर में स्कॉर्पियो पीछे से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी की कार सवार सभी लोग सड़क पर जा गिरे, जिसमें से 24 वर्षीय निशांत और 60 वर्षीय सुमन की मौके पर ही मौत हो गई। प्रधान तेजपाल, राजकुमार, मीनू और मीनू की डेढ़ वर्षीय बेटी मानवी गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा इतना भयानक था कि आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गए। सपा नेता आईसीयू में भर्ती हैं उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। मृतक निशांत की एक साल पहले शादी हुई थी। वह परिवार का इकलौता बेटा था। निशांत दूध की डेयरी चलाता था। सुमन, मृतक तेजपाल की भाभी थीं। निशांत भी तेजपाल का भतीजा था। परिवार में दो मौतें एक साथ होने से गम का माहौल है। सूचना मिलते ही पुलिस और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे। सभी घायलों को सर्वोदय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। पुलिस ने ट्रक चालक की तलाश शुरू कर दी है और हादसे के कारणों की जांच कर रही है। तेजपाल के भाई देवेंद्र ने बताया कि भाई परिवार के साथ नोएडा से लौट रहे थे। बड़ागांव के पास एक्सप्रेस-वे पर एक पंचर ट्रक खड़ा था। अचानक स्कॉर्पियो उसी से टकरा गई। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई और चार लोग गंभीर घायल हैं।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** असारा गांव निवासी बाइक चालक नदीम की किरठल गांव के समीप अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई। नदीम बाइक पर सवार होकर घर से सामान लेने निकला था। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।
परिजनों के अनुसार, मृतक नदीम की शादी मात्र डेढ़ महीने पहले हुई थी। वह शादी से पहले सऊदी अरब में नौकरी करता था और लगभग चार महीने पहले ही अपने घर लौटा था। परिजनों ने बताया कि नदीम सीधा-साधा लड़का था और घर से सामान लेने के लिए निकला था। घर के लोग उसका इंतजार कर रहे थे, लेकिन अज्ञात वाहन की टक्कर से उसकी जान चली गई। टक्कर मारने के बाद अज्ञात वाहन चालक मौके से फरार हो गया। मृतक के परिजनों ने पुलिस से शिकायत करते हुए अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतक के परिजन सलीम ने बताया कि उन्हें फोन पर कॉल आया था कि उनका भाई गंभीर हालत में सड़क किनारे पड़ा है। जब वे मौके पर पहुंचे, तो नदीम की जान जा चुकी थी।



# सिविल बार एसोशिएशन के अध्यक्ष बने धर्मवीर सिंह तोमर व महामंत्री बने पुष्पेन्द्र कुमार तोमर

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बड़ौत।** बुधवार को हुए सिविल बार एसोसिएशन बड़ौत का चुनाव परिणाम घोषित किया गया। जिसमें मतगणना के आधार पर अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महामंत्री, कोषाध्यक्ष आदि विभिन्न पदों के विजेताओं की घोषणा की गई। इसके उपरांत उपस्थित अधिवक्ताओं ने विज. ेताओं का मुंह मीठा करा कर स्वागत किया।
बुधवार को निर्वाचन अधिकारी एडवोकेट ओमपाल सिंह के नेतृत्व में विभिन्न पदों पर मतदान किया गया। शाम के समय मतगणना के उपरांत विजेताओं की घोषणा की गई जिसके आधार पर अध्यक्ष पद पर एडवोकेट धर्मवीर सिंह तोमर ने आनंदपाल तोमर को 12 मतों से पराजित किया। उन्हें 82 मत प्राप्त हुए जबकि उपविजेता रहे आनंदपाल तोमर को कुल 70 मत मिले, अन्य प्रत्याशी जयवीर तोमर 3 वोट प्राप्त कर तीसरे स्थान पर रहे। उपाध्यक्ष पद पर हरवीर सिंह ने 76 मत प्राप्त कर आदेश 61 मत को 15 मतों से हराया। जबकि महामंत्री पद पर विजेता रहे पुष्पेंद्र कुमार को 95 और उपविजेता रहे पुष्पेंद्र उज्जवल को 58 मत प्राप्त हुए। कोषाध्यक्ष पद पर एड. हरेंद्र सिंह ने 90 मत प्राप्त कर जीत हासिल की, जबकि मदनलाल 59 मत प्राप्त कर दूसरे स्थान पर रहे। सह सचिव पद पर मनोज कुमार दांगी 119, उपविजेता परमेंद्र कुमार को 29 मत मिले। पुस्तकालय मंत्री पद पर विनीत देशवाल निर्विरोध चयनित रहे। वही वरिष्ठ सदस्य पद पर विनोद मान, संजीव कुमार, विकास तोमर निर्विरोध विजेता रहे। कनिष्क सदस्य पद पर गुलशन 78 विजेता, डिंपल 49 उपविजेता, रो. हित 84 विजेता, पंकज 19 उपविजेता, विनोद कुमार 72 विजेता, सो. हनवीर 48 उपविजेता रहे। परिणाम घोषणा के उपरांत परिसर में विज. ेताओं को शुभकामनाएं देने के लिए साथी अधिवक्ताओं का तांता लगा रहा। वही सभी विजेताओं ने अपनी जीत में सभी का आभार व्यक्त किया।



## एक नजर

### नगर पंचायत छपरौली में मनाया विश्व शौचालय दिवस




**शाह टाइम्स संवाददाता**
**छपरौली।** बुधवार को नगर पंचायत छपरौली मे विश्व शौचालय दिवस 2025 मनाया गया। सीमा राघव अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत छपरौली के नेतृत्व मे धर्मवीर सिंह पिता धर्मेन्द्र खोखर अध्यक्ष नगर पंचायत छपरौली द्वारा पिंक शौचालय को उद्घाटन किया गया। पिंक शौचालय को रंगीन गुब्बारो से सजाया गया। धर्मवीर सिंह ने बताया कि खुले मे शौच से गंभीर स्वास्थ्य संकट और पर्यावरण प्रदूषण होता है, जिससे हैजा और डायरिया जैसी बीमारियां फैलती है। विश्व शौचालय डे मानव गरिमा, सार्वजनिक स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण और विकास से जुडा एक महत्वपूर्ण अभियान है। इसलिए यह दिन बेहद खास है। सभी से अनुरोध किया गया कि इस जागरूकता अभियान मे सक्रिय रूप से भाग ले और अपने परिवार तथा आस-पास के लोगो को भी स्वच्छता के लिए प्रेरित करे। इस अवसर पर तहजूब लिपिक, विशाल कुमार, अमित खोखर, सागर काम्बोज, उमेश कौशिक, वंश, गुलाब, मोहसीन, अर्जुन, अरविन्द, सुनील आदि उपस्थित रहे।

# कलेक्ट्रेट में दिव्यांग ने की अपने ऊपर पेट्रोल डालकर आग लगाने की कोशिश






**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** कलेक्ट्रेट परिसर में उस समय हड़कंप मच गया जब एक दिव्यांग युवक ने आत्मदाह का प्रयास किया। शहर कोतवाली क्षेत्र के बंदपुर गांव निवासी अमित चौधरी नामक युवक ने अपने ऊपर पेट्रोल डालकर आग लगाने की को. शिश की, जिसे मौके पर मौजूद सुरक्षाकर्मियों ने विफल कर दिया।

जानकारी के अनुसार, अमित चौधरी बीजेपी का झंडा लगी कार में कलेक्ट्रेट पहुंचे थे। हाथ में बोतल लेकर उन्होंने परिसर में प्रवेश किया और अचानक अपने ऊपर ज्वलनशील पदार्थ उड़ेलना शुरू कर दिया। कलेक्ट्रेट में तैनात सुरक्षाकर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए उनके हाथ से बोतल छीन ली और एक बड़ी घटना को टाल दिया। बताया जा रहा है कि अमित चौधरी नेशनल लेवल के शूटर हैं। वह लंबे समय से जमीन के एक हिस्से पर कब्जे के विवाद को लेकर परेशान थे। उनका आरोप है कि उनके ही परिवार के सदस्यों ने उनकी जमीन पर अवैध कब्जा कर लिया है और उन्हें उनका वैध हिस्सा नहीं दिया जा रहा है। इस मामले में उन्होंने पूर्व में जिलाधिकारी से शिकायत भी की थी। हालांकि, उनका कहना है कि शिकायत के बावजूद अधिका. रियों द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई, जिससे वे हताश हो गए थे। न्याय न मिलने के कारण ही उन्होंने यह गंभीर कदम उठाने का प्रयास किया। फिलहाल, पुलिस ने पूरे मामले को अपने नियंत्रण में ले लिया है। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## पीड़ित छात्र ने लगाई डीएम से न्याय की गुहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** पीड़ित छात्र के साथ मारपीट व लगातार मिल रही धमकियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर लेक्ट्रेट पहुंचकर डीएम से न्याय की गुहार लगाई है।
बुधवार को निरोजपुर गुर्जर गांव के छात्र नितिश कुमार ने डीएम से शिकायत करते हुए बताया कि 26 सितंबर 2025 को गांव के मुख्य रास्ते पर रेस करते समय तीन युवक व उनके परिवार के कुछ सदस्यों ने बिना किसी कारण उसके साथ मारपीट की। छात्र का आरोप है कि एफआईआर दर्ज होने के बाद से ही आरोपी पक्ष उस पर और उसके परिवार पर लगातार मुकदमा वापस लेने का दबाव बना रहा है। उन्हें लगातार धमकी दी जा रही है। छात्र का आरोप है कि आरोपी उसे अपने परिवार की किसी लड़की के झूठे मुकदमे में फंसाने की साजिश कर रहे है। पीड़ित छात्र ने डीएम से दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई किए जाने की मांग की है।



### कांग्रेसियों ने मनाई पूर्व प्रधानमंत्री स्व.इंदिरा गांधी की जयंती



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बडौत।** नगर में शहर कांग्रेस कमेटी कार्यालय दिल्ली बस स्टैंड पर कांग्रेस पदाधिकारीयो कार्यकर्ताओं ने देश की आयरन लेडी प्रथम महिला भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी महान स्वतंत्रता सेनानी निडर साहसी वीरागना महारानी लक्ष्मी बाई की जयंती के शुभ अवसर पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर शत शत नमन किया। विचार गोष्ठी का आयोजन किया। अध्यक्षता पूर्व प्रदेश महासचिव एवं निवर्तमान जिलाध्यक्ष बागपत चोधरी रामकुमार सिंह ने की तथा संचालन वरिष्ठ नेता सत्यपाल पथोलिया ने किया। पूर्व प्रदेश महासचिव चो रामकुमार सिंह ने कहा इंदि. रा गांधी ने अपने कार्यकाल मे देश मे किसान मजदूर गरीबों दलितो शोषितो वंचितों के लिए अभूतपूर्व कार्य किये। शिक्षा स्वास्थ्य सडकों बिजली पानी नहरों पर विशेष ध्यान दिया। रोजगार के दरवाजे खोले चोदह बैंको का राष्ट्रीयकरण किया मरने से पूर्व उन्होंने कहा था मेरे खून का एक एक कतरा मेरे देश को मजबूत बनाने के काम आयेगा तो मुझे मरने की कोई परवाह नहीं अटल बिहारी वाजपेयी ने उन्हें मा दुर्गा की उपाधि भी दी। ऐसी निडर महिला इस संसार मे कभी कभी जन्म लेती है। वरिष्ठ नेता सत्यपाल पथोलिया ने कहा इदिर गांधी ने देश को नई दिशा दी देश को शिखर पर पहुंचाया 101 देशो की राष्ट्राध्य भी रही हमे उनके आदर्शों पर चलना चाहिए। शहर अध्यक्ष रामहरि पंवार ने कहा इंदिरा गांधी ने देश के विकास की मजबूत नीव रखी कड़ी मेहनत दुरद्रष्टि पक्का इरादा अनुशासन कुशलता उनकी उपलब्धियों का प्रेरणात्मक नारा था। आज युवाओं को उनके मार्ग पर चलने की जरूरत है कहा कि काग्रेस ही किसान मजदूर गरीबों युवाओं का भला करने मे सक्षम है। इस अवसर पर उर्मिला सिंह शोकेन्द्र तोमर बिजेन्द्र शर्मा औमबीर दुहण सुभाष शर्मा रविन्द्र तोमर देवेन्द्र शर्मा मामचन्द शर्मा सोमपाल शर्मा बीबी रूहेला आदिल वसीम विकास औकर दत्त आदि रहे।

## तीन दिवसीय सांसद खेल महोत्सव का हुआ शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बडौत।** बड़ौत स्थित जेवी कॉलेज में तीन दिवसीय सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ हुआ। खेलमंत्री की अनुपस्थिति में प्रभारी मंत्री जसवंत सैनी, सांसद डा.राज. कुमार सागवान और राज्यमंत्री केपी मलिक ने इसका उद्घाटन किया।



महोत्सव की शुरुआत छात्रों के स्कूली बैंड द्वारा मार्च पास्ट और सलामी के साथ हुई। इस दौरान हवा में गुब्बारे छोड़े गए और मशाल प्रज्वलित की गई। जिले के अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया गया। पहले दिन कुश्ती, दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद, वॉलीबॉल और निशानेबाजी जैसी विभिन्न खेल स्पर्धाएं आयोजित की गईं। इस प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में युवा खिलाड़ी हिस्सा लेने के लिए पहुँच रहे हैं। इसका उद्देश्य युवाओं को खेल के माध्यम से आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करना है। सांसद डा. राजकुमार सागवान ने युवाओं का आहवान करते हुए कहा कि अधिक से अधिक संख्या में युवा खिलाड़ी इसमें हिस्सा लें। उन्होंने बताया कि यह प्रतियोगिता युवाओं के भविष्य को संवारने के उद्देश्य से आयोजित की जा रही है। राज्यमंत्री केपी मलिक ने युवाओं के उत्साह की सराहना की और कहा कि यह आयोजन पूरी तरह से युवाओं को समर्पित है। प्रभारी मंत्री जसवंत सिंह सैनी ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार युवाओं के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने इस आयोजन को युवाओं के लिए एक महत्वपूर्ण मंच बताया और अधिक से अधिक युवाओं को इसमें भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया।

## ग्रामीणों ने की एसपी से हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** किरठल गांव के ग्रामीण ने एसपी कार्यालय पहुंचकर एक माह पूर्व हुई अनिकेत की हत्या के मामले में एसपी फरार चल रहे आरोपियों की जल्द गिरफ्तार किए जाने की मांग की है।



ग्रामीणों ने एसपी से शिकायत करते हुए बताया कि करीब एक महीने पहले गांव के पांच व्यक्तियों ने मिलकर अनिकेत की हत्या कर दी थी। रमाला पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। हालांकि, मामला दर्ज होने के बावजूद एक आरोपी अभी भी फरार है। फरार आरोपी की खुलेआम आवाजाही से पीड़ित परिवार भय और असुरक्षा के माहौल में जी रहा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि स्थानीय पुलिस से कई बार शिकायत करने के बावजूद फरार आरोपी के खिलाफ कोई प्रभावी ढंग से कार्रवाई नहीं हुई है। ग्रमीणों ने कहा कि अनिकेत की हत्या ने पूरे गांव को झकझोर दिया है और अपराध में शामिल किसी भी आरा. ेपी को छूट नहीं मिलनी चाहिए। ग्रामीणों ने यह भी आशंका जताई कि फरार आरोपी साक्ष्यों से छेड़छाड़ कर सकता है और गवाहों को प्रभावित करने की कोशिश कर सकता है।

## महिला ने लगाया ग्राम प्रधान पर 50,000 हजार रूपए की मांग करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** बड़ौत तहसील क्षेत्र की एक महिला कर्मचारी बुधवार को जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचीं। उन्होंने डीएम से शिकायत करते हुए बताया कि उन्हें पिछले 15 महीनों से वेतन नहीं मिला है। महिला ने ग्राम प्रधान पर 50,000 हजार रूपए की मांग करने का भी आरोप लगाया है।

पीड़िता ने डीएम से शिकायत करते हुए बताया कि वह पिछले तीन वर्षों से गांव में शौचालय निर्माण और उनके रखरखाव से संबंधित कार्यों में लगी हुई थीं। हालांकि, उन्हें पिछले 15 महीनों से एक भी माह का वेतन नहीं मिला है। पीड़िता के अनुसार, जब उन्होंने कई बार ग्राम प्रधान से वेतन भुगतान की मांग की, तो उन्हें केवल आश्वासन दिया गया। पीड़िता का आरोप है कि भुगतान के लिए जोर देने पर ग्राम प्रधान ने उनसे 50,000 जमा करने को कहा, यह कहते हुए कि इसी रकम में से उन्हें वेतन दिया जाएगा। महिला ने इस मांग को अवैध बताया और अपनी गरीबी के कारण इतनी बड़ी रकम देने में असमर्थता व्यक्त की। पीड़िता ने बताया कि वह अपनी मेहनत की कमाई के लिए पिछले कई महीनों से पंचायत कार्यालय और तहसील के चक्कर काट रही हैं, लेकिन उन्हें कहीं से भी कोई ठोस समाधान नहीं मिल रहा है। डीएम से शिकायती करते हुए महिला ने मांग की कि उन्हें 15 महीनों का बकाया वेतन तुरंत दिलवाया जाए और ग्राम प्रधान के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए।

# अधिकारियों पर समस्याओं के समाधान में लापरवाही का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** विकास भवन सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान किसानों ने अधिक. ारियों पर समस्याओं के समाधान में लापरवाही का आरोप लगाया। बैठक में बागपत के एडीएम विनीत कुमार उपाध्याय और सीएमओ डा. तीरथ लाल ने किसानों की समस्याओं को सुना और उनके त्वरित निस्तारण का आश्वासन दिया।



किसानों की प्रमुख मांगों में बकाया गन्ना भुगतान समय पर करना, आवारा पशुओं को गौशाला में भेजना, खाद की किल्लत न होना, स्मार्ट मीटर योजना को रोकना और विद्युत संबंधी समस्याओं का तुरंत समाधान शामिल था। किसानों ने अधिकारियों से बातचीत के दौरान आरोप लगाया कि अधिकारी उनकी समस्याओं को सुनते तो हैं, लेकिन उनका समाधान समय पर नहीं होता। इससे किसानों को लगातार दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने यह भी बताया कि गन्ना भुगतान न होने के कारण किसान आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं। वहीं, अधिकारियों ने किसानों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं को गंभीरता से लिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक समस्या का समाधान समय पर किया जाएगा। एडीएम ने सभी संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के समाधान के लिए निर्देशित किया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि कोई भी अधिकारी किसानों की समस्याओं के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरते।

### राजकीय हाईस्कूल मवींकला का होगा उच्चीकृत

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** राजकीय हाईस्कूल मवींकला का उच्चीकृत होगा। इसके लिए जमीन चिह्नित कर प्रस्ताव शासन को खोज दिया है। विभाग की ओर से सूचना राज्य परियोजना निदेशक को खोज दी है। विद्यालय का उच्चीकृत होने से छात्राओं को दसवीं के बाद पढ़ाई छोड़ने के लिए मजबूर नहीं होना पड़ेगा। मवींकला गांव में हाईस्कूल के बाद विद्यालय न होने के कारण छात्राओं को दसवीं के बाद पढ़ाई छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ रहा था। इसके लिए गांव के लोग व जनप्रतिनिधी काफी समय से गांव के राजकीय बालिका हाईस्कूल को 12वीं तक उच्चीकृत कराने की मांग कर रहे थे। ग्रामीणों का कहना था कि गांव की छात्राओं को हाईस्कूल के बाद बालैनी, अमीनगर सराय या फिर बिनौली जाना पड़ता था।

**सूचना**
मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र ईशा से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगा।
अनीस पुत्र शरीफ निवासी पट्टी चौधरान छपरौली चुंगी कस्बा व थाना बडौत जनपद बागपत।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में लापरवाही का बोलबाला

## प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर-स्टाफ गायब, इलाज को तरसे मरीज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जिले के बहादुरगढ़ कस्बे स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में बुधवार सुबह स्वास्थ्य सेवाओं की लापरवाही चरम पर दिखाई दी। सुबह से इलाज के लिए पहुंचे मरीजों को सही समय पर डाक्टरों और अन्य कर्मचारियों की मौजूदगी तक नसीब नहीं हुई। अस्पताल में 11 बजे तक डाक्टरों की कुर्सियां पूरी तरह खाली पड़ी रहीं, जिससे मरीजों में भारी रोष देखने को मिला।

मिली जानकारी के अनुसार सुबह करीब 8 बजे से ही मरीज अस्पताल पहुंचने लगे। गर्भवती महिलाएं, बुजुर्ग, छोटे बच्चे और दर्द से कराहते लोग इलाज की उम्मीद में लाइन में लगे रहे, लेकिन अस्पताल के अंदर न पर्ची बनाने वाला कोई कर्मचारी मौजूद था न ही दवा वितरण काउंटर पर कोई कर्मचारी मौजूद था और न ही कोई डॉक्टर मौजूद मिला। अस्पताल परिसर में सिर्फ मरीजों और उनके परिजनों की भीड़ थी, लेकिन इलाज के लिए कोई जिम्मेदार व्यक्ति मौजूद नहीं था। कई मरीजों ने बताया कि वे आर्थिक तंगी के कारण सरकारी अस्पताल पर निर्भर हैं। एक बुजुर्ग ने गुस्से में कहा कि हम लोग गरीब हैं, डाक्टर भी नहीं, पर्चा बनाने वाला भी नही इलाज करवाएं तो कहां करवाएं। एक मरीज़ के परिजन ने बताया कि उन्हें चेकअप और दवाइयों की जरूरत थी, लेकिन घंटों इंतजार के बाद भी कोई डाक्टर नहीं मिला। ग्रामीणों का आरोप है कि बहादुरगढ़ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में डाक्टरों और कर्मचारियों का देर से आने का



सिलसिला लंबे समय से चल रहा है। कई बार मरीज बिना इलाज लौट जाते हैं। इमरजेंसी मामलों में भी समय पर कार्रवाई नहीं होती। अस्पताल की बिल्डिंग है, लेकिन सेवाएं नदारद हैं। आज स्थिति इतनी खराब थी कि मरीजों को वापस जाने तक की नौबत आ गई। ग्रामीणों ने स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन से मांग की है कि डाक्टरों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित की जाए, स्टाफ की कमी को तुरंत पूरा किया जाए, लापरवाह डाक्टरों और कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई हो। लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि अस्पताल की व्यवस्था नहीं सुधरी तो वे सामूहिक रूप से विरोध प्रदर्शन भी कर सकते हैं। यह मामला फिर एक बार दिखाता है कि ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति किस हद तक खराब है। सरकार की तमाम योजनाओं और घोषणाओं के बावजूद प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बहादुरगढ़ जैसे केंद्र कर्मचारियों की लापरवाही की वजह से मरीजों को मूलभूत चिकित्सा सुविधा तक नहीं दे पा रहे।

## खाना बनाते समय झोपड़ी में लगी भीषण आग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हापुड़ देहात क्षेत्र के गांव गोंदी से बुधवार सुबह आग. जनी की एक दर्दनाक घटना सामने आई। खाना बनाते समय अचानक झोपड़ी में आग लग गई, जिसने देखते ही देखते भीषण रूप ले लिया। कुछ ही मिनटों में पूरी झोपड़ी जलकर राख हो गई।

स्थानीय लोगों के अनुसार झोपड़ी में चूल्हे पर खाना बनाया जा रहा था, तभी चिंगारी उड़कर सूखी घास और कपड़ों में जा लगी। तेज हवा के चलते आग तेजी से फैलती गई और किसी को संभलने का मौका तक नहीं मिला। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि आसपास के लोग भी कुछ देर तक झोपड़ी के पास नहीं जा सके। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और जैसे-तैसे पानी डालकर आग को नियंत्रित करने का प्रयास किया। हालांकि तब तक झोपड़ी पूरी तरह खाक हो चुकी थी। आग में गृहस्थी



का सामान, बर्तन, कपड़े और जरूरी दस्तावेज भी जलकर नष्ट हो गए। सूचना पर फायर ब्रिगेड की टीम भी मौके पर पहुंची और आग को पूरी तरह बुझाया। गनीमत रही कि घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन परिवार का बड़ा नुकसान हो गया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता दिलाने की मांग की है। पुलिस व फायर विभाग मामले की जांच कर रहे हैं।

## सवारी बैठाने को लेकर दो ई-रिक्शा चालकों में जमकर हुई मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर कोतवाली क्षेत्र के पक्का बाग इलाके में बुधवार को उस समय हड़कंप मच गया जब सवारी बैठाने को लेकर दो ई-रिक्शा चालकों के बीच कहा. सुनी मारपीट में बदल गई। बताया जा रहा है कि दोनों चालक सवारी को लेकर आमने-सामने आ गए और देखते ही देखते मामला इतना तूल पकड़ गया कि एक ई-रिक्शा चालक ने दूसरे पर लोहे की नुकीली कील से वार कर दिया। हमले में चालक घायल हो गया, जिसके बाद मौके पर मौजूद लोगों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार,



दोनों चालकों के बीच पहले तीखी बहस हुई, फिर धक्का-मुक्की और बाद में हाथापाई शुरू हो गई। इसी दौरान एक चालक ने गुस्से में आकर लोहे की कील से हमला कर दिया। घायल चालक को तुरंत उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें दोनों चालकों के बीच हुई झड़प और मारपीट के दृश्य साफ देखे जा सकते हैं। वीडियो वायरल होने के बाद क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है, जबकि स्थानीय लोग ऐसी घटनाओं पर कड़ी नाराज़गी जता रहे हैं। इधर, सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिका. रियों का कहना है कि वीडियो के आधार पर भी कार्रवाई की जाएगी और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## खड़े ट्रक में घुसी कार, महिला की मौत, पति घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग-334 पर बुधवार सुबह दिल दहला देने वाला सड़क हादसा हो गया। गांव ट्याला के समीप सड़क किनारे खड़े ट्रक में एक तेज रफ्तार कार भिड़ गई। हादसा इतना भयानक था कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार महिला की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि उसका पति गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद हाईवे पर अफरा तफरी मच गई और दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई।

दुर्घटना की सूचना मिलते ही देहात थाना प्रभारी निरीक्षक पटनीश कुमार पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और राहत-बचाव कार्य तुरंत शुरू



कराया। क्षतिग्रस्त कार को क्रेन की मदद से हटवाकर हाईवे पर जाम की स्थिति को नियंत्रित किया गया और यातायात को बहाल कराया गया। मिली जानकारी के अनुसार, मृतका की पहचान बुलंदशहर के गुलावठी निवासी पारुल के रूप में हुई है। पारुल अपने पति अनुपम सिंघल के साथ गाजियाबाद में एक पारिवारिक शादी समारोह में शामिल होकर बुधवार दोपहर घर लौट रही थीं। बताया गया कि उनकी पुत्री मेरठ में रहती है, जिसे छोड़कर दंपति अपनी कार से गुलावठी की ओर वापस जा रहे थे। जैसे ही कार मेरठ-बुलंदशहर हाईवे-334 पर गांव ट्याला के पास पहुंची, तभी अचानक वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े ट्रक में जा टकराया। टक्कर इतनी तेज थी कि कार के अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गए और दोनों पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर दोनों घायलों को तुरंत नजदीकी अस्पताल भिजवाया, जहां चिकित्सकों ने पारुल को मृत घोषित कर दिया। अनुपम की हालत गंभीर बताई जा रही है और उनका उपचार जारी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए ट्रक और कार दोनों वाहनों को कब्जे में ले लिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक पटनीश कुमार ने बताया कि हादसे के संबंध में तहरीर मिलते ही आवश्यक कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। वहीं घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## सरकारी भूमि में कब्जा कर फसल उगाने का गोरखधंधा जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** कल्याणपुर के जंगल की प्राकृतिक झील वाली सरकारी भूमि में कब्जा कर फसल उगाने का गोरखधंधा जारी है, जिससे झील में डिज्नीलैंड बनाकर पर्यटन को बढ़ावा देने वाली योजना आगे नहीं बढ़ पाई है।

गढ़ क्षेत्र के गांव कल्याणपुर और कोथला खादर के जंगल की प्राकृतिक झील में केंद्र सरकार के सहयोग से प्रदेश शासन द्वारा डिज्नीलैंड बनाकर पर्यटन को बढ़ावा देने की योजना तैयार करने का सिलसिला कई सालों से चलता आ रहा है, जिसको लेकर करीब पांच साल पहले पर्यटन विभाग समेत विभिन्न विभागों के उच्च अधिकारियों ने मौके का निरीक्षण कर बड़ी बारीकी से जांच पड़ताल भी की थी। प्रशासनिक अधिकारी भी पर्यटन को बढ़ावा देने से जुड़ी डिज्नीलैंड वाली योजना का क्रियान्वन जल्द से जल्द प्रारंभ कराने की कवायद करते आ रहे हैं। परंतु पर्यटन को बढ़ावा देने वाली इस योजना के क्रियान्वयन को लेकर आखिर किस स्तर से देरी होती आ रही है, इस विषय में कोई भी अधिकारी कुछ कहने को तैयार नहीं है क्योंकि करीब पांच साल पहले अवैध कब्जों से मुक्त कराई गई झील की सैकड़ों बीघा सरकारी भूमि पर फिर से आसपास के गांवों में रहने वाले किसानों ने कब्जा जमाकर उसमें खेती प्रारंभ की हुई है। इससे पहले तहसील प्रशासन ने झील की भूमि को मुक्त कराकर 25 से भी अधिक लोगों के खिलाफ कोतवाली में एफआइआर दर्ज कराई थी, जिसके बाद उनके द्वारा अवैध रूप में उगाई गई फसलों को कब्जे में लेकर खुली बोली पर नीलाम भी कराया गया था, लेकिन तहसील प्रशासन की यह कवायद अब टांय टांय फिस्स होती दिखाई दे दे रही है, जिससे झील की भूमि में डिज्नीलैंड बनाकर उसमें पर्यटन को बढ़ावा देने वाली शासन की योजना भी आगे नहीं बढ़ पा रही है। क्षेत्रीय विधायक का कहना है कि कल्याणपुर झील की भूमि में डिज्नीलैंड बनवाकर पर्यटन को बढ़ावा दिलाना प्राथमिकता में शामिल है। एसडीएम श्रीराम यादव का कहना है कि प्राकृतिक झील वाली भूमि में कोई भी अवैध कब्जा नहीं होने दिया जाएगा। अगर अवैध रूप से फसल बोई है, तो उसे कब्जे में लेकर नीलामी कराई जाएगी और जल्द से जल्द डिज्नीलैंड बनने वाली योजना पर काम किया जाएगा।

## तेंदुआ दिखने से मचा हड़कंप, ग्रामीणों में दहशत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** सिम्भावली थाना क्षेत्र के माधापुर गांव में मंगलवार देर शाम उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब ग्रामीणों ने अचानक एक तेंदुए को गांव की ओर आते हुए देखा। देखते ही देखते पूरे गांव में इस खबर से हड़कंप मच गया। ग्रामीणों के अनुसार तेंदुआ खेतों की तरफ से गांव में घुस आया, जिसके बाद लोग डरकर घरों की ओर भागने लगे। इसी बीच कुछ साहसी युवकों ने जोखिम उठाते हुए तेंदुए का वीडियो मोबाइल में कैद कर लिया, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि पिछले कुछ दिनों से पशुओं पर रहस्यमयी हमले हो रहे थे, जिससे किसी बड़े वन्यजीव की मौजूदगी की आशंका पहले से ही लगाई जा रही थी। तेंद. ुआ दिखने के बाद लोग घरों से बाहर निकलना बंद कर चुके हैं और कई परिवारों ने बच्चों को भी घरों में ही सुरक्षित रखा है। गांव के रास्ते, खेत और गलियां शाम होते ही सुनसान नजर आ रही हैं। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई और तुरंत सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया। टीम गांव और आसपास के जंगलों में कॉम्बिंग कर रही है। अधिकारियों ने लोगों से अपील की है कि वे घबराएं नहीं, लेकिन अनावश्यक बाहर निकलने से बचें और किसी भी संदिग्ध हरकत की सूचना तुरंत वन विभाग या पुलिस को दें। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि तेंदुए को सुरक्षित पकड़ने के लिए ट्रैंकुलाइजिंग टीम को भी अलर्ट कर दिया गया है। गांव के आसपास के क्षेत्रों में निगरानी बढ़ा दी गई है और पगमार्क भी तलाशे जा रहे हैं, ताकि तेंदुए के मूवमेंट का पता लगाया जा सके। फिलहाल तेंदुए की मौजूदगी से पूरे गांव में दहशत का माहौल है। लोग प्रशासन से सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने और तेंदुए को जल्द पकड़ने की मांग कर रहे हैं, ताकि क्षेत्र में फिर से सामान्य स्थिति बहाल हो सके।



### एक नजर

## बदलते मौसम में बढ़ने लगे वायरल फीवर के मरीज, बरतें सावधानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** क्षेत्र में बदल रहे मौसम में अस्पतालों में मरीज बढ़ गए हैं। इनमें ज्यादातर वायरल बुखार, नजला व खांसी के मरीज हैं। वहीं मरीज बढ़ने के साथ ही सैंपलों की जांच भी बढ़ गई है। वायरल बुखार मरीज को कम से कम एक सप्ताह तक जकड़ रखता है। उसके बाद शरीर में कमजोरी बढ़ जाती है और मरीजों को परेशानी होने लगती है। वायरल से करीब एक माह में सामान्य हो पाता है।

इसी के चलते चिकित्सक लोगों को बचाव के साथ खान-पान की व्यवस्था बेहतर रखने की सलाह दे रहे हैं। कई दिन से चटक धूप निकल रही है। रात को मौसम हल्का ठंडा हो रहा है। तो दिन में धूप निकलने के कारण मौसम गरम हो रहा है। इसमें सबसे ज्यादा वायरल संक्रमण का खतरा बढ़ गया है। अस्पतालों में बुखार, नजला व खांसी के मरीजों की संख्या बढ़ गई है। गढ़ अस्पताल की ओपीडी में भी वृद्धि हुई हैं। एसीएमओ डॉ. दिनेश भारती का कहना है, कि मौसम में बदलाव और लोगों की लापरवाही के कारण वायरल ग्रसित मरीज की संख्या बढ़ गई है। अस्पताल में रोजना 15 से 20 मरीज बुखार से ग्रस्त दवा लेने आते हैं। जिनकी चिकित्सकीय जांच करने के उपरांत दवा देकर खान पान का ध्यान रखने की सलाह दे रहे हैं।

## हवा में जहर बरकरार, प्रदूषण कर रहा बीमार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** जिले में प्रदूषण ने इस साल के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। सोमवार को हवा में प्रदूषण का स्तर भी अधिक रहा है। एक्यूआई 390 के पार पहुंच गया। इससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। आंख और गले में दिक्कत वाले सैकड़ो मरीज अस्पताल पहुंचे। अस्थमा के रोगियों को ऑक्सीजन तक लगानी पड़ी। यह हाल तब है जब ग्रैप तीन की पाबंदियां लागू हैं।

देर रात सड़कों पर हल्की धुंध छायी रही। धुंध की दस्तक के बाद प्रदूषण का स्तर बढ़ने लगा है। स्थिति यह रही कि एक्यूआई 400 से ऊपर पहुंच गया। स्मॉग के कारण सड़कों पर अधिक दूरी तक देख पाना संभव नहीं था। घर से बाहर निकलने पर लोग आंखों में जलन से परेशान नजर आए। पिछले कुछ दिन से प्रदूषण ने लोगों की फिर से परेशानी बढ़ा दी है। नेत्र रोग विशेषज्ञ ने बताया कि बीस प्रतिशत रोगी आंखों में प्रदूषण से होने वाली दिक्कत को लेकर पहुंच रहे हैं। करीब 20 प्रतिशत मरीज ऐसे आ रहे हैं, जो प्रदूषण से प्रभावित हैं। सभी मास्क लगाएं और जरूरी काम से ही बाहर निकलें। जिस स्तर पर शहर में एक्यूआई चल रहा है वह गर्भवती महिलाओं व नवजात बच्चों के लिए ज्यादा खतरनाक है। मौसम वैज्ञानिक ने बताया कि कोहरे की दस्तक और मौसम में ठंडक से वातावरण में नमी बढ़ी है। जहाँ अधिकतम तापमान 24 और न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सीएमओ डॉ.सुनील कुमार त्यागी का कहना है कि ऐसी परिस्थितियों में विशेष रूप से सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। घरों की खिड़कियां व दरवाजे बंद रखें। बीमार लोग घरों से बाहर न निकलें। सामान्य लोग भी मास्क पहनकर बाहर निकलें। घर के आसपास पानी का छिड़काव करें।

## केमिकल व्यापारी के ठिकानों पर जीएसटी की बड़ी रेड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** देहात क्षेत्र में बुधवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब जीएसटी विभाग की टीम ने एक नामी केमिकल व्यापारी के आवास व ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। जानकारी के अनुसार, करीब एक दर्जन से अधिक अधिकारियों की टीम अचानक व्यापारी के घर पहुंची और परिसर को अपने कब्जे में लेते हुए तलाशी शुरू कर दी।

सूत्रों के मुताबिक, टीम को व्यापारी पर लाखों रुपयों की जीएसटी चोरी का संदेह है। इसी शक के आधार पर विभाग ने यह रेड की है। अधिकारी घर के अंदर मौजूद फाइलें, बिल-बुक, लेनदेन के रिकॉर्ड और इलेक्ट्रॉनिक डेटा की बारीकी से जांच कर रहे हैं। टीम कई महत्वपूर्ण दस्तावेज अपने कब्जे में लेकर उनकी जांच-पड़ताल में जुटी है। छापेमारी की कार्रवाई से पूरे क्षेत्र में चर्चा का माहौल बना हुआ है। स्थानीय लोगों की भीड़ घर के बाहर जुट गई, जबकि पुलिस भी मौके पर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था संभालने में लगी रही। अधिकारियों का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद ही टैक्स चोरी की सही रकम और अनियमितताओं का खुलासा हो पाएगा। फिलहाल, जीएसटी विभाग की कार्रवाई जारी है और व्यापारी से कई अहम पूछताछ भी की जा रही है। यह छापेमारी आने वाले समय में बड़े खुलासे का संकेत दे रही है।

## युवती को तेजाब फेंकने की धमकी, मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** देहात थाना क्षेत्र में एक युवती को तेजाब से हमला करने की धमकी देने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी सुनील के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले के उजागर होते ही क्षेत्र में हड़कंप मच गया। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी पिछले कई महीनों से उस पर शारीरिक संबंध बनाने का दबाव डाल रहा था। लगातार इनकार पर वह उसे बदनाम करने, मानसिक रूप से प्रताड़ित करने और तेजाब फेंककर चेहरा झुलसा देने की धमकियां दे रहा था। पीड़िता की 30 नवंबर को शादी तय है। आरोप है कि शादी रुकवाने की नीयत से सुनील ने उसके खिलाफ झूठी अफवाहें फैलाकर होने वाले पति और परिवार को गुमराह करने की कोशिश की। हद तो तब हो गई जब आरोपी कथित रूप से मंडप तक पहुंच गया और शादी तुड़वाने की धमकी देकर हंगामा करने का प्रयास किया। धमकियों से परेशान होकर युवती ने परिजनों के साथ थाना हापुड़ देहात में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। सीओ वरुण मिश्रा ने बताया कि मामले की जांच जारी है और आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द आरोपी को गिरफ्तार कर नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## किशोर का अपहरण कर ईंट से कुचलकर हत्या, दो गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**


**हापुड़।** पिलखुवा कोतवाली क्षेत्र में बुधवार को एक दिल दहला देने वाली वारदात का खुलासा हुआ। 16 वर्षीय हिमांशु नामक किशोर की बेरहमी से ईंट से कुचलकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने कई घंटे की तलाश के बाद उसका नग्नावस्था में शव दतैड़ी गांव के जंगल में गन्ने के खेत से बरामद किया। घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई।



जानकारी के मुताबिक हिमांशु गाजियाबाद के भोजपुर थाना क्षेत्र के गांव कनकपुर का निवासी था और पिलखुवा में दतैड़ी गेट के पास जितेंद्र नामक एक प्रॉपर्टी डीलर के ऑफिस में काम करता था। 17 नवंबर की शाम गांव के ही सचिन उर्फ पस्सू और बुलंदशहर जिले के पुष्पेंद्र उसे किसी काम के बहाने बाइक पर अपने साथ ले गए थे, जिसके बाद वह लापता हो गया। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज की थी। सीसीटीवी फुटेज की जांच में दोनों आरोपी हिमांशु को ले जाते हुए मिले। हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर दोनों ने हत्या की बात स्वीकार कर ली। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने जंगल से शव पास ही पड़ी खून से सनी ईंट मृतक के जले हुए कपडो की राख एवं जली हुई चप्पलो के अवशेष मिलें जिन्हें आरोपी वारदात के बाद नष्ट कर आए थे। एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने बुधवार को प्रेस वार्ता करते हुए बताया कि थाना पिलखुवा पुलिस ने सनसनीखेज हत्याकांड का पर्दाफाश करते हुए 15 वर्षीय किशोर हिमांशु उर्फ़ कलुआ की हत्या में शामिल दो हत्यारोपी सचिन उर्फ पस्सू पुत्र जगदीश निवासी कनकपुर और पुष्पेन्द्र पुत्र दिनेश उर्फ विनेश सिह निवासी ग्राम मानपुर रामपुर हाल निवासी राजबीर का मकान ग्राम खेडा थाना पिलखुवा जनपद हापुड़ को परतापुर-दतेड़ी रोड से गिरफ्तार कर लिया गया है। एसपी ने बताया कि पुलिस पूछताछ में आरोपी सचिन उर्फ़ पस्सू ने कबूला कि करीब 6 से 7 माह पहले हिमांशु ने उसकी भतीजी से छेड़छाड़ की थी। इसी रंजिश में सचिन और उसका दोस्त पुष्पेंद्र ने हिमांशु को खत्म करने की योजना बनाई थी। उसे ग्राम नाहली के पास गन्ने के खेत में ले गए। गन्ना चूसने का बहाना बनाकर खेत में घुस गए। वहां ईंट से उसके सिर और चेहरे पर वार कर उसकी हत्या कर दी। पहचान छिपाने के लिए उसके कपड़े और चप्पल जला दिए। फिर शव को गन्ने के बीच में छिपा दिया था। एसपी ने बताया कि पिलखुवा पुलिस ने हिमांशु हत्याकांड का खुलासा करते हुए दोनों आरोपियों को सलाखों के पीछे भेज दिया है।

## गांव का पानी हो रहा दूषित, मोल का पानी पीने के ग्रामीण मजबूर

**रोबिन शर्मा**
**शाह टाइम्स संवाददाता**



**गढ़मुक्तेश्वर।** तहसील के ऐसे कई गांव हैं, जहां का पानी बहुत बड़ी मात्रा में दूषित है और इस दूषित पानी के चलते कैंसर, काला पीलिया हेपेटाइटिस जैसी भयानक बीमारियों ने अपनी बड़ी पकड़ बना रखी है। अनूपशहर गंग नहर शाखा के बराबर से दुषित पानी से युक्त फुलडहरा ड्रैन होकर गुजर रहा है, जो सिंभावली से होकर नहर स्केल स्याना होकर पूठ गंगा में पहुंचता है। इस फुलडहरा ड्रैन के निकट से रझैटी, सलोनी, जमालपुर, बिलाहरा, जखैड़ा रहमतपुर, रजापुर, बहादुरगढ़ सेहल आदि अनेक गांव हैं, जो इस दूषित पानी के कारण भयंकर बीमारियो की गिरफ्त में है और हर वर्ष अनेकानेक मौतें कैंसर से होती चली आ रही हैं, इस दूषित पानी से निजात पाने के लिए यूं तो सरकार की तरफ से गांव-गांव पानी की टंकी लगाने का काम भी सुचारू है, लेकिन बहुतायत में टंकियों की व्यवस्था भी उचित नहीं है और कई जगह है टंकियो से वाटर सप्लाई भी नहीं हो पा रही है। पानी के दूषित होने के चलते अब गांव में पानी मोल यानी पैसे से खरीदकर पीना पड़ रहा है। रझैटी, सलोनी, जखैडा रहमतपुर आदि ऐसे गांव हैं, जहां पर सुबह को पानी का मिनी ट्रक भरकर पहुंचता है, और तकरीबन 15 से 30 रूपये प्रति कैंपर पानी बेचा जा रहा है। बता दें कि इन ग्रामीण क्षेत्रों में 500 टीडीएस तक पीने के योग्य पानी होता है। अगर पानी के अंदर आर्सेनिक और फ्लोराइड की मात्रा अधिक नहीं है। तो 500 टीडीएस तक का पानी बिना फिल्टर में आर ओ के पीने योग्य होता है। डेढ़ सौ से 200 टीडीएस तक की रेंज वाला पानी पीने के लिए सुरक्षित बताया जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक प्रति लीटर पानी में टीडीएस की मात्रा 300 मिलीग्राम से कम होनी चाहिए। अगर 1 लीटर पानी में 300 मिलीग्राम से 600 मिलीग्राम तक टीडीएस हो तो उसे पीने योग्य माना जाता है। हालांकि अगर 1 लीटर पानी में टीडीएस की मात्रा 900 मिलीग्राम से ज्यादा है, तो वह पानी पीने योग्य नहीं होता। पानी में टीडीएस 100 मिलीग्राम से कम हो तो उसमें चीजें तेजी से खुल सकती हैं। प्लास्टिक की बोतल में बंद पानी में कम टीडीएस हो तो उसमें प्लास्टिक के कण घुलने का खतरा भी रहता है। जो स्वास्थ्य के लिए नुकसानदायक है। पानी में मिनरल कम होने के वजह पानी में कम खनिज सामग्री के नुकसान से शरीर के लिये खतरा रहता है। मूलचंद सिंह ने बताया कि अकेले जखैडा रहमतपुर गांव मे हाल ही मे ज्येन्द्र सिंह, रमेश चंद शर्मा सहित कई मौते कैंसर से हुई हैं। संदीप सोम ने बताया कि पानी का दूषित होने के कारण लोगो को पानी मोल खरीदकर पीना पड रहा है। गंदा नाला और दूषित तालाबो के निकट का भी भूगर्भीय जल दूषित है। यहां तक कि पिछले कई सालो से स्यंव उनके घर हैड पंप का पानी नही पिया जाता। पास मे सरकारी हैंड पंप जो चौपाल पर लगा है। उसका पानी पीला और बदबूदार है,ऐसी स्थिति मे पानी पीना सीधा स्वास्थ्य के लिए खतरा ही है।

## पुरानी रंजिश में वकील से चेंबर में घुसकर मारपीट, अधिवक्ताओं में रोष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** गढ़ कोतवाली क्षेत्र की कचहरी में बुधवार दोपहर उस समय तनावपूर्ण माहौल बन गया जब पुरानी रंजिश के चलते दो युवक अचानक एक अधिवक्ता के चैंबर में घुस गए और वकील के साथ जमकर मारपीट करने लगे। अचानक हुए इस हमले से पूरे कचहरी परिसर में भगदड़ जैसी स्थिति पैदा हो गई और वहां मौजूद अधिवक्ता मौके पर दौड़ पड़े।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दोनों युवक अधिवक्ता के बेटे से किसी पुराने विवाद को लेकर काफी समय से रंजिश रखे हुए थे। बुधवार को युवक सीधे चैंबर में जा पहुंचे और बिना कुछ कहे अधिवक्ता पर हमला बोल दिया। बताया जा रहा है कि हाथापाई के दौरान चैंबर में मौजूद दस्तावेज, फाइलें और कुर्सियां तक इधर-उधर बिखर गईं। अधिवक्ता समाज में इस घटना को लेकर भारी आक्रोश देखने को मिला। गुस्साए अधिवक्ताओं ने चैंबर में घुसकर दोनों युवकों को जमकर पीटा और उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए नारेबाजी भी शुरू कर दी। सूचना मिलते ही गढ़ कोतवाली पुलिस टीम मौके पर पहुंची। भारी मुश्किल से पुलिस ने दोनों युवकों को भीड़ से निकालकर किसी तरह हिरासत में लिया और थाने ले गई। अधिवक्ताओं ने कचहरी परिसर में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल उठाए हैं। फिलहाल पुलिस हमले की वजह, पुरानी रंजिश की सच्चाई और घटना में शामिल अन्य लोगों की भूमिका की जांच कर रही है। मामले को लेकर कचहरी में पूरे दिन चर्चा बनी रही।

# फर्जी रॉ अधिकारी गिरफ्तार, एसटीएफ ने दबोचा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** नोएडा एसटीएफ ने बुधवार को एक फर्जी रॉ अधिकारी को गिरफ्तार किया है। आरोपी सुमित कुमार के लैपटॉप में दिल्ली ब्लास्ट से जुड़े वीडियो मिले हैं। एसटीएफ आरा. ेपी को नंगे पैर ही उठाकर ले गई। दरअसल, दिल्ली में कार धमाके बाद सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट मोड में है। संदिग्धों की जांच की जा रही है।

इस दौरान ग्रेटर नोएडा से इनपुट मिला। टीम ने पैरामाउंट गोल्फ फॉरेस्ट सोसाइटी (ग्रेटर नोएडा) में छापा मारा और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के मुताबिक, आरोपी खुद को कभी मेजर अमित और कभी खुद को रॉ का बड़ा अधिकारी बताकर अलग-अलग सोसाइटी में रहता था। उसने एक फर्जी कंपनी भी बनाई थी, जिसमें गलत तरीके से निवेश करवाया जा रहा था। कंपनी से संबंधित दस्तावेज भी एसटीएफ ने बरामद किए हैं। अपर पुलिस अधीक्षक एसटीएफ (नोएडा यूनिट) राजकुमार मिश्रा ने बताया- आरोपी के पास से 10 से ज्यादा रेंट एग्रीमेंट मिले हैं। वह एनसीआर में अलग-अलग जगहों पर नाम बदल-बदलकर रहता था। ग्रेटर नोएडा में करीब एक साल से रह रहा था। आरोपी के पास से भारी मात्रा में फर्जी आईडी, चेक बुक, फर्जी पुलिस वेरिफिकेशन लेटर, डेबिट कार्ड,



क्रेडिट कार्ड और पैन कार्ड बरामद हुए हैं। हालांकि, उसका दिल्ली ब्लास्ट से कोई लिंक है या नहीं, यह अब तक साफ नहीं हो पाया है।

**फर्जी आईडी कार्ड से खुली पोल:** एएसपी एसटीएफ (नोएडा यूनिट) ने बताया कि मंगलवार रात उप निरीक्षक अक्षय परमवीर कुमार त्यागी और उनकी टीम को सूचना मिली कि ग्रेटर नोएडा में कोई फर्जी रॉ अफसर बनकर रह रहा है। मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल ही टीम सोसाइटी में पहुंची। जब हम फ्लैट के बाहर पहुंचे, तो दरवाजा वहां काम करने वाली एक महिला ने खोला। इसी बीच एक व्यक्ति वहां पर आ गया। उसने अपना नाम सुमित कुमार पुत्र स्वर्गीय बृजनंदन शाह बताया। उसके हाथ में पकड़े हुए पर्स की तलाशी ली गई तो उसमें 'कैबिनेट सेक्रेट्रिएट गवर्नमेंट आफ इंडिया' का आई-कार्ड मिला।

कार्ड पर सुमित कुमार आईसी 7623 बी, रैंक- जॉइंट सेक्रेटरी और डेजिगनेशन डायरेक्टर (ऑपरेशन), जेआईसी नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल लिखा था। इसके अलावा कार्ड पर सर्विस रिसर्च एंड एनेलसिस सर्विस का भी जिक्र था। कार्ड पर उसकी जन्मतिथि 25 मार्च 1988 लिखी हुई थी।

**दिल्ली ब्लास्ट से संबंधित वीडियो मिला:** आरोपी के घर तलाशी ली गई। उसके लैपटॉप में दिल्ली ब्लास्ट से संबंधित वीडियो मिले। वीडियो में क्या है। इसकी जानकारी अभी सामने नहीं आई है। आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। साथ ही आगे की जांच जारी है।

**शक पर रॉ ने किया कन्फर्म:** शक होने पर एसटीएफ ने रॉ के वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित किया। जब वे लोग मौके पर आए तो उन्होंने जांच की। पता चला कि इस नाम का कोई भी व्यक्ति उनके विभाग में काम नहीं करता है। जो आई कार्ड उसके पास से बरामद हुआ, वह फर्जी निकला।

**फ्लैट ओनर को नाम मेजर अमित कुमार बताया:**

एसटीएफ ने फ्लैट की मालकिन मंजू गुप्ता से संपर्क किया। मंजू गुप्ता ने बताया कि किराएदार ने खुद को मेजर अमित कुमार बताया था। पुलिस वेरिफिकेशन लेटर भी दिया था। दिल्ली पुलिस के डिप्टी कमिश्नर के लेटर हैड पर मेजर अमित कुमार के नाम का लेटर हमारे पास है। उन्होंने एसटीएफ को वेरिफिकेशन की कॉपी वॉट्सऐप से एसटीएफ को भेजी।

**ये हुआ बरामद:** इसके पास से काफी फर्जी अभिलेख बरामद हुए हैं। इनमें दो फर्जी आईडी, 20 चेक बुक, दिल्ली पुलिस का फर्जी वेरिफिकेशन लेटर, 8 क्रेडिट/डेबिट कार्ड, एक डायरी, 17 एग्रीमेंट, 5 पैन कार्ड, दो आधार कार्ड, तीन वोटर आईडी कार्ड, दो वोटर आईडी कार्ड, दो कंपनी संबंधित रजिस्ट्रेशन कागजात, आईटीआर के कागजात, बैंक स्टेटमेंट, 3 लैपटॉप, दो टैबलेट आदि बरामद शामिल हैं।

# शहर में बनेंगे 19 पावर हाउस, बिजली की समस्याओं से मिलेगा छुटकारा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नए साल में शहर में 19 पावर हाउस बनाए जाएंगे। यह पावर हाउस आधुनिकीकरण परियोजना (मार्डनाइजेशन) के तहत तैयार किए जाएंगे। इससे लोगों को झेलना पड़ रही बिजली की समस्या से निजात मिलेगी। पश्चिमांचल विद्युत निगम लिमिटेड (पीवीवीएनएल) के अधीक्षण अभियंता (तकनीकी) विवेक कुमार पटेल ने बताया कि मार्डनाइजेशन योजना के तहत जिलेभर में नए 19 पावर हाउस बनाए जाएंगे।

यह पावर हाउस शहर के अलग अलग स्थानों पर तैयार किए जाएंगे,बिजली आपूर्ति की समस्या का त्वरित समाधान किया जा सके और निर्बाध बिजली आपूर्ति मिल सकेगी। बता दें, जिले में बिजली निगम के करीब 4.50 लाख उपभोक्ता हैं। अक्सर गर्मियों के दिनों या मानसून सीजन के दौरान बिजली ट्रिपिंग की समस्या कुछ कुछ स्थानों पर आती रहती है। इसे भी खत्म करने के लिए अब नए पावर हाउस अगले साल तक बनकर तैयार हो जाएंगे। इसके लिए शासन स्तर से बजट भी जारी हो



चुका है।

**इन जगहों पर बनेंगे पावर हाउस:** सेक्टर 63 के डी, जी, जे, एच ब्लाक, सेक्टर 117, 65, एनएसईजेड-03, सेक्टर 80 फेस दो, भंगेल व सलारपुर, सेक्टर 80 सी ब्लाक, सेक्टर 140, सेक्टर 138, सेक्टर 124, सेक्टर 126, सेक्टर 16, सेक्टर 108, सेक्टर 132, सेक्टर 8 व सेक्टर 59 में इन पॉवर हाउस की स्थापना की जाएगी। सभी के अलग अलग एसडीओ नियुक्त किए गए हैं।

**हेल्पडेस्क पर फोन कर लें जानकारी:** जिले में आठ हेल्पडेस्क की शुरुआत कर दी गई है। नयी व्यवस्था शुरू होने के चलते हर एक कार्य के लिए विद्युत निगम की अलग अलग टीम कार्य करेंगी। ऐसे में शहरवासियों की सुविधा के लिए आठ हेल्पडेस्क बनाई गई हैं, जो निरंतर कार्यरत रहेंगी।

# गौतमबुद्ध नगर कोर्ट परिसर में अधिवक्ताओं का धरना जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** जनपद गौतमबुद्ध नगर कोर्ट परिसर में जनपद दीवानी एवं फौजदारी बार एसोसिएशन का चुनाव समय पर कराने की मांग को लेकर अधिवक्ताओं का बुधवार को भी कोर्ट परिसर में धरना-प्रदर्शन जारी रहा। इस दौरान अधिवक्ताओं ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि 20 नवंबर को सुबह 10.30 बजे अधिवक्ता चौक पर सभी अधिवक्ता एकत्र होंगे और बार की कार्यकारिणी का पुतला फूंक कर गली नंबर-1 से लेकर गली नंबर-23 तक अधिवक्ताओं से जनसम्पर्क कर धरना स्थल की तरफ प्रस्थान करेंगे।

बार चुनाव की मांग को लेकर धरनारत वकीलों का कहना है कि जब तक कार्यकारिणी समय से चुनाव की घोषणा नहीं करती है तब तक धरना जारी रहेगा। धरनारत वकीलों ने बताया कि बार के वर्तमान कनिष्ठ उपाध्यक्ष देवेन्द्र खारी एड. ने कार्यकारिणी द्वारा समय से चुनाव न कराने के विरोध में अपने पद से त्याग पत्र दे दिया है। धरना स्थल पर मुख्य रूप से पूर्व अध्यक्ष एड. उमेश भाटी देवटा, पूर्व अध्यक्ष एड. मनोज भाटी (बोडाकी), पूर्व सचिव एड. डॉ. देव भाटी, पूर्व सचिव ललित शर्मा, पूर्व सचिव एड. प्रमोद सुनपुरा, पूर्व सचिव एड. सरदार सिंह बंसल, पूर्व सचिव एड ऋषि टाईगर, पूर्व सचिव एड. नीरज सिंह तंवर, पूर्व सचिव धीरेन्द्र भाटी, वरिष्ठ अधिवक्ता शिखर ठकराल, एड. भूपेन्द्र मंगल, एड. दीपक नागर सादुल्लापुर, एड. सुरेन्द्र वैसोया. एड. कृष्ण शिशौदिया, एड. जितेन्द्र चौहान, एड. मनजीत कुलेसरा, एड. जगतपाल भाटी, एड. शिव कुमार बैसला एड., सतेन्द्र नागर एड., शोभाराम चंदिला एड., एड. डॉ0 राकेश घोडी बछेडा, एड. छतरपाल, एड. दुर्गेश सिंह, एड. नीरज रोनी. एड. पंडित राकेश शर्मा, एड. नितिन भाटी, एड. कल्याण नागर, एड. दीपक लोहिया, एड सिंहराज चौधरी, एड. ओपी मधुर चेयरमैन, एंड, गंगेलाल यादव एड., श्याम सिंह चौधरी (पूर्व डीजीसी), एड. विनोद भाटी श्योजराजपुर, एड सतीश भाटी डेरी स्कैनर, एड. अजय चौधरी, एड. मानवेन्द्र नागर, एड. अजय तालान, एड. मोहित भाटी (लुहारली), एड. दीपक नागर काका, एड. अनुज नागर, एड. सुधीर भाटी चिटहैरा, एड. संदीप भाटी चिटहैरा, एड. राकेश जुनपत, एड दीपक त्यागी गेझा, एड तुषार चौधरी, एड. सुनील नागर दुजाना, एड. बलराज भाटी लडपुरा, एड अमित माटी बोडाकी, एड. मोहित नागर, एड. अतुल इमलिया, एड. सुमित नागर दुजाना, एड. उधम सिंह, एड. हरिन्द्र तीगर खेडी, एड. दीपक भाटी सूरजपुर, एड. कपिल मकोडा, एड. सचिन कसाना, एड. राहुल भाटी, एड. नीरज लोहिया, एड राजीव भाटी बोडाकी, एड. वरूण नागर, एड. सोबिन, धर्मेन्द्र नारायण शर्मा सहित अन्य अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# तीन मंजिला निर्माणाधीन इमारत ढही, एक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के दूसरे चरण के लिए अधिग्रहीत और विस्थापित होने वाले नगला हुकम सिंह गांव में तीन मंजिला अवैध निर्माण बुधवार सुबह भरभरा कर गिर गया। इसमें दर्जनों मजदूर मलबे में दब गए। मामले की गंभीरता को देखते हुए मौके पर एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम पहुंची हैं और राहत व बचाव कार्य में जुट गई हैं।

मकान के मलबे से रेस्क्यू कर एक व्यक्ति को बाहर निकाला गया है। सूत्रों के मुताबिक जीशान पुत्र



जाहिद उम्र 22 वर्ष मृत बताया जा रहा है।

हादसे के वक्त मकान में अवैध निर्माण चल रहा था। ग्रामीणों ने बताया की कुछ मजदूर चौथी मंजिल पर निर्माण कार्य में लगी थी जबकि कुछ मजदूर तीसरी मंजिल पर लेंटर में लगी सेटिंग को हटा रहे थे। लेंटर पूरी तरह से पका नहीं था जिसके चलते सेटिंग हटते ही लेंटर भरभरा कर गिर गया। तीसरी मंजिल के लेंटर गिरने के साथ ही पहले और दूसरी मंजिल भी गिर गई।

निर्माण कार्य और सेटिंग निक. ालने में लगे मजदूर तीन मंजिला मकान के मलबे में दब गए सूचना के बाद पुलिस और प्रशासन की टीम राहत और बचाव कार्य में जुटी हुई है। दोपहर तक चार मजदूरों को रेस्क्यू कर बाहर निकाला जा चुका है बाकी मजदूरों की तलाश जारी है।

## एक नजर

### सेक्टर-48 और 78 में बिजली उपकेंद्र बनाने के लिए तीसरी बार टेंडर जारी

**नोएडा (शाह टाइम्स)।** सेक्टर-48 और 78 में बिजली उपकेंद्र बनाने के लिए तीसरी बार टेंडर जारी किया गया है। एजेंसियों से 25 नवंबर तक आवे. दन मांगे गए हैं। नोएडा प्राधिकरण की तरफ से इन दोनों उपकेंद्र के लिए पहली बार किए गए टेंडर में एक-एक एजेंसी आई थी। दूसरी बार जारी किए गए टेंडर में एक भी एजेंसी आगे नहीं आई। अब तीसरी बार फिर से टेंडर जारी किया गया है। प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि 33/11 केवी क्षमता के ये उपकेंद्र बनाए जाने हैं। सेक्टर-48 में 13 करोड़ 49 लाख रुपये की लागत से उपकेंद्र बनाया जाएगा। इसके अलावा सेक्टर-78 में 12 करोड़ 6 लाख रुपये की लागत से सेक्टर-78 में बिजली उपकेंद्र बनाया जाएगा। यह दोनों उपकेंद्र बनने से इन दोनों सेक्टर व आस-पास की बिजली सप्लाई बेहतर होगी। अधिकारियों ने बताया कि तीसरी बार जारी किए गए टेंडर में प्राधिकरण ने 25 नवंबर तक आवेदन मांगे गए हैं।

### पिता-पुत्रों पर जमीन का सौदा कर 45 लाख रुपये हड़पने का आरोप

**नोएडा (शाह टाइम्स)।** कृषि योग्य भूमि का सौदा कर 45 लाख रुपये हड़पने के आरोप में पिता और उसके दो पुत्रों के खिलाफ सेक्टर-126 थाने में न्यायालय के आदेश पर केस दर्ज हुआ है। रुपये वापस मांगने पर पीड़ित को आरोपी धमकी दे रहे हैं। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। कालकाजी दिल्ली निवासी हिमांशु आहूजा ने बताया कि वह और उनके भाई संजय वर्ष 2021 में जमीन खरीदना चाह रहे थे। इसके लिए हिमांशु ने कई प्रापर्टी डीलर से बात की। इसी दौरान परिचित ने बताया कि नोएडा के सेक्टर 50 निवासी राजेश बब्बर और उनके दो बेटे तरूण और समीर अपनी तीन बीघा कृषि भूमि बेचना चाहते हैं।

इसके बाद हिमांशु तीनों से मिले और भूमि खरीदने की इच्छा जताई। तीनों ने चक वसंतपुर में अपनी तीन बीघा जमीन दिखाई। राजेश ने भूमि संबंधी दस्तावेज भी दिखाए। हिमांशु ने दिसंबर 2021 में 45 लाख रुपये बीघे के हिसाब से जमीन का 1.35 करोड़ रुपये में सौदा कर लिया। बयाने के तौर पर 55 लाख रुपये दे दिए। शेष 80 लाख रुपये बैनामा कराने के समय देने की बात हुई। इसी बीच हिमांशु और संजय को पता चला कि पिता-पुत्र की दिखाई जमीन असरगरपुर गोवर्धनपुर गांव में है। वह डूब क्षेत्र में आती है। हिमांशु ने तीनों से बात की तो उन्होंने पिता की बीमारी का बहाना बनाकर टरका दिया। जब बार-बार शिकायतकर्ता अपने रुपये वापस मांगने लगा तो पिता-पुत्र अपना मकान खाली कर कहीं और रहने चले गए। कई दिन बाद पता चला कि वे सेक्टर-128 स्थित एक सोसाइटी में रह रहे हैं। पीड़ित को रुपये मांगने पर जान से मारने की लगातार धमकी मिल रही है।

### गलत दवा देने से गर्भवती व शिशु की हुई थी मौत, कोर्ट के आदेश पर केस दर्ज

**नोएडा (शाह टाइम्स)।** सेक्टर-112 स्थित भारत मल्टी स्पेशियलिटी अस्पताल में गलत दवा देने से गर्भवती महिला और शिशु की मौत हो गई थी। आरोप स्टाफ पर लगे थे। अब अक्तूबर की घटना में कोर्ट के आदेश पर कोतवाली सेक्टर-113 पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

सोरखा गांव में रहने वाले सलीम ने कोर्ट में अर्जी दी कि उनकी बहू शबाना गर्भवती थी। प्रसव पीड़ा पर शबाना को 9 अक्टूबर को सेक्टर 112 स्थित भारत मल्टी स्पेशियलिटी अस्पताल में भर्ती कराया। परिजनों ने शबाना के ब्लड प्रेशर के बारे में जानकारी दी थी। इलाज शुरू हुआ और अस्पताल के स्टाफ ने दवा दी। 15-20 मिनट बाद स्टाफ की हलचल, अफरा-तफरी देखकर सलीम के साथ उनके बेटे शाहरुख पत्नी के पास पहुंचे तो शबाना के मुंह से खून आ रहा था। जानकारी मिलते ही मौके पर पुलिस भी पहुंची। अस्पताल प्रबंधन ने शबाना को फोर्टिस अस्पताल रेफर किया। वहां ले जाने पर चिकित्सकों ने शबाना को मृत घोषित कर दिया।

## जिले के 3090 वाहनों का पंजीकरण निरस्त

**नोएडा।** परिवहन विभाग ने जिले के 3090 वाहनों का पंजीकरण निरस्त कर दिया। समय सीमा पूरी करने के कारण यह कार्रवाई की गई। इनमें 10 साल पुराने 2339 डीजल और 15 वर्ष की अवधि पूरी कर चुके 751 पेट्रोल वाहन शामिल हैं। परिवहन विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक अप्रैल से सितंबर तक की यह कार्रवाई है। एआरटीओ प्रशासन नंदकुमार ने कहा कि जिले में लगभग 40 हजार पुराने वाहनों का पंजीकरण निरस्त किया जा चुका है। इस प्रक्रिया से पहले वाहन मालिकों को मौका दिया जाता है कि वे अना. पत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करके दिल्ली-एनसीआर से बाहर अपने वाहन ले जाएं।

# शीतला माता मंदिर का प्रसाद खाने से पुजारी समेत सात लोग बीमार, दो की हालत नाजुक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट के बिसरख कोतवाली क्षेत्र के चक साहवेरी गांव स्थित शीतला देवी मंदिर का प्रसाद खाने से बुधवार को पुजारी समेत सात लोग बीमार पड़े। जिन्हें स्थानीय लोगों की मदद से जिला अस्पताल और ग्रेनो वेस्ट के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इनमें से दो लोगों की हालत नाजुक बताई जा रही है। वहीं सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में लगी हुई है। पुलिस का कहना है कि सभी बिंदुओं पर गहनता से जांच की जाएगी।

ग्रेटर नोएडा वेस्ट बिसरख कोतवाली क्षेत्र के चक साहवेरी गांव स्थित शीतला देवी मंदिर में सुबह पौने सात बजे की आरती के बाद प्रसाद वितरित किया गया था। प्रसाद को स्वयं पुजारी ने भी खाया था। स्थानीय लोगों के अनुसार प्रसाद खाते ही जहां पर लग रहा था वह स्थान पर कट बना रहा था। प्रसाद खाने वाले पुजारी समेत सात लोग बीमार हो गए हैं, इनमें से दो लोगों की हालत अभी भी नाजुक बताई जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि सुबह जब गांव की महिलाएं मंदिर की सफाई करने आई थी, तो वहां गेट पर पहले से एक प्रसाद की पन्नी बंधी हुई थी, जिसे उन लोगों ने मंदिर के अंदर सफाई करने के बाद रख दी थी।

**तीन को जिला अस्पताल किया रेफर:** जब पुजारी के द्वारा रोजाना की तरह सुबह की आरती की गई तो वहां उपस्थित सभी भक्तों को प्रसाद दिया गया। प्रसाद खाते ही लोगों की तबीयत बिगड़नी शुरू हो गई। प्रसाद खाने वाले सात लोगों में से तीन लोगों को जिला अस्पताल नोएडा में भर्ती कराया गया था, जिनमें से दो लोगों को हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया।

वहीं एक को प्राथमिक उपचार के बाद उसे छुट्टी दे दी गई। बाकी के चार लोगों का उपचार ग्रेनो वेस्ट के एक निजी अस्पताल में चल रहा है। वहीं पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

## पांच हजार की आबादी की दिक्कत होगी दूर

**नोएडा।** सेक्टर-143 स्थित गढ़ी-शहदरा में प्राधिकरण के अधिकारियों ने 15 वर्षों से अधूरी पड़ी सीवर लाइन को करीब ढाई करोड़ रुपये की लागत से मेन ड्रेन से जोड़कर लोगों को राहत देने का फैसला किया है। मंगलवार से गांव में प्राधिकरण ने खोदाई का काम शुरू करा दिया। भारतीय किसान यूनियन भानु से प्रदेश के वरिष्ठ उपाध्यक्ष व ग्राम विकास समिति गढ़ी - शहदरा के अध्यक्ष ने इसे लोगों की जीत बताया है।

वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुभाष भाटी ने बताया कि गढ़ी-शहदरा में सीवर लाइन न होने से लोगों को गंदगी व बदबू झेलनी पड़ रही थी। वह बीते कई वर्षों से वह तमाम लोगों के साथ प्राधिकरण में सीवर लाइन की मांग के लिए चक्कर काट रहे थे। इसके बाद तत्कालीन अधिकारियों ने गांव में सीवर लाइन बिछाने का काम तो कराया था, लेकिन उसे मेन ड्रेन न जोड़कर अधूरा ही छोड़ दिया। 15 साल पहले डाली गई थी अधूरी सीवर लाइन मेन लाइन से नहीं जुड़ने पर लोगों को गंदगी व बदबू झेलनी पड़ रही थी।

# सुपरटेक इकोसिटी में वेतन न मिलने पर 42 सुरक्षाकर्मियों ने की अघोषित हड़ताल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-137 स्थित सुपरटेक इकोसिटी सोसायटी में एनसीएलटी में सुनवाई से पहले मंगलवार को 42 सुरक्षा कर्मी वेतन न मिलने पर अघोषित हड़ताल कर चले गए। एओए के लोग एजेंसी से अतिरिक्त गार्डों की व्यवस्था करने में जुटे हैं। सुरक्षा के लिए पदाधिकारियों ने अधिकतर गेट बंद कर दिए गए।

एओए में उपाध्यक्ष ओमदत्त शर्मा ने बताया कि सोसायटी की सुरक्षा व रखरखाव सुपरटेक बिल्डर की एजेंसी वाईजी एस्टेट करती है। आरोप है कि तीन महीने से सुरक्षाकर्मियों का वेतन समय से नहीं मिलता। 13 नवंबर की सुबह आठ बजे से दोपहर तक कोई सुरक्षा कर्मी नहीं था। एओए के हस्तक्षेप करने पर वाईजी मैनेजमेंट ने 17 नवंबर तक वेतन देने का आश्वासन दिया।

सुरक्षाकर्मी वापस काम पर लौटे लेकिन, मंगलवार तक वेतन न मिलने पर सुरक्षा कर्मियों ने अघोषित हड़ताल कर दी। खबर लिखे जाने तक में दो कर्मी तैनात थे। सोसायटी के 2150 फ्लैट में करीब दस हजार निवासी रहते हैं। उनकी सुरक्षा खतरे में है। एओए ने सुरक्षाकर्मियों की गैर मौजूदगी में गेट बंद रखने का निर्णय लिया।

**जिलाधिकारी और पुलिस आयुक्त समेत अन्य अधिकारियों से शिकायत:** उनका कहना है कि एओए बनने के बाद सोसायटी का रखरखाव व सुरक्षा की जिम्मेदारी निर्वाचित पदाधिकारियों को हस्तांतरित होनी थी लेकिन, एओए के नोटिस देने पर भी वाईजी एस्टेट एजेंसी ने ऐसा नहीं किया। यह मामला एनसीएएलटी में चल रहा है। इस मामले की सुनवाई 21 नवंबर को होनी है। कोर्ट व प्रशासन के आदेश अनुसार सुनवाई होने तक एजेंसी को सुरक्षा व रखरखाव करना था लेकिन, वैसे काम नहीं हो रहा। उन्होंने पुलिस आयुक्त, जिलाधिकारी समेत अन्य अधिकारियों को ई-मेल भेजी है। इस मामले में वाईजी एस्टेट के निदेशक नीतीश अरोड़ा को दो बार काल से संपर्क किया लेकिन उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया।

# 25 नवंबर को कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन

**किसान प्लॉट, मुआवजे और सर्किल रेट बढ़ाने की मांग करेंगे**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** किसान संघर्ष मोर्चा ने घोषणा की है कि 25 नवंबर को बड़ी संख्या में किसान सूरजपुर स्थित जिला कलेक्ट्रेट पर धरना प्रदर्शन करेंगे। यह प्रदर्शन किसानों की विभिन्न लंबित मांगों को लेकर किया जाएगा।

किसान एकता संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सोरेन प्रधान ने बताया कि प्रदेश में लगभग चार लाख किसान 10%विकसित प्लॉट के अधिकार से वंचित हैं। इनमें ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में लगभग 1.5 लाख, नोएडा में लगभग 1.5 लाख और यमुना प्राधिकरण में लगभग 1 लाख किसान शामिल हैं। भारतीय किसान परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखबीर खलीफा ने कहा कि किसानों के लगातार आंदोलनों के बाद हाई पावर कमेटी ने अधिग्रहित आबादियों को लीजबैक पर वापस करने की सिफारिश की थी। माननीय मुख्यमंत्री ने प्रमुख सचिव (औद्योगिक विकास) की अध्यक्षता में एक मॉनिटरिंग कमेटी भी बनाई थी तथा स्वयं मुख्यमंत्री ने किसान संघर्ष मोर्चा के प्रतिनिधियों से इस संबंध में सकारात्मक आश्वासन दिया था। इसके बावजूद, ये मामले अभी भी लंबित हैं और प्राधिकरण ने इन्हें बोर्ड बैठक में प्रस्तावित तक नहीं किया है।

किसान सभा के जिला अध्यक्ष डॉ. रुपेश वर्मा ने बताया कि जून 2023 में किसान सभा के आंदोलन के परिणामस्वरूप डीएम गौतम बुद्ध नगर ने सर्किल रेट रिवीजन हेतु कमेटी बनाई थी, लेकिन आज तक कोई पुनरीक्षण नहीं किया गया। गौतम बुद्ध नगर में 2014 से सर्किल रेट नहीं बदले गए हैं। उन्होंने यह भी बताया कि कई स्थानों पर किसानों की जमीन का जबरन अधिग्रहण किया जा रहा है।

# नोएडा की हवा गंभीर श्रेणी में पहुंची

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा की हवा छह दिन बाद बुधवार को गंभीर श्रेणी में पहुंच गई। यहां का एक्यूआई 409 दर्ज किया गया। इससे पहले 12 नवंबर को शहर का एक्यूआई 400 के पार गया था। वहीं, ग्रेटर नोएडा के एक्यूआई थोड़ा कम हुआ, लेकिन हवा लगातार दूसरे दिन भी गंभीर श्रेणी में रही। ग्रेटर नोएडा का एक्यूआई बुधवार को 420 रहा। एक दिन पहले के मुकाबले यह 34 अंक कम हुआ। वहीं, नोएडा के एक्यूआई में 19 अंक की बढ़ोतरी दर्ज की गई। नोएडा और ग्रेटर नोएडा में सबसे प्रदूषित स्थान नॉलेज पार्क फाइव रहा। यहां का एक्यूआई 473 रहा।

नोएडा और ग्रेटर नोएडा में सिर्फ सेक्टर-62 का एक्यूआई 400 से कम रहा। गाजियाबाद के बाद ग्रेटर नोएडा देश का दूसरा सबसे प्रदूषित शहर रहा। पांच स्थानों पर पीएम 2.5 और पीएम 10 का अधिकतम स्तर 500 के पार कर गया। नोएडा में इस महीने एक दिन भी स्वच्छ हवा नहीं मिली। तीन दिन हवा गंभीर श्रेणी में रही। शहर का एक्यूआई 13 दिन बेहद खराब और तीन दिन खराब श्रेणी में रहा। वहीं, ग्रेटर नोएडा में सिर्फ एक दिन एक्यूआई 200 से कम रहा। पांच दिन हवा गंभीर श्रेणी में रही। शहर का एक्यूआई आठ दिन बेहद खराब और पांच दिन खराब श्रेणी में दर्ज किया गया।

# महिला आयोग ने दिया सशक्तीकरण का संदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश महिला आयोग की सदस्य की अध्यक्षता में बुधवार को बादलपुर के राजकीय कन्या इंटर कॉलेज में शक्ति संवाद कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में छात्राओं के साथ शिक्षिकाओं व स्थानीय महिलाओं ने हिस्सा लिया।

आयोग की सदस्य डॉ. मीनाक्षी भराला ने उनको सरकार की सुरक्षा, शिक्षा समेत अन्य योजनाओं की जानकारी दी। बताया कि सुरक्षा के लिए महिला हेल्पलाइन 181, वूमेन पावर लाइन 1090, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मिशन शक्ति, वन स्टॉप सेंटर व अन्य सेवाओं के बारे में बताया। कहा कि बालिकाओं का आत्मनिर्भर, सुरक्षित और सम्मानजनक भविष्य सरकार की



प्राथमिकता है। जागरूकता ही सशक्तिकरण का पहला कदम है। यहां के बाद आयोग की सदस्य बिसरख ब्लॉक के सभागार पहुंचीं। जहां उन्होंने महिला जनसुनवाई की। जनसुनवाई के दौरान उन्होंने महिलाओं की शिकायतों को ध्यानपूर्वक सुना और मौजूद अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस मौके पर गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की रस्म अदा की गई। साथ ही छोटे बच्चों को ठोस आहार खिलाया गया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ मातृत्व और सुरक्षित बचपन समाज की प्रगति का आधार हैं। कार्यक्रम में पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे।

# प्रत्येक सप्ताह आरोग्य मेले का निरीक्षण होगा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का निरीक्षण प्रत्येक सप्ताह होगा, इसके लिए उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी सहित अन्य डॉक्टरों को भी काम सौंपा गया है। ताकि आरोग्य मेले में मरीजों को और बेहतर सुविधाएं मिले। प्रत्येक रविवार को लगने वाले आरोग्य मेले का निरीक्षण डिप्टी सीएमओ, स्वास्थ्य केंद्रों के प्रभारी डॉक्टरों सहित अन्य अधिकारी करेंगे।

नोएडा के स्वास्थ्य केंद्रों में लगने वाले मेले में निरीक्षण के लिए डिप्टी सीएमओ स्तर के अधिकारियों की ड्यूटी लगेगी। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य केंद्रों के प्रभारी सहित अन्य अधिकारी निरीक्षण करेंगे। निरीक्षण के लिए रोस्टर बना लिया गया है। 23 नवंबर से इसकी शुरुआत होगी।।पहले निरीक्षण के लिए जिला मलेरिया अधिकारी को काम सौंपा गया था।

अब प्रत्येक रविवार को हरेक आरोग्य मेले का निरीक्षण होगा। जिला मलेरिया अधिकारी श्रुति कीर्ति वर्मा ने बताया कि शासन की ओर से आए निर्देश के अनुसार रोस्टर बनाने का काम पूरा कर लिया गया है। अगले रविवार से प्रत्येक आरोग्य मेले का निरीक्षण नियमित रूप से होगा।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

**जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा**

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email: parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# वीजा फर्जीवाड़ाः बरेली में नाइजीरिया का छात्र युसूफ भेजा गया जेल

■ फोन और लैपटॉप की होगी फॉरेंसिक जांच



शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** नाइजीरिया और सूडान के दो छात्रों ने विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय (एफआरआरओ) लुधियाना का फर्जी पंजीकरण प्रमाणपत्र बनाया था। वीजा अवधि बढ़ाने के लिए ऑनलाइन आवेदन के दौरान इसका इस्तेमाल कर फर्जीवाड़ा करने का प्रयास किया। बरेली पुलिस की जांच में इसका खुलासा हुआ तो दोनों छात्रों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई। इसके बाद आरोपी नाइजीरिया के छात्र युसूफ बाला को गिरफ्तार किया गया। बुधवार को उसे जेल भेज दिया गया।

बरेली में वीजा अवधि में विस्तार के लिए फर्जीवाड़ा के आरोपी नाइजीरिया के छात्र युसूफ बाला को बारादरी थाना पुलिस ने बुधवार को न्यायिक मजिस्ट्रेट के कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। फर्जीवाड़ा में युसूफ का सहयोग करने वाले छात्र अयूब की गिरफ्तारी के लिए अब बृहस्पतिवार को पुलिस टीम पंजाब जाएगी। कुछ औपचारिकताएं पूरी न होने के कारण बुधवार को पुलिस टीम की रवानगी नहीं हो सकी। बुधवार को आरोपी छात्र को कोर्ट में पेश करने से पहले आईबी और एटीएस की टीमों ने भी उससे पूछताछ कर आतंकी कनेक्शन तलाशने की कोशिश की। छात्र का कोई आतंकी कनेक्शन अब तक सामने नहीं आया है। उसके मोबाइल फोन और लैपटॉप को कब्जे में ले लिया गया है। इसको जांच के लिए विधि विज्ञान प्रयोगशाला भेजा जाएगा। युसूफ ने सिटी यूनिवर्सिटी लुधियाना पंजाब में 31 जनवरी को बीसीए कोर्स में प्रवेश लिया। इसके बाद 19 जुलाई को महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड यूनिवर्सिटी (रुहेलखंड विश्वविद्यालय) बरेली में बीएमएस प्रथम वर्ष में प्रवेश ले लिया। उसकी वीजा अवधि 22 दिसंबर 2025 तक वैध है।

### फर्जीवाड़ा कर रुहेलखंड विश्वविद्यालय में लिया था प्रवेश

युसूफ ने छात्र वीजा की अवधि बढ़ाने के लिए आवेदन किया, जिसके संबंध में गोपनीय जांच एवं जानकारी से यह पाया गया कि युसूफ द्वारा पूर्व में जब सिटी यूनिवर्सिटी लुधियाना से रुहेलखंड विश्वविद्यालय में बीएमएस पाठ्यक्रम में प्रवेश लिया गया तो नियमानुसार विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय (एफआरआरओ) अमृतसर से स्थानांतरण पंजीकरण प्रमाण/अनुमोदन प्रमाण पत्र प्राप्त किया जाना था, लेकिन उसके द्वारा बिना अनुमोदन प्रमाण पत्र के ही रुहेलखंड यूनिवर्सिटी में प्रवेश ले लिया गया। एसपी सिटी मानुष पारीक ने बताया कि जांच की जा रही है।

यूसुफ का सहयोग करने वाले छात्र को भी गिरफ्तार कर पूछताछ की जाएगी। यूनिवर्सिटी के होस्टल में उसके साथ रहने वाले कुछ विदेशी छात्रों से भी पूछताछ की गई है।

# पति ने पत्नी को पीट कर किया लहूलुहान, रिपोर्ट दर्ज



शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** पति-पत्नी में हुए आपसी विवाद में पति ने पत्नी पर डण्डे से ताबड़तोड़ प्रहार कर घायल कर दिया। खून से लथपथ पत्नी कोतवाली पहुंची, जिसपर पुलिस ने उसे सीएचसी पहुंचाया। हालत गम्भीर होने पर उसे महानगर भेजा गया है। विवाहिता के भाई की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी पति के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है।

कस्बे की बस्ती चाणक्यपुरी के रहने वाले रामदास का पुत्र अमित गुप्ता (40) अपनी पत्नी रिंकी के साथ रहता है, जबकि उसके माता-पिता मटकापुर गांव में रहते हैं। मंगलवार की दोपहर में पति-पत्नी में किसी बात पर विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर अमित ने अपनी पत्नी रिंकी की डण्डे से बेरहमी से पिटाई कर डाली, जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गई। पति उसे घायल अवस्था में छोड़कर चला गया। खून से लक्षपथ रिंकी कोतवाली पहुंच गई तो पुलिस ने तत्काल ही उसे उपचार के लिए सीएचसी भिजवाया। जहां से हालत गम्भीर होने पर उसे महानगर भेज दिया गया। रिंकी के भाई राजेश गुप्ता की तहरीर पर पुलिस ने आरापी पति के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है। रिंकी का मायका उत्तरांचल के खटीमा में है। बताया जाता है कि उसका विवाह 14 वर्ष पूर्व अमित के साथ हुआ था, जिससे उसका एक पुत्र भी है।

## एक नजर

# जवाहरपुर में हजरत अहमद अली शाह दादा मियां का उर्स शुरू



शाह टाइम्स संवाददाता

**बहेड़ी।** जवाहरपुर स्थित दरगाह हजरत अहमद अली शाह दादा मियाँ (घेरे वाले मियाँ) का सालाना उर्स बुधवार को दोपहर बाद नमाज-ए-जोहर के बाद कुरआन ख्वानी और कुल शरीफ के साथ शुरू हुआ। उर्स के आगाज के साथ ही दूर-दराज इलाकघें से अकीदतमंदों का पहुंचना शुरू हो गया है। शाम को बाद नमाज-ए-ईशा कव्वाली का प्रोग्राम आयोजित होगा। वहीं आज 20 नवंबर को सुबह 10 बजे बड़ा कुल शरीफ, दोपहर 2 बजे चादरपाशी और रात 8 बजे मजलिस का आयोजन होगा। इसके बाद मियाँ जी मरीजों पर फूँक करेंगे। आज के कुल शरीफ में सज्जादानशीन हाजी जमीर अखघ्तर उर्फ गुड्डू मियाँ ने दुआ कराई। उर्स की व्यवस्थाओं में आरिफ एडवोकेट, अनवार मलिक (प्रधान), अहमद रजा, अंसार तराना, जलीस सदर साब, जाहिद, हाजी जफर, साइम अखघ्तर, दीपक, अनुभव अरोड़ा, तरसेम सिंह, हैप्पी सिंह सहित कई लोग शामिल रहे।

# दबंगों ने चकरोड पर किया कब्जा

शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** लाख आदेश व निर्देशों के बाद भी दबंग चकरोडों पर कब्जा करने से बाज नहीं आ रहे हैं। ताजा मामला क्षेत्र के गांव पिपरा निगाही का है।

**ग्रामीणों की शिकायत पर एसडीएम ने कार्यवाही के दिए आदेश**

ग्राम के मुशर्रफ खां, परमेश्वरी दयाल, मुन्ना लाल द्वारा एसडीएम उदित पवार से एक शिकायती पत्र देकर कहा है कि ग्राम सैदपुर और पिपरा निगाही के बीच एक सरकारी चकमार्ग चल रहा है। आरोप है कि उक्त चकमार्ग पर ग्राम सैदपुर के दबंगों ने कब्जा कर उसे अपने-अपने खेत में मिला लिया है। चकमार्ग के अपने-अपने खेत में मिला लेने से किसानों को अपने खेतों पर आने जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्राम के लोगों द्वारा दिए गए इस शिकायती पत्र को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम उदित पवार ने तहसीलदार दुष्यन्त प्रताप सिंह को कार्यवाही के आदेश दिए हैं।

# पीएम ने किसान सम्मान निधि की 21वीं किस्त जारी

■ कोयंबटूर से सीधा प्रसारण, बरेली में जनप्रतिनिधियों ने देखा



शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोयंबटूर से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 21वीं किस्त जारी की। इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण बरेली के विकास भवन सभागार में देखा गया, जिसमें राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) सहकारिता विभाग/प्रभारी मंत्री जेपीएस राठौर सहित कई जनप्रतिनिधि और किसान मौजूद थे।

इस अवसर पर उपस्थित किसानों ने राज्य मंत्री जेपीएस राठौर के समक्ष अपनी समस्याएं और सुझाव रखे। उन्होंने सरकारी योजनाओं के तहत बैंकों से आसानी से ऋण उपलब्ध कराने की मांग की। किसानों ने गन्ना तौल में तेजी लाने, निराश्रित पशुओं और बंदरों की समस्या के समाधान का भी अनुरोध किया। इसके अतिरिक्त, बरेली में एक एम्स की स्थापना और मनरेगा को कृषि व्यवस्थाओं से जोड़ने की अपील भी की गई। किसानों ने बिजली के खंभों को पूरी तरह से न हटाए जाने की समस्या भी उठाई, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बना हुआ है। इस पर राज्य मंत्री ने विद्युत विभाग को संबंधित खंभों को पूरी तरह से हटवाने के निर्देश दिए। उप निदेशक कृषि ने बताया कि किसान सम्मान निधि योजना जनवरी 2019 में शुरू हुई थी। इसके तहत प्रतिवर्ष किसानों के खातों में 6000 रुपये की धनराशि सीधे हस्तांतरित की जाती है। प्रधानमंत्री ने आज इस योजना की 21वीं किस्त डीबीटी के माध्यम से जारी की।

कार्यक्रम में महापौर उमेश गौतम, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, विधायक नवाबगंज डा. एमपी आर्य, जिलाध्यक्ष भाजपा (आंवला) आदेश प्रताप सिंह, मुख्य विकास अधिकारी देवयानी, उप निदेशक कृषि अमर पाल, जिला कृषि अधिकारी ऋतुषा तिवारी सहित कई अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

# एकता यात्रा का किया गया आयोजन



शाह टाइम्स संवाददाता

**बहेड़ी।** विधानसभा में आयोजित एकता यात्रा का आयोजन किया गया। जहां केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद ने यात्रा का नेतृत्व किया। यात्रा बहेड़ी के अलग-अलग स्थानों से होकर गुजरी। यात्रा के बाद केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद ने जनसभा को सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि जिस तरह से सरदार पटेल ने पूरे देश को एक सूत्र में बांधने का काम किया, ऐसे ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश को एक करने का प्रयास कर रहे हैं। देश में हर वर्ग के लिए काम हो रहा है, किसान से लेकर मजदूर तक देश में खुश है।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने शिरकत की। कार्यक्रम के बाद मिडिया से बात करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भाजपा भव्य यात्राएं निकालकर सरदार वल्लभभाई पटेल को सच्ची श्रद्धांजलि दे रही है, और इन यात्राओं को जिस तरह से अपार्जन समर्थन मिल रहा है वह उनके लिए जनता का प्यार है। उन्होंने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने देश के लिए एक भारत श्रेष्ठ भारत की जो परिकल्पना की थी, उसको प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूरा कर रहे हैं। बिहार चुनाव में एनडीए की जीत को लेकर केंद्रीय मंत्री ने कहा की बिहार में जनता ने एनडीए और उसके घटक दलों को जो प्यार दिया है, उसके बाद विपक्ष के लोगों को कहीं झांकने की जगह नहीं मिल रही है। इस अवसर पर कुंवर महाराज सिंह, संसद बरेली छत्रपाल सिंह गंगवार, जिला अध्यक्ष सोमपाल शर्मा, ब्लॉक प्रमुख अर्मारंदर सिंह गोल्डी, चौधरी ओमवीर सिंह, भूपेंद्र कुर्मी, पालिका अध्यक्ष पति अजय जायसवाल, महेश शर्मा, राहुल गुप्ता, जयेंद्र सिंह, मंडल अध्यक्ष अध्यक्ष सुनील रस्तोगी, आलोक गंगवार के अलावा पदाधिकारी-कार्यकर्ताओं के साथ स्कूलों के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# महिला ने धार्मिक ग्रंथ जलाए जाने का आरोप लगाया

शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** कस्बे की एक महिला ने घर में घुसकर मारपीट करने के साथ ही धार्मिक ग्रंथ जलाए जाने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है।

**घर में घुसकर की मारपीट, पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट**

कस्बे की जामा मस्जिद क्षेत्र के रहने वाले इम्तियाज अहमद की पत्नी नईमा द्वारा दर्ज कराई गई रिपोर्ट में अपने पड़ोस के सगे भाईयों कजूब, अजूब और अजूब की पुत्री मुंबशरा पर घर में घुसकर मारपीट करने के साथ ही घर में रखे धार्मिक ग्रंथ को जलाए जाने का आरोप लगाया है। पुलिस को दी गई तहरीर में उसने मारपीट में अपनी पुत्रियों मैसर जहां, गुलबशा के घायल होने की बात कही है। पुलिस ने नईमा द्वारा दी गई तहरीर पर सभी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दूसरी ओर बुधवार को कस्बे की जामा मस्जिद के रहने वाले अब्दुल कयूम ने पुलिस को एक तहरीर देकर इम्तियाज उर्फ बुल्ला, उसके पुत्रों जुबैर, उमर, पुत्रियां महशर, फरीदा, अनवर जहां और गुलफ्शा पर घर में घुसकर मारपीट करने का आरोप लगाया है। पुलिस इसकी भी जांच कर रही है।

# भाजपा ने निकाली एकता यात्रा



शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में शिवाजी चौक (शील चौराहा) से एकता यात्रा आरंभ हुई। यात्रा स्वयंवर बरातघर, झूलेलाल द्वार होते हुए शहीद पंकज अरोरा चौक से सूद धर्मकांटा मार्ग के रास्ते मनोहर भूषण इंटर कॉलेज तक गई। यात्रा के मुख्य अतिथि प्रदेश के वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार रहे।

एमबी इंटर कॉलेज मैदान में बुधवार को आयोजित सभा में जिले के प्रभारी मंत्री जेपीएस राठौर ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल का जीवन दर्शन देश की एकता और अखंडता के लिए प्रेरक है। युवा पीढ़ी को सरदार पटेल से सीख लेकर राष्ट्रनिर्माण के लिए आगे आना चाहिए। यदि सरदार पटेल देश के पहले प्रधानमंत्री होते तो जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने की आवश्यकता ही नहीं पड़ती और देश कई चुनौतियों से बच जाता। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत तेजी से आत्मनिर्भर और शक्तिशाली राष्ट्र बन रहा है।

सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती समारोह के क्रम में प्रदेश के वन एवं पर्यावरण मंत्री अरुण कुमार के नेतृत्व में शहर विधानसभा क्षेत्र में एकता यात्रा निकाली गई। यात्रा शिवाजी चौक (शील चौराहा) से शुरू होकर एमबी इंटर कॉलेज तक गई। पदयात्रा का व्यापारी और सामाजिक संगठनों ने पुष्प वर्षा से स्वागत किया। मंत्री अरुण कुमार ने कहा कि आज उस महान व्यक्तित्व की 150वीं जयंती मनाई जा रही है, जिनको इस देश की एकता का सूत्रधार कहा जाता है। महापौर उमेश गौतम, महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना, सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, एमएलए संजीव अग्रवाल, अनिल सक्सेना, श्रुति गंगवार, देवेंद्र जोशी सहित कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# न्याय पंचायत स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाए जौहर

## बालक वर्ग में समीर तो बालिका वर्ग में शिवांगी रहे अव्वल



शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** न्याय पंचायत स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता बुधवार को हाफिजगंज में खेली गई। प्रतियोगिता में प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक स्तर के खिलाड़ियों ने अपने-अपने जौहर दिखाए।

प्राथमिक स्तर के बालक वर्ग की 50 मीटर दौड़ में टांडा सादात के प्राथमिक विद्यालय के समीर ने पहला तो प्राथमिक विद्यालय सुडयावा के युगेश ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। 100 मीटर में टांडा सादात प्राथमिक विद्यालय के मो0 आसिफ ने पहला तो सैंथल प्राथमिक विद्यालय के अली शान ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर दौड़ में लाडपुर उस्मानपुर के अजमत ने पहला तो टांडा सादात प्राथमिक विद्यालय के मो. अली ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। इसके साथ ही 400 मीटर दौड़ में टांडा सादात प्राथमिक विद्यालय के मो0 आसिफ ने पहला तो सेंथल के अली शान ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। लम्बी कूद में मो0 आशिक टांडा सादात ने पहला और इसी विद्यालय के आमिर अली ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। कबड्डी में भी टांडा सादात ने पहला और सुंडयावा ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। इसके साथ ही बालिका वर्ग में भी टांडा सादात की ही छात्राओं का जलवा रहा। 50 मीटर में टांडा सादात की शिवांगी ने पहला तो इसी विद्यालय की रोशनी ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। 100 मीटर दौड़ में भी टांडा सादात की छात्रा सुगरा ने पहला तो इसी विद्यालय की छात्रा उजाला ने दूसरा स्थान पाया।

इसके साथ ही पूर्व माध्यमिक स्तर की 100 मीटर दौड़ में हाफिजगंज के मो. आसिफ ने प्रथम तो इसी विद्यालय के कुंवरपाल ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर दौड़ में भी इसी विद्यालय के इमरान ने पहला तो इसी विद्यालय हाफिजगंज के उवैस ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर दौड़ में भी इसी विद्यालय के छात्र इमरान और सुन्डयावा के फूलचंद ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। 600 मीटर दौड़ में टांडा सादात के पूर्व माध्यमिक विद्यालय के छात्र मो0 आसिफ ने पहला तो सुडयावा के कपिल ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। पूर्व माध्यमिक स्तर बालिका वर्ग की 100 मीटर दौड़ में सेंथल की छात्रा शिफा ने पहला तो हाफिजगंज की जोया ने दूसरा, 200 मीटर दौड़ में सैंथल की चमन फातिमा ने पहला तो हाफिजगंज की रिफा ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर दौड़ में सुंडयावा की चांदनी ने प्रथम तो इसी विद्यालय की उमादेवी ने दूसरा, 600 मीटर दौड़ में इसी विद्यालय की उमा देवी ने पहला तो इसी विद्यालय की संगीता ने दूसरा स्थान पाया। लम्बी कूद में भी इसी विद्यालय की उमा देवी ने पहला तो दूसरे स्थान पर भी इसी विद्यालय की संगीता रही।

# एसबीआई एससी-एसटी संघ का चुनाव घोषित

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** भारतीय स्टेट बैंक अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति कर्मचारी कल्याण संघ, लखनऊ मंडल ने सत्र 2025-2027 के लिए अपने त्रिवार्षिक चुनाव की आधिकारिक घोषणा कर दी है। यह घोषणा 14 सितंबर 2025 को लखनऊ के रमाबाई अंबेडकर भवन के निकट शहीद पार्क में आयोजित एक बैठक में की गई। बैठक की अध्यक्षता संघ के लखनऊ मंडल उपाध्यक्ष अजय प्रताप सिंह ने की।

**लखनऊ मंडल में 2025-2027 सत्र के लिए त्रिवार्षिक चुनाव प्रक्रिया शुरू**

बैठक में संघ के बायलॉज के अनुसार सर्वसम्मति से चुनाव अधिकारियों की नियुक्ति की गई। पूर्व सहायक महाप्रबंधक शिव बाबू को मुख्य चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया है। संतोष कुमार (पूर्व प्रबंधक) और रामाशंकर सोनकर (उप प्रबंधक) को सहायक चुनाव अधिकारी बनाया गया है। चुनाव प्रक्रिया को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाएगा। सबसे पहले, जिला कार्यकारिणी और अंचल कार्यकारिणी का गठन होगा। सभी जिला कमेटियों को 30 नवंबर 2025 तक अपने-अपने क्षेत्र की अंचल कमेटियों का चुनाव पूरा करना होगा। संबंधित अंचल उप-चुनाव अधिकारी द्वारा अंचल कमेटियों की अंतिम सूची मुख्य चुनाव अधिकारी को भेजी जाएगी। इसके बाद, मंडल कार्यकारिणी का चुनाव 20 दिसंबर 2025 को कानपुर के श्यामला नगर स्थित जीपीएस मेकैनाइज्ड स्कूल में सुबह 10 बजे से होगा। इस सभा में सभी अंचलों से चुने हुए प्रतिनिधि शामिल होकर मंडल कार्यकारिणी का चुनाव संपन्न कराएंगे। चुनाव संबंधी महत्वपूर्ण नियमों के अनुसार, संघ का कोई भी सामान्य सदस्य, जिसका सदस्यता शुल्क अद्यतन हो, किसी भी पद (जिला, अंचल या मंडल स्तर) के लिए चुनाव लड़ सकता है। संघ ने आश्वासन दिया है कि सभी चुनाव पूरी तरह से निष्पक्ष, पारदर्शी और बायलॉज के अनुरूप होंगे। सभी सदस्यों से चुनाव प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी करने और अपने क्षेत्र की कमेटियों के गठन में सहयोग करने का अनुरोध किया गया है।

# 20 दिन गुजर गए पुलिस ने नहीं लिखी रिपोर्ट

शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** नगर की बस्ती जामा मस्जिद क्षेत्र के रहने वाले मो0 यूसुफ उर्फ लालू की घर के बाहर खड़ी होंडा मोटरसाइकिल गुजरी 30 नवंबर की शाम चोरी हो गई थी। बताया जाता है कि मो0 यूसुफ ने घटना की तहरीर उसी दिन पुलिस को तहरीर दी थी, लेकिन रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। मो. यूसुफ ने उसके बाद फिर तहरीर पुलिस को दी थी, लेकिन फिर भी जब रिपोर्ट नहीं दर्ज की गई तो उसने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराते हुए रिपोर्ट दर्ज कराए जाने की गुहार लगाई थी। आरोप है कि पुलिस ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर की गई शिकायत का भी फर्जी निस्तारण कर दिया। मो0 यूसुफ ने बताया कि उसके पास लखनऊ से फोन आया कि पुलिस द्वारा शिकायत का किए गए निराकरण से वह संतुष्ट है या नहीं, जिसपर मो0 यूसुफ ने साफ साफ कह दिया कि उसकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई है, और शिकायत के निराकरण से वह संतुष्ट नहीं है।

**शिकायत का भी किया फर्जी निस्तारण**

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने की डिजिटाइजेशन कार्यों की समीक्षा

■ कार्य में लापरवाही बरतने पर दो बीएलओ के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज



शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में समस्त सहायक निर्वाचक पंजीकरण अधिकारियों (एईआरओ) के साथ ई.एफ. डिजिटाइजेशन के कार्यों की बूथवार गहन समीक्षा की।

बैठक में उन्होंने एईआरओ को निर्देश दिए कि जिन क्षेत्रों में 5 प्रतिशत से कम फॉर्म डिजिटाइज हुए हैं, वहां के सुपरवाइजरों और बीएलओ को बुलाकर समीक्षा की जाए और उन्हें सक्रिय किया जाए ताकि कार्य में तेजी आए। साथ ही, कार्य में शिथिलता बरतने वाले सुपरवाइजरों और बीएलओ के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई के भी निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने सभी एईआरओ से कहा कि एसआईआर (स्पेशल समरी रिवीजन) के कार्य को प्राथमिकता पर रखते हुए निर्धारित समयावधि में पूरा किया जाना है। इसके लिए सभी अधिकारी क्षेत्र में जाकर सुपरवाइजरों और बीएलओ के कार्यों का अवलोकन करें। उनके स्वयं क्षेत्र में उपस्थित रहने से कर्मचारियों में उत्साह बढ़ेगा।

बैठक में कुछ एईआरओ ने सुपरवाइजर बनाए गए लेखपालों और सींचपालों द्वारा कार्य में लापरवाही की शिकायत की। इस पर जिलाधिकारी ने गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र-123 बिथरी चैनपुर के भाग संख्या 134 की बीएलओ प्रिया गुप्ता (सहायक अध्यापिका, प्राथमिक विद्यालय धनेती खरगपुर) और भाग संख्या 170 की बीएलओ रुकसार फात्मा (सहायक अध्यापिका, प्राथमिक विद्यालय करेली प्रथम) के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। इन दोनों पर कार्य में लापरवाही बरतने और निर्वाचन आयोग के आदेशों की जानबूझकर अवहेलना करने का आरोप है। यह कार्रवाई लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा-32 और आईपीसी की धारा-188 के तहत की गई है।

बैठक में अपर जिलाधिकारी नगर सौरभ दुबे, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) संतोष सिंह, नगर मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री सहित सभी एईआरओ उपस्थित रहे।

# बरेली के दो गांवों को मिला पुरस्कार

■ पीएमयू के संचालन में भमौरा और मॉडल गांव में भरतौल प्रदेश में नंबर वन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** भमौरा और भरतौल गांव ने प्रदेश पटल पर अपनी छाप छोड़ी है। सिंगल यूज प्लास्टिक कचरा प्रबंधन में भमौरा को पहला स्थान मिला है। मॉडल गांव के रूप में भरतौल ग्राम पंचायत प्रदेश में नंबर वन बना है। इसके लिए लखनऊ में डीपीआरओ व प्रधान को सम्मानित किया गया है।

सिंगल यूज प्लास्टिक कचरा प्रबंधन में बरेली के भमौरा और मॉडल गांव के रूप में भरतौल ग्राम पंचायत को प्रदेश में पहला स्थान मिला है। बुधवार को लखनऊ में डीपीआरओ कमल किशोर और दोनों गांवों के प्रधानों को पंचायती राज मंत्री ओम प्रकाश राजभर, प्रमुख सचिव अनिल कुमार व निदेशक अमित कुमार सिंह ने प्रशस्ति पत्र व शील्ड देकर सम्मानित किया है। विभागीय योजनाओं के सफल संचालन पर डीपीआरओ की कार्यशैली की भी सराहना की है।

डीपीआरओ ने बताया कि विश्व शौचालय दिवस पर राजधानी के पंचायती राज निदेशालय में कार्यक्रम हुआ। इसमें आलमपुर जाफराबाद ब्लॉक की ग्राम पंचायत भमौरा में स्थापित प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट (पीएमयू) के संचालन और बिथरी चैनपुर ब्लॉक के मॉडल गांव भरतौल के विकास कार्यों की सराहना हुई। जिले भर की ग्राम पंचायतों से सिंगल यूज प्लास्टिक के एकत्र करने और उसके निस्तारण में भमौरा को प्रदेश में पहला स्थान मिला है।

भमौरा में वर्ष 2022-23 में 16 लाख रुपये की लागत से पीएमयू बना था। 15 दिन के अभियान में जिले की सभी 1188 ग्राम पंचायतों से 47.85 क्विंटल प्लास्टिक एकत्र की गई। जिसका निस्तारण पीएमयू में किया गया। भमौरा जिले की सभी ग्राम पंचायतों से सिंगल यूज प्लास्टिक 10 रुपये प्रति किग्रा की दर से खरीद रही है। सिंगल यूज प्लास्टिक कचरा प्रबंधन से भमौरा ने ढाई साल में ही 3.05 लाख रुपये की कमाई भी कर ली है। प्रदेश स्तर पर ग्राम पंचायत को सम्मान मिलने से प्रधान भगवान दास गौरवान्वित हैं।

### भरतौल को मिल चुका है राष्ट्रपति पुरस्कार

भरतौल ग्राम पंचायत को एक बार फिर से प्रदेश स्तर पर सम्मान से नवाजा गया है। इससे पहले इस ग्राम पंचायत को राष्ट्रपति पुरस्कार समेत कुल 16 बार पुरस्कृत होने का मौका मिला है। डीपीआरओ कमल किशोर ने बताया कि भरतौल ने एक बार फिर से बुधवार को विश्व शौचालय दिवस पर पुरस्कार प्राप्त कर जिले को गौरव बढ़ाया है।

ग्राम पंचायत में डोर-टू-डोर गीला-सूखा कूड़ा एकत्र हो रहा है। सिंगल यूज प्लास्टिक का भी प्रबंधन है। कूड़ा रिकवरी रिसोर्स सेंटर है और सामदायिक शौचालय का संचालन भी हो रहा है। गांव में रोशनी, सड़क, जल निकासी जैसे बेहतर इंतजाम हैं।

गांव की प्रधान प्रवेश ने बताया कि वह ग्राम पंचायत के विकास कार्यों में कोई कमी नहीं रखना चाहती हैं।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक गंभीर रूप से घायल

शाह टाइम्स संवाददाता

**फतेहगंज पश्चिमी।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर शंखा नदी पुल के पास बुधवार दोपहर बाद एक अज्ञात युवक सड़क पार करते समय तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद मौके पर मौजूद राहगीरों ने तुरंत एंबुलेंस बुलाकर युवक को बेसुध हालत में बरेली अस्पताल भिजवाया। राहगीरों के अनुसार युवक सड़क पार कर रहा था, तभी रामपुर की ओर से आ रही अनियंत्रित कार ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में युवक बुरी तरह घायल हो गया। दुर्घटना के बाद कार चालक वाहन सहित फरार हो गया। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस मामले की जांच में जुटी है और फरार वाहन की तलाश की जा रही है।

# स्मार्ट मीटर लगाने पहुंची टीम का विरोध

## नाराज नागरिकों ने विद्युत अधिकारियों को सौंपा ज्ञापन



शाह टाइम्स संवाददाता

**शेरकोट।** बिजली विभाग द्वारा घरों पर लगाये जा रहे स्मार्ट मीटर से अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ने को लेकर मीटर लगाने पहुंची टीम को लोगों का विरोध झेलना पड़ा। वहीं लोगों ने बिजली विभाग के अधिकारियों को स्मार्ट मीटर न लगाये जाने के विरोध मे ज्ञापन सौंपा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के मौहल्ला कोटरा में बिजली विभाग द्वारा स्मार्ट मीटर लगाने पहुंची टीम का स्थानीय नागरिकों ने जोरदार विरोध किया। इस दौरान मौहल्ले के लोगों ने एकत्र होकर अपनी आपत्ति दर्ज कराई और बताया कि स्मार्ट मीटर लगाए जाने से उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ बढ़ेगा तथा बिलों में अनियमितता की आशंका भी बनी रहेगी। नाराज मौहल्लेवासियों ने बिजली विभाग के अधिकारियों को एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया पर तुरंत रोक लगाने और पहले उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान करने की मांग की गई। लोगों ने कहा कि जब तक विभाग पारदर्शी जानकारी नहीं देगा और उपभोक्ताओं की सहमति नहीं लेगा, तब तक मौहल्ले में स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य स्वीकार्य नहीं होगा। इस दौरान निजाम अहमद, नईम अहमद, इमरान मिर्जा, जाहिद मिर्जा, शानू मिर्जा, शहजाद, जुनैद, सभासद सुमामा, नासिर, जावेद अल्वी सहित आदि मौजूद रहे।

# संदिग्ध रकम बैंक खाते में आने से हड़कंप

## खाताधारक डा. एनपी सिंह ने पुलिस से की कार्रवाई की मांग

शाह टाइम्स संवाददाता

**धामपुर।** ऑनलाइन ठगी के मामलों के बीच एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जिसमें एक अंजान संस्था ने धामपुर निवासी हिंदू युवा वाहिनी के निवर्तमान मंडल प्रभारी डॉ. एन.पी. सिंह के बैंक खाते में करीब एक लाख रुपये की संदिग्ध धनराशि भेज दी। खास बात यह है कि यह रकम लगभग एक वर्ष तक खाते में पड़ी रही, जिसकी जानकारी स्वयं डॉक्टर को भी नहीं थी। मामला तब सामने आया जब उन्होंने हाल ही में अपना बैंक स्टेटमेंट निकलवाया।

डॉ. एन.पी. सिंह ने बताया कि उनका बचत खाता पंजाब नेशनल बैंक, मंडी शाखा में है। बैंक स्टेटमेंट की जांच करते समय उनके खाते में रांची, झारखंड स्थित रहमानी एजुकेशनल वेलफेयर सोसाइटी नामक संस्था द्वारा भेजी गई धनराशि दर्ज मिली। संस्था ने 28 अगस्त 2024 को तीन अलग-अलग किस्तों में 40 हजार, 30 हजार और 29 हजार रुपये सहित कुल 99 हजार रुपये नेफ्ट द्वारा ट्रांसफर किए थे। डॉ. सिंह का कहना है कि उनका इस संस्था से कोई संबंध नहीं है, न ही उनके पास किसी अज्ञात व्यक्ति का इस रकम के संबंध में कोई फोन आया। उन्होंने आशंका जताई कि यह कोई साजिश, गलत ट्रांजेक्शन या फिर किसी प्रकार का फर्जीवाड़ा हो सकता है। मामले की गंभीरता को देखते हुए उन्होंने पुलिस में तहरीर देकर जांच की मांग की। कोतवाल मृदुल कुमार सिंह ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर दी गई है। अब यह जांच के बाद ही स्पष्ट होगा कि यह गलती से हुआ ट्रांसफर है या किसी बड़ी साजिश का हिस्सा।

# एक नजर

## पूर्व पीएम का जन्मदिन मनाया



**शेरकोट।** कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता फुरकान महमूद के नेतृत्व मे नगर के कांग्रेस कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम मे प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के जन्मदिन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनको श्रद्धांजलि देते हुए उनके के सिद्धान्तों पर चलने का संकल्प लिया। इस मौके पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता फुरकान महमूद ने कहा कि वह भारत की पहली और अब तक की एकमात्र महिला प्रधानमंत्री है। उनके नेतृत्व में 'हरित क्रांति' और 'बैंकों का राष्ट्रीयकरण' जैसी महत्वपूर्ण आर्थिक नीतियां लागू हुईं। उन्हें पश्चिमी मीडिया द्वारा 'आयरन लेडी' का दर्जा दिया गया था और उनके द्वारा किये गये महत्वपूर्ण कार्यों को विस्तारपूर्वक बताया। वहीं कांग्रेस उपाध्यक्ष नाजिम जबी ने लोगों को कांग्रेस द्वारा किये गये कार्यों को गिनाते हुए चुनाव आयोग द्वारा एसआईआर के फार्मो के भरने के लिए विस्तार पूर्वक समझाया। इस मौके पर नगर अध्यक्ष हाफिज सद्दन, निजाम, नाजिम जबी अंसारी, फुरकान महमूद अंसारी, निजामुद्दीन, नौशाद अहमद, वसीम अहमद, राजेन्द्र सिंह चौहान, शाहिद बादशाह, नईम अहमद, महफूज, इसरार अहमद, मुस्तफा कुरैशी, नईम अहमद, मुन्ना भाई, डा. इकबाल, नफीस अहमद सहित आदि कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता हाफिज सद्दन व संचालन गुंजन मित्तल ने किया।

## रजत पदक विजेता तरूण का स्वागत



शाह टाइम्स संवाददाता

**चांदपुर।** समीपवर्ती गांव चमरौला निवासी तरुण कुमार ने एशियाई मास्टर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 110 मीटर हर्डल रेस में रजत पदक जीतकर न सिर्फ अपने गांव क्षेत्र का बल्कि जनपद बिजनौर का नाम रोशन किया है।

तरुण कुमार के रजत पदक लेकर गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने ढोल नगाड़ों के साथ उसका स्वागत किया। सुबह से ही शहर की गलियां उत्सुकता से भरी थी और बच्चों के हाथों में तिरंगे, युवाओं की आँखों में चमक और बुजुर्गों के चेहरे पर गर्व था। जैसे ही तरुण का काफिला शहर में प्रवेश करता है, ढोल-नगाड़ों की थाप से हवा गूंज उठती है। बता दे कि तरुण कुमार आज सिर्फ एक एथलीट नहीं बल्कि वे एक प्रेरणा हैं, जज्बा हैं और युवा भारत की नई तस्वीर हैं। उनकी घर वापसी ने बिजनौर को सिर्फ खुश नहीं बल्कि भावुक भी कर दिया। चौधरी सुभाष सिंह ने भी तरुण कुमार को अपनी शुभकामनाएं दी है।

# ग्राम पंचायतों की आय बढ़ाने को प्रशिक्षण



शाह टाइम्स संवाददाता

**धामपुर।** राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना के अंतर्गत उपनिदेशक पंचायत मुरादाबाद मण्डल मुरादाबाद के निर्देशन में ग्राम पंचायतों की स्वयं की आय के स्रोत विषय पर ग्राम प्रधान व ग्राम सचिवों का एक दिवसीय प्रशिक्षण जनपद बिजनौर के विकासखण्ड सभागार अल्हैपुर धामपुर पर आयोजित किया गया।

इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य ग्राम पंचायतों की स्वयं की आय किस प्रकार बढ़ाई जाये मंथन करना था। जिसमें सभी प्रतिभागियों के द्वारा अच्छे सुझाव प्राप्त हुए। कार्यशाला का संचालन करते हुए सतेंद्र शर्मा के द्वारा पंचायती राज अधिनियम 1947 की धारा 37 पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए पंचायतों की आय हेतु कर लगाने के प्रावधानों पर चर्चा की। इसी क्रम में प्रशिक्षक कुलवीर सिंह के द्वारा पंचायतों की स्वयं की आय के गैर-कर तरीके जैसे- बाजार का पट्टा, तालाबों का पट्टा, पार्कों में ओपन जीम बनाकर, पुस्तकालय बना कर।

प्रशिक्षक मौहम्मद वसीम के द्वारा फैमिली आईडी एवं इसके लाभ तथा बनाने के तरीके को समझाया गया। जन सेवा केंद्र से शुल्क अथवा फीस, टूरिस्ट टैक्स, मेहनाज के द्वारा कूड़ा कचरा प्रबंधन पर सुविधा शुल्क, शहनाज के द्वारा सोलर पैनल लगाकर बिजली उत्पादन एवं शुल्क अधिरोपण, गौशाला के उत्पादों से आय कर आदि उपायों से पंचायते अपनी स्वयं की आय बढ़ा सकती है और अपनी पंचायतों को स्वालम्बी बना सकती है। प्रशिक्षण में ग्राम प्रधान एवं पंचायत सचिव मौजूद रहे।

## एसआईआर में ग्राम प्रधान एवं सचिव करें सहयोग : एसडीएम

**धामपुर।** एसडीएम धामपुर स्मृति मिश्रा ने एसआईआर में ग्राम प्रधानों एवं पंचायत सचिवों से सहयोग करने अपील की है। उन्होंने कहा कि अपने-अपने गांव में जाकर एसआईआर का कार्य पूर्ण रूप से कर लें और जो शिक्षित युवा है। उनका भी सहयोग प्रदान करें। एसआईआर का डाटा पूर्ण नहीं होगा तो देश की नागरिकता भी खत्म हो सकती है। मतदाता इसका स्वयं जिम्मेदार होगा। इसलिए अपना एसआईआर का डाटा पूर्ण कर लें और दूसरों को भी सहयोग प्रदान करें, ताकि कोई छूट न जाए।

## एम.फार्मा द्वितीय वर्ष में मुस्कान प्रथम





**बिजनौर।** ए.के.टी.यू. द्वारा एम. फार्मा द्वितीय वर्ष का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। प्राचार्य डा. अंकित कुमार सैनी ने बताया कि कृष्णा फार्मेसी कॉलेज का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा, जिसमें छात्रा मुस्कान ने 8.46 SGPA सर्वाधिक अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, फरहीन ने 8.15 SGPA द्वितीय एवं सुगम राजपूत ने 08.15 SGPA तृतीय स्थान पर रही। इस मौके पर कॉलेज संस्थापक राजीव कुमार, कॉलेज प्रबंधक मनोज कुमार, प्रबंध निदेशक पवन कुमार, प्राचार्य डा. अंकित कुमार ने छात्रों का मार्ग दर्शन कर बधाई दी। छात्रों ने इस सफलता के लिए अपने माता पिता एवं अपने गुरुजनों का सहयोग बताया। फार्मेसी के प्रवक्ता डा. विवेक वर्मा, सीमा त्यागी, दीपिका पाल मौ. खालिद दीपक कुमार, शहीर अहमद, नीरज चौहान, पियूष कुमार एवं रजिस्ट्रार हिमांशु शर्मा ने छात्रों को इस सफलता के लिए बधाई दी।

## सपा नेता बब्बन राईन का निधन



**शेरकोट।** मौहल्ला कायस्थान निवासी सपा के पूर्व जिला अल्पसंख्यक सभा के वरिष्ठ नेता बब्बन राईन (58 वर्ष) काफी समय से शुगर से पीड़ित चल रहे थे। जिनका मेरठ सहित अन्य चिकित्सकों के यहाँ उपचार चल रहा है। वर्तमान में वह अपनी बहन के यहां स्योहारा में रहकर अपना उपचार कर रहे थे। देर रात्रि उनका इंतकाल हो जाने से सपा कार्यकर्ताओं में शोक की लहर दौड़ गयी। बताया जाता है। मरहूम बब्बन राईन बचपन से ही समाजवादी पार्टी के नेता व पूर्व चेयरमैन शेख कमरुल इस्लाम के नेतृत्व में सपा के हित में कार्य करते आये है। उनके इंतकाल का पता चलते ही शेख कमरूल इस्लाम व उनके परिवार को बहुत बड़ा धक्का लगा है। मरहूम बब्बन राईन का दफिना दोपहर स्योहारा में कर दिया गया है। उनके जनाजे में पूर्व विधायक शेख सुलेमान, शेख कमरुल इस्लाम, पूर्व विधायक नईम उल हसन, नजीब उल हसन, अरशद पैगाम, जिया अहमद सेटू, अदनान राईन, नजरुल इस्लाम, शेख नईम, भोले कुरैशी, शेख शुएब, तसलीम अहमद, शेख ईसाईल, शमीम अहमद सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# एक नजर

## इंदिरा गांधी की जयंती पर दिखाई एकजुटता




**धामपुर।** ब्लॉक कार्यालय में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी की जयंती बड़े उत्साह और सम्मान के साथ मनाई। कार्यक्रम का नेतृत्व ब्लॉक अध्यक्ष जसराम सिंह ने किया। नगर अध्यक्ष डॉ. नदीम नजाकत खां ने संचालन संभालते हुए इंदिरा गांधी के संघर्ष, उनके नेतृत्व और भारत को मजबूत बनाने में दिए योगदान पर प्रकाश डाला। जिला सचिव व धामपुर नगर प्रभारी वसी उर रहमान ने कहा कि इंदिरा गांधी ने देश की रक्षा, एकता और विकास के लिए जो कुछ उठाए, वह आज भी प्रेरणा का स्रोत हैं। कार्यक्रम में उदयराज सिंह, लोकेन्द्र चौहान, योगेंद्र कुमार, नईम अहमद, नायब अहमद, कार्तिक चौहान, वसीम रजा (नगर उपाध्यक्ष), मदन सिंह सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अंत में नगर अध्यक्ष डॉ. नदीम नजाकत खां ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता इंदिरा गांधी के आदर्शों और सेवा भाव को आगे बढ़ाने का संकल्प लेते हैं।

## स्योहारा में सचल न्यायालय 21 को

**धामपुर।** उच्च न्यायालय इलाहाबाद के निर्देशों के अनुपालन में ग्राम न्यायालय धामपुर द्वारा 21 नवंबर को स्योहारा नगर पालिका परिषद परिसर में सचल न्यायालय (मोबाइल कोर्ट) का आयोजन किया जाएगा। ग्राम न्यायालय के न्यायिक अधिकारी प्रद्युम्न कुमार मिल ने बताया कि मोबाइल कोर्ट का उद्देश्य लंबित वादों का त्वरित निस्तारण करना है, ताकि आम जनता को न्याय उनके नजदीक उपलब्ध हो सके। उन्होंने बताया कि इस सचल न्यायालय में पक्षकार अपने वादों का निस्तारण सुलह-समझौते के आधार पर करवा सकते हैं। मोबाइल कोर्ट में दोनों पक्षों की सहमति होने पर वाद तुरंत निपटाया जाएगा, जिससे समय और धन दोनों की बचत होगी। न्यायिक अधिकारी ने क्षेत्र के नागरिकों से अपील की है कि जिनके वाद ग्राम न्यायालय में लंबित हैं, वे निर्धारित तिथि पर उपस्थित होकर सुलह-समझौते के माध्यम से अपने मामलों का निस्तारण अवश्य कराएं। मोबाइल कोर्ट के आयोजन को लेकर न्यायालय प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। यह जानकारी युवा अधिवक्ता सुमित सिसोदिया ने दी।

## तय रूट पर चलाएं ई-रिक्शा : थानाध्यक्ष



**कोतवाली देहात।** कस्बे में लगने वाले जाम को दृष्टिगत रखते हुए थाने में ई रिक्शा चालकों की बैठक की गई। बैठक को संबोधित करते हुए थाना अध्यक्ष प्रवेश तोमर ने कहा कि कस्बे में जाम की स्थिति को देखते हुए सभी रिक्शा चालक तय रूट पर ही अपनी ई रिक्शा चलाएं। कोई भी ई-रिक्शा चालक गलत दिशा से अपनी रिक्शा को ने लेकर जाए। कई बार आगे निकलने की होड़ में ई रिक्शा पलट जाती है, जिससे दुर्घटना घटित हो जाती है। ऐसी दुर्घटनाओं से बचने के लिए सुरक्षा मानकों का ध्यान रखते हुए ई-रिक्शा चलाएं। इस अवसर पर संगठन के अध्यक्ष इमरान कुरैशी, परवेज शेख, रईस अहमद, अशरफ, अकरम, सुनील, इलियास, गुफरान, कस्बा इंचार्ज अनिल राणा मुकम्मल आदि मौजूद रहे।

## बधाई मांगने वाले नकली किन्नर की पिटाई

**नजीबाबाद।** क्षेत्र के ग्राम कल्हेड़ी में एक युवक किन्नर बनकर बधाई मांग रहा था। सूचना पर क्षेत्र के किन्नरों ने मौके पर पहुंचकर युवक को पकड़कर उसकी जमकर पिटाई की। असली किन्नरों ने बताया कि युवक पिछले कई दिनों से नकली किन्नर बन कर क्षेत्र में घूम कर बधाई मांग रहा था। आगे से ऐसा न करने की हिदायत देकर युवक को उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है।

# किसानों ने ओवरलोड वाहनों पर कार्रवाई को दिया ज्ञापन

**नजीबाबाद।** भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के प्रांतीय उपाध्यक्ष बलराम सिंह के नेतृत्व में यूनियन के पदाधिकारियों ने मंगलवार को मंडावली थाना प्रभारी से मिलकर क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं को उनके समक्ष रखा। थाना प्रभारी को दिए गए ज्ञापन में नेशनल हाईवे पर ओवरलोड वाहनों के चलने पर रोक लगाने की मांग करते हुए बताया कि ओवरलोड वाहनों के चलने से सड़क क्षतिग्रस्त हो रही है, जिसके चलते दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है। थाना प्रभारी पुष्पेंद्र सिंह ने कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस मौके पर जितेंद्र सिंह, नवीन राजपूत, पुनीत चौहान, हिमांशु चौधरी, जाकिर अंसारी, डॉ. अशरफ, अजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

# धामपुर में निकाली जन जागृति यात्रा



शाह टाइम्स संवाददाता

**धामपुर।** हिन्द की चादर श्री गुरु तेगबहादुर जी की 350वीं शहीदी शताब्दी को समर्पित विशाल जनजागृति यात्रा का पंज प्यारों की अगुवाई में बोलह सो निहाल सत श्री अकाल के जयघोष के साथ धामपुर से शुभारम्भ बाबा फोजा सिंह, ज्ञानी रघुवीर सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष रवि चौधरी ने हरी झंडी दिखाकर किया।

शुभारम्भ से पूर्व गुरुद्वारा साहिब में सरबत के भले की अरदास की गई। पंज प्यारों की अगुवाई में गुरुबाणी कीर्तन के साथ श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज को फूलों से सुसज्जित वाहन में शोभायमान किया गया। इस यात्रा में गुरु का नगाड़ा, बाबा अजीत सिंह गतका दल, माता सुंदरी दल कीर्तनी जत्था आदि शामिल रहे। यात्रा में गुरुद्वारा प्रधान अमरजीत सिंह एडवोकेट, सेकरेट्री गुरुचरण सिंह, जिला गुरुद्वारा कमेटी के प्रधान राजेन्द्र सिंह प्रिंस, संचालक कमलजीत सिंह नूर, महासचिव सुरेंदर सिंह हुड्डा, गुरदीप रोमी, गुरचरन मोहन, जिला अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष मलकीत सिंह, परवेंदर सिंह, हरभजन सिंह अमन, वीरेंद्र सिंह आदि शामिल रहे। सामाजिक संगठनों ने नगर कीर्तन का स्वागत किया।

शोभा यात्रा का नगीना चौराहा पर डा. एनपी सिंह के द्वारा स्वागत किया गया। वहीं सिद्धेश्वर बालाजी धाम पर महंत राहुल अग्रवाल के द्वारा स्वागत किया गया। समाजवादी पार्टी के कैंप कार्यालय पर पूर्व राज्य मंत्री ठाकुर मूलचंद चौहान ने यात्रा में शामिल सभी का प्रसाद एवं मिष्ठान वितरण कर स्वागत किया।

इस दौरान ठाकुर अमित प्रताप सिंह, नसीम राणा, जावेद, रविंद्र कुमार पप्पू, अरमान अली, आसिफ अंसारी सहित दर्जनों लोग शामिल रहे। वहीं रानी बाग चौकी के पास पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के द्वारा स्वागत किया गया। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष सातवें सलूजा मंडल अध्यक्ष जावेद रहमान समसी, नगर अध्यक्ष सपा सलूजा, मनीष गर्ग, अमित गुप्ता, शिवेंद्र अग्रवाल आदि बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## बैंक प्रबंधक न होने से परेशानी

शाह टाइम्स संवाददाता

**किरतपुर।** नगर के मुख्य व व्यस्तम क्षेत्र बस स्टैंड के निकट स्थित पंजाब नेशनल बैंक (पूर्व में ओरियंटल बैंक ऑफ कॉमर्स) में बीते लगभग 15 दिनों से शाखा प्रबंधक न होने के कारण उपभोक्ताओं एवं स्थानीय व्यापारियों को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। बैंक में प्रबंधक के अभाव में दैनिक कार्यों में देरी हो रही है, जिससे व्यापारिक लेन-देन तथा आवश्यक बैंकिंग सेवाएं प्रभावित हो रही हैं।

स्थानीय व्यापारियों उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष दीपक अरोड़ा, सचिन, मोबीन कपिल आदि का कहना है कि बैंक के उच्चाधिकारियों से कई बार संपर्क करने के बावजूद कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया जा रहा, जिससे लोगों में आक्रोश व्याप्त है। व्यापारियों ने बताया कि बैंक प्रबंधन की उदासीनता के कारण नकदी जमा, निकासी, खाते संबंधी समस्याओं तथा दस्तावेज सत्यापन जैसे कार्य लंबित पड़े हैं। व्यापार मंडल एवं स्थानीय व्यापारियों ने बैंक प्रशासन से तत्काल प्रभाव से स्थायी शाखा प्रबंधक की नियुक्ति करने की मांग करते हुए कहा कि यदि जल्द व्यवस्था नहीं की गई तो व्यापारियों का एक प्रतिनिधि मंडल जिलाधिकारी से मिलेगा।

व्यापारियों ने कहा कि नगर की व्यस्त बैंक शाखा होने के बावजूद प्रबंधक का लगातार अनुपस्थित रहना बैंक प्रबंधन की लापरवाही को दर्शाता है, जिसे तुरंत सुधारा जाना आवश्यक है।

## मारपीट व लूटपाट के मामले में पुलिस के कार्रवाई न करने पर रोष

शाह टाइम्स संवाददाता

**हल्दौर।** नगर के मोहल्ला पहाड़वाला में एक महिला के साथ दबंगई दिखाते हुए चार लोगों द्वारा घर में घुसकर मारपीट व लूटपाट किए जाने का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़ित महिला की तहरीर के बाद भी पुलिस कार्रवाई न होने से महिला में रोष व्याप्त है।

पीड़िता ममता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि रिंकू, हिमांशु, गोलू और छोटू नामक युवक तीन अक्टूबर को जबरन उसके घर में घुस आए और गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि आरोपियों ने मारपीट के दौरान उसकी चांदी की चेन भी छीन ली। बीच-बचाव करने पहुंची उसकी मां विमला देवी और भाई को भी आरोपियों ने नहीं छोड़ा और उनकी पिटाई कर दी। महिला का कहना है कि उसने घटना की तहरीर थाने में देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की, लेकिन कई दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई। पीड़िता ने विभागीय उच्च अधिकारियों से मामले की शिकायत करने की चेतावनी देते हुए जल्द न्याय की मांग की है।

घटना के बाद से परिजनों में दहशत का माहौल है। महिला ने पुलिस से आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## उत्तम शुगर मिल ने भेजा गन्ना भुगतान

**नांगल सोती।** स्थानीय उत्तम शुगर मिल बरकतपुर ने इस पराई सत्र में 10 नवंबर तक खरीदे गए गन्ने का भुगतान 17 करोड़ 94 लाख 82 हजार किसानों की सम्बन्धित समिति में भेज दिया है। जल्द ही भुगतान किसानों के बैंक खातों में पहुंच जाएगा। इसके साथ मिल के संयुक्त अध्यक्ष नरपत सिंह ने किसानों से गेहूं के साथ गन्ने की बुवाई की अपील भी है। वहीं किसान मिल में ताजा साफ सुथरा गन्ना ही लाए, ताकि मिल और किसान हित सुरक्षित रहे।

## भैंस चोरी का आरोपी मुठभेड़ में दबोचा



**नहटौर।** नहटौर क्षेत्र के गांव तुरावनगर नगर निवासी सुनील कुमार की करीब 10 दिन पूर्व चोरों ने भैंस चोरी कर ली थी। पुलिस इसी मामले में जांच पड़ताल में जुटी हुई थी। आज सुबह नूरपुर मार्ग पर आंकू चौकी के पास संदिग्ध वाहनों की चैकिंग की जा रही थी। पुलिस का दावा है कि एक ऑटो को रोकने का इशारा किया गया तो ऑटो चालक नहीं रुका और बृद्धपुर की ओर जाने लगा। पुलिस टीम द्वारा उसका पीछा किया गया तो उक्त व्यक्ति द्वारा पुलिस टीम पर फायरिंग की गई। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की फायरिंग में उसके पैर में गोली लग गई और वह घायल हो गया। घायल अवस्था में उसे गिरफ्तार किया गया और अस्पताल में भर्ती कराया। उसने अपना नाम गुल्लू उर्फ शाहबाज पुत्र मुर्तजा निवासी गांव गावड़ी पनियाला थाना नूरपुर बताया। पूछताछ में उसने बताया कि उसने गांव के दो साथियों के साथ भैंस चोरी की थी। भैंस चोरी करने के बाद काट कर उसका मांस भेज दिया गया था। वह क्षेत्र में पशु क्षेत्र चुराकर कटान के बाद मांस की सप्लाई करने का काम करते हैं। वह खंडसाल क्षेत्र में अपने दो साथियों से मिलने जा रहे थे। इसी दौरान पुलिस ने उसे दबोच लिया। पुलिस ने उसके पास से चोरी की गई भैंस के बचने के 12000 रुपए एक तमंचा, 315 बोर का कारतूस, पशु कटान के उपकरण व घटना में प्रयुक्त आटो बरामद किया है। थाना अध्यक्ष धीरज नागर का कहना है कि मुठभेड़ के दौरान घायल अभियुक्त को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## सांसद ने किया संत रविदास को नमन

**नजीबाबाद।** नगीना लोकसभा के सांसद चंद्रशेखर आजाद ने ग्राम राजपुर नवादा में आयोजित 'संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज के सत्संग' में सम्मिलित होकर गुरु महाराज के चरणों में नमन किया। सांसद ने संत समाज को प्रणाम कर प्यारी संगत से आशीर्वाद प्राप्त किया। सांसद ने कहा कि गुरु रविदास के उपदेश हमें समानता, सेवा व मानवता के मार्ग पर दृढ़ता से चलने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने समाज से आह्वान किया कि हम सब एकजुट रहें, नशे से पूरी तरह दूर रहें और अपने बच्चों को शिक्षा के मार्ग पर आगे बढ़ायें। इस मौके पर जिलाध्यक्ष मुस्लिम भाईचारा रजत कुमार, अशोक कुमार, डॉ. मकसूद चौधरी, ललित कुमार, प्रशांत महासागर, नितीश चौधरी, भीमसेन हल्दिया, अबरार, फहीम अंसारी, दीपक कुमार, सत्येंद्र कुमार, राजन गौतम, विवेक सेन, रोहित सागर आदि मौजूद रहे।

# नौजवानों को बुराइयों से बचने की जरूरत : खालिद



करौंदा चौधर में जलसे का आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

**कोतवाली देहात।** ग्राम करौंदा चौधर में जलसे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बुराइयों से बचने का आह्वान किया गया।

ग्राम करौंदा चौधर स्थित मदरसा इस्लामिया अरबिया तालीमुल कुरआन में आयोजित इस्लाहे मुआशरह कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मेरठ से आए मौलाना मुफ्ती खालिद ने कहा कि समाज के नौजवानों को बुराइयों से बचने की बेहद जरूरत है।

आजकल नौजवान जुए की लत में पड़ रहे हैं। नशाखोरी की ओर भी युवा जा रहे हैं। उन्हें इन बुराइयों को छोड़कर देश तथा समाज को आगे ले जाने के लिए कार्य करना चाहिए। कार्यक्रम का आरंभ तिलावते कुरान व इम्तियाज अजहर बिजनौरी द्वारा नात ए पाक के द्वारा किया गया। जलसे में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। जलसे में कक्षा में प्रथम आए बच्चों को सम्मानित किया गया। सम्मानित किए जाने वाले बच्चों में फायजा अनम, सिदरा परवीन, हाफिज मौहम्मद, अल फैज, मौहम्मद अजमल, मौहम्मद अल्तमस आदि शामिल रहे।

जलसे की अध्यक्षता कारी अब्दुल हलीम ने तथा निजामत मुफ्ती सुफियान ने की। जलसे में मुफ्ती अख्लाक कासमी जसपुरी का भी बयान हुआ।

कारी नाजिम कासमी, मौहम्मद नौशाद, मौहम्मद आरिफ कासमी, शाहिद अहमद, इरशाद, सलीम, अंजार आदि मौजूद रहे।

# वनडे रैंकिंग: मिचेल ने ली रोहित की जगह

## शीर्ष स्थान वेस्टइंडीज के खिलाफ शतक जड़ने के बाद हासिल किया

**दुबई।** आईसीसी वनडे रैंकिंग में डैरिल मिचेल ने शीर्ष स्थान पर रोहित शर्मा की जगह ली है। मिचेल शीर्ष स्थान हासिल करने वाले न्यूजीलैंड के दूसरे बल्लेबाज हैं, उनसे पहले 1979 में ग्लेन टर्नर ने शीर्ष स्थान हासिल किया था।



मार्टिन क्रो, रॉस टेलर और केन विलियमसन जैसे बल्लेबाज वनडे रैंकिंग में शीर्ष पांच में मौजूद रहे, लेकिन उन्होंने कभी भी पहला स्थान हासिल नहीं किया। मिचेल ने शीर्ष स्थान रविवार को वेस्टइंडीज के खिलाफ शतक जड़ने के बाद हासिल किया। हालांकि वह उस मुकाबले में चोटिल हो गए और शेष सीरीज से बाहर हो गए। कोलकाता टेस्ट में अर्धशतक जड़ने वाले साउथ अफ्रीका के कप्तान टेम्बा बवूमा को भी टेस्ट रैंकिंग में फायदा हुआ है और वह पहली बार शीर्ष पांच में पहुंचे हैं। जो रूट इस समय पहले स्थान पर हैं जबकि हैरी ब्रूक दूसरे स्थान पर मौजूद हैं। भारतीय कप्तान शुभमन गिल शीर्ष 10 से मामूली अंतर से बाहर हैं। टेस्ट गेंदबाजी रैंकिंग में जसप्रीत बुम. राह शीर्ष स्थान पर मौजूद हैं, जबकि मैट हेनरी और नोमान अली क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर काबिज हैं। श्रीलंका के खिलाफ 3-0 से वनडे सीरीज नाम करने के बाद पाकिस्तान के लेग स्पिनर अबरार अहमद को 11 स्थान का फायदा हुआ है और वह वनडे गेंदबाजी रैंकिंग में नौवें स्थान पर पहुंच गए हैं। राशिद खान शीर्ष स्थान पर काबिज हैं, जबकि उनके बाद रैंकिंग में जोफ्रा आर्चर और केशव महाराज मौजूद हैं। वेस्टइंडीज के खिलाफ पांच मैचों की टी-20 सीरीज में बेहत. रीन प्रदर्शन करने वाले जैकब डफी टी-20 रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं वहीं वरुण चक्रवर्ती पहले स्थान पर बरक. रार हैं।

वनडे रैंकिंग में शीर्ष 10 में रोहित (2) सहित कुल चार भारतीय बल्लेबाज मौजूद हैं, इन खिलाड़ियों में गिल (4), विराट कोहली (5) और श्रेयस अय्यर (8) शामिल हैं।

### 100वें टेस्ट में शतक की दहलीज पर मुशफिकुर

**मीरपुर।** मुशफिकुर रहीम (नाबाद 99) अपने 100वें टेस्ट में शतक बनाने की दहलीज पर पहुंच गए हैं, जबकि उनकी शानदार बल्लेबाजी और लिटन कुमार दास (नाबाद 47) और मोमिनुल हक (63) की उपयोगी पारियों के दम पर बंगलादेश ने आयरलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन बुधवार को चार विकेट पर 294 रन बनाकर अपनी स्थिति मजबूत कर ली। आज यहां बंगलाद. श ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। महमुद. ल हसन जॉय और शादमान इस्लाम की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 52 रन जोड़े। एंडी मैक्ब्राइन ने शादमान इस्लाम 35 को आउटकर आयरलैंड को पहली सफलता दिलाई।

# रिंकू सिंह ने खेली करियर की सर्वश्रेष्ठ 176 रनों की पारी

**कोयंबटूर।** भारतीय क्रिकेट टीम के रिंकू सिंह ने अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ 176 रनों की पारी खेली, जिससे उत्तर प्रदेश को पहली पारी में महत्वपूर्ण बढ़त हासिल करने में मदद मिली और आज कोयंबटूर में तमिलनाडु के खिलाफ पांचवें दौर का एलीट ग्रुप ए रणजी ट्रॉफी मैच ड्रॉ रहा।

अपनी पारी की शुरुआत नाबाद 98 रनों से करते हुए, मेहमान टीम को बढ़त हासिल करने के लिए अभी भी चार विकेट शेष रहते 117 रनों की आवश्यकता थी। इस बाएं हाथ के बल्लेबाज ने दूसरे छोर पर अपने जोड़ीदारों को खोने के बावजूद पारी को संभाले रखा। चौथे और अंतिम दिन छह विकेट पर 339 रनों से आगे खेलते हुए, उत्तर प्रदेश ने जल्द ही अपने ओवर के दूसरे ओवर में अपने बल्लेबाज शिवम शर्मा (22) का विकेट गंवा दिया। हालांकि, रिंकू ने कार्तिक यादव (20, 59 गेंद, 4ग4) के साथ आठवें विकेट के लिए महत्वपूर्ण 59 रन जोड़े और मेहमान टीम तमिलनाडु के 455 के कुल स्कोर के करीब पहुंच गई। आकिब खान (14) के साथ नौवें विकेट के लिए 36 रन और जोड़ने के बाद, रिंकू, जिन्होंने दिन में पहले अपना नौवां प्रथम श्रेणी शतक बनाया था और बाद में नाबाद 165 रन का अपना पिछला सर्वश्रेष्ठ स्कोर भी पार किया था, 247 गेंद, 17ग4, 6ग6 की तेज रफ्तार से 176 रन बनाने के बाद आउट हो गए, जिससे विपक्षी खेमे पर आक्रमण का दबाव बढ़ गया, जिसने दिन में दो विकेट गंवा दिए थे। हालांकि, वह तब आउट हुए जब मेहमान टीम को महत्वपूर्ण बढ़त और आखिरी विकेट के लिए अभी भी 13 रनों की जरूरत थी। आकिब खान और कुणाल त्यागी की जोड़ी ने 145-1 ओवर में 460 रन पर पारी समाप्त होने से पहले यह उपलब्धि हासिल कर ली, और उत्तर प्रदेश ने लंच के समय पहली पारी में पांच रन की बढ़त हासिल कर ली। तमिलनाडु के लिए बाएं हाथ के स्पिनर पी. विद्युत ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 73 रन देकर चार विकेट लिए, जबकि एक अन्य बाएं हाथ के स्पिनर और कप्तान आर साई किशोर ने तीन विकेट लिए। पी सरवण कुमार ने भी दो विकेट लिए। दूसरी पारी में, घरेलू टीम ने 21 ओवर में दो विकेट पर 103 रन बनाए, जिसमें सलामी बल्लेबाज बी- सचिन ने शानदार अर्धशतक (59) और दूसरे सलामी बल्लेबाज नारायण जगदीशन (44) ने योगदान दिया।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### अफगानिस्तान अंडर-19 ने इंडिया बी को 71 रनों से हराया

**बेंगलुरु।** फैसल शिनोजादा (58), अजीजुल्लाह मिआखिल (42) के बाद अब्दुल अजीज (छह विकेट) के शानदार प्रदर्शन के दम पर अफगानिस्तान अंडर-19 ने बुधवार को एकदिवसीय त्रिकोणीय श्रृंखला के दूसरे मुक. ाबले में इंडिया बी अंडर -19 टीम को 71 रनों से हरा दिया। 168 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंडिया बी अंडर-19 को शुरुआत से ही अब्दुल अजीज के कहर का सामना करना पड़ा। युवराज गोहिल के अलावा कोई भी भारतीय बल्लेबाज अफगानिस्तान के गें. दबाजी आक्रमण के आगे नहीं टिक सका और पूरी टीम 29-3 ओवर में 97 रन पर ढेर हो गई। इंडिया बी के 10 बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। युवराज गोहिल ने 80 गेंदों में आठ चौके और एक छक्का लगाते हुए नाबाद 60 रनों की पारी खेली।

### बेल्जियम डेविस कप के सेमीफाइनल में

**बोलोग्ना ।** बेल्जियम ने इटली के बोलोग्ना में फ्रांस पर 2-0 की शानदार जीत के साथ 2025 डेविस कप फाइनल 8 के सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। क्वार्टर फाइनल में बेल्जियम की इस जीत से इस प्रतियोगिता में फ्रांस के खिलाफ उसका रिकॉर्ड 4-6 हो गया है, जिसका इतिहास एक सदी से भी ज्यादा पुराना है। दिन की शुरुआत राफेल कॉलिग्नन की शानदार वापसी के साथ हुई, जिन्होंने धीमी शुरुआत को पलटते हुए कोरेंटिन मौटेट को 2-6, 7-5, 7-5 से हराया। मौटेट द्वारा पहला सेट जीतने के बाद मुकाबला काफी कड़ा हो गया, दूसरे और तीसरे सेट में पांच-पांच गेम तक चले, कॉलिग्नन ने फ्रांसीसी खिलाड़ी की सर्विस तोड़कर हर सेट और मैच अपने नाम कर लिया। इसके बाद जिजो बर्ग्स ने आर्थर रिडरकनेच के खिलाफ संयमित प्रदर्शन किया।

# लक्ष्य सेन, एचएस प्रणय और किदांबी श्रीकांत दूसरे दौर में

**सिडनी।** लक्ष्य सेन, एचएस प्रणय, किदांबी श्रीकांत, आयुष शेट्टी और थारुण मन्नेपल्ली ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बुधवार को ऑस्ट्रेलियन ओपन 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट के प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है।

> ऑस्ट्रेलियन ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

आज यहां पेरिस ओलंपिक 2024 के सेमीफाइनलिस्ट लक्ष्य सेन ने चीनी ताइपे के विश्व नंबर 40 सु ली-यांग को 43 मिनट तक चले मुकाबले में 21-17, 21-13 से हराकर अगले दौर में जगह बनाई। इस बीच, विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता एचएस प्रणय ने शुरुआती झटकों से उबरते हुए इंडोनेशिया के योहानेस सॉट मार्सेलिनो को 6-21, 21-12, 21-17 से हराने में सफलता पाई। पूर्व विश्व नंबर वन किदांबी श्रीकांत ने चीनी ताइपे के 20वें स्थान पर काबिज ली चिया-हाओ को एक घंटे से अधिक देर तक चले मैराथन मुकाबले में 21-19, 19-21, 21-15 से हराकर राउंड ऑफ 16 में जगह बनाई।

थारुण मन्नेपल्ली को भी डेनमार्क के मैग्नस जोहानसन को तीन गेमों के कड़े मुकाबले में 21-13, 17-21, 21-19 से हराने के लिए एक घंटे से ज्यादा समय तक कड़ी मेहनत करनी पड़ी। इसके विपरीत, आयुष शेट्टी को कनाडा के सैम युआन को 21-11, 21-15 के प्रभावशाली स्कोर से हराने में मात्र 33 मिनट लगे। आयुष शेट्टी, जिन्होंने इस साल की शुरुआत में यूएस ओपन जीता था।

आयुष शेट्टी अगले दौर में जापानी दिग्गज कोडाई नाराओ. का से भिड़ेंगे। कनाडाई जोड़ी नाइल याकुरा और क्रिस्टल लाई से 21-12, 21-16 से हारने के बाद मोहित और लक्षिता जगलान के मिश्रित स्पर्धा से बाहर होने के बाद, इस साल ऑस्ट्रेलियन ओपन में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ही एकमात्र भारतीय युगल चुनौती बचे हैं। भारतीय जोड़ी क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने के लिए चीनी ताइपे के सु चिग-हेंग और वू गुआन-जुन से भिड़ेंगी।

# देशवाल और प्रांजली ने जीता गोल्ड

### डेफलम्पिक्स में एयर पिस्टल मिश्रित टीम

**टोक्यो।** टोक्यो में जारी 25वें समर डेफलम्पिक्स में भारतीय निशानेबाजों का शानदार प्रदर्शन जारी रहा, जहां अभिनव देशवाल और प्रांजली प्रशांत धुमाल ने 10मी एयर पिस्टल मिश्रित टीम इवेंट में चीनी ताइपे के या-जू काओ और मिग-जुई हसु को 16-6 से हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

दिन की दूसरी स्पर्धा में कुशाग्र सिंह राजावत ने 50मी राइफल प्रोन में कांस्य पदक जीता। इन पदकों के साथ भारत की शूटिंग में कुल पदक संख्या 11 हो गई है, जो अभी तक टोक्यो में भारत के जीते गए कुल पदक हैं। अभिनव और प्रांजली ने स्वर्ण पदक मैच की शुरुआत से ही अपना दबदबा बनाए रखा



और प्रतिद्वंद्वियों को वापसी का कोई मौका नहीं दिया। इससे पहले क्वालिफिकेशन में दोनों ने डेफ वर्ल्ड और ओलंपिक रिकॉर्ड की बराबरी की थी, जिसे पिछले डेफलम्पिक्स में इसी जोड़ी ने स्थापित किया था। भारतीय जोड़ी ने 569-20ग का संयुक्त स्कोर किया, जिसमें अभिनव ने 287-12ग (97, 95, 95) और प्रांजली ने 282-8ग (95, 94, 93) स्कोर किया। दोनों निशानेबाज सोमवार को व्यक्तिगत वर्ग में भी रजत पदक जीत चुके हैं। भारत की दूसरी जोड़ी, महिलाओं की व्यक्तिगत चैंपियन अनुया प्रसाद और रुदार विनोद कुमार क्वालिफिकेशन में 553-10ग के संयुक्त स्कोर के साथ सातवें स्थान पर रही। अनुया ने 280-5ग (93, 91, 96) जबकि रुदार ने 273-5ग (92, 90, 91) स्कोर किया। ईरान के महला सामीई और बिजान गफारी ने यूक्रेन के सोफिया ओलेनिच और ओलेक्जेंडर कोलोडी को हराकर कांस्य पदक जीता। 50मी राइफल प्रोन में कुशाग्र सिंह राजावत ने 224-3 के स्कोर के साथ कांस्य पदक पर कब्जा जमाया। यूक्रेन के दिमित्रो पेट्रेंको ने 251-0 के स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता और डेफ वर्ल्ड व ओलंपिक रिकॉर्ड तोड़ा, जबकि जर्मनी के कॉलिन म्यूएलर ने 245-4 के साथ रजत पदक जीता। महित संधू और नताशा जोशी कल महिलाओं की 50मी थ्री पोजशिन्स इवेंट में हिस्सा लेंगी। महित पहले ही 10मी एयर राइफल मिश्रित टीम और व्यक्तिगत वर्ग में क्रमशः स्वर्ण और रजत जीत चुकी हैं।

# पाकिस्तान ने जिम्बाब्वे को हराया

**रावलपिंडी।** प्लेयर ऑफ द मैच मोहम्मद नवाज (दो विकेट और नाबाद 22 रन) और फखर जमान (44) के शानदार प्रदर्शन के दम पर पाकिस्तान ने टी-20 मैचों की त्रिकोणीय श्रृंखला के रोमांचक मुकाबले में जिम्बाब्वे को चार गेंदे शेष रहते पांच विकेट से हरा दिया।

जिम्बाब्वे के 147 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 27 के स्कोर पर ब्रैड एवंस ने साहिबजादा फरहान (16) और इसी ओवर की चौथी गेंद पर बाबर आजम (शून्य) को पगबाधा आउटकर जिम्बाब्वे को दोहरी सफलता दिलाई। अगले ही ओवर में टी मपोसा ने कप्तान आगा सलमान (एक) को आउटकर पाकिस्तान को तीसरा झटका दिया। 10वें ओवर में सैम अयूब (22) रन बनाकर आउट हुए। 54 के स्कोर पर चार विकेट गंवा चुकी पाकिस्तान को फखर जमान और



उस्मान खान की जोड़ी ने संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच पांचवें विकेट के लिए 61 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी हुई। 16वें ओवर में रिचर्ड एन्गारावा ने फखर जमान 32 गेंदों में (44) को आउटकर जिम्बाब्वे की मैच जीतने की उम्मीदों को फिर से जिदा कर दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए मोहम्मद नवाज ने आतिशी बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए 19-2 ओवर में पांच विकेट पर 151 रन बनाकर अपनी टीम को पांच विकेट से जीत दिला दी। जिम्बाब्वे के लिए ब्रैड एवंस ने दो विकेट लिए। रिचर्ड एन्गारावा, टी मपोसा और ग्रीम क्रेमर ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले पाकिस्तान ने मंगलवार रात टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। जिम्बाब्वे के लिए ब्रायन बेनेट और तड़िवनाशे मारुमानी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 72 रन जोड़े। आठवें ओवर में मोहम्मद नवाज ने तड़िवनाशे मारुमानी (30) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। 11वें ओवर में ब्रेंडन टेलर (14) रन आउट हुए। 13वें ओवर की पहली गेंद पर सैम अयूब ने ब्रायन बेनेट 36 गेंदों में (49) को आउटकर जिम्बाब्वे की बड़ा स्कोर बनाने की उम्मीद को झटका दिया। इसके बाद पाकिस्तानी गेंदबाजी आक्रमण के आगे जिम्बाब्वे के बल्लेबाज अच्छा स्कोर नहीं कर पाए। जिम्बाब्वे ने निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 147 का स्कोर बनाया। कप्तान सिकंदर रजा 24 गेंदों में 34 रन बनाकर नाबाद रहे। पाकिस्तान की ओर से मोहम्मद नवाज ने 22 रन देकर दो विकेट लिए। शाहीन शाह अफरीदी, सलमान मिर्जा, सैम अयूब और अबरार अहमद ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज को पांच विकेट से हराया

**नेपियर।** आखिरी ओवरों में कप्तान मिचेल सैंटनर 15 गेंदो में 34 रन की आतिशी पारी, शाई होप (नाबाद 109) की शतकीय पारी पर भारी पड़ी।

> तीन मैचों की सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त बनाई

न्यूजीलैंड ने खराब मौसम से प्रभावित एकदिवसीय मुकाबले में वेस्टइंडीज को पांच विकेट से हरा दिया। इसी साथ न्यूजीलैंड ने तीन मैचों की सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली है। नेथन स्मिथ ने (चार विकेट) और काइल जेमीसन (तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद डेवोन कॉन्वे (90), रचिन रविंद्र (56) और टॉम लेथम (39) के शानदार प्रदर्शन का इस जीत में योगदान रहा। 248 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड के लिए डेवोन कॉन्वे और रचिन रविंद्र ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 106 रन जोड़े। 17वें ओवर में जस्टिन ग्रीव्स ने रचिन रविंद्र को आउटकर वेस्टइंडीज को पहली सफलता दिलाई। रचिन रविंद्र ने 46 गेंदों में चार चौके और पांच छक्के लगाते हुए 56 रन बनाए। इसके बाद वेस्टइंडीज के गेंदबा. जों ने विल यंग (11) और मार्क चैपमैन (शून्य) को आउटकर पवेलियन भेज दिया। शमार स्प्रिंगर ने 26वें ओवर में डेवोन कॉन्वे को आउटकर वेस्टइंडीज की मैच में वापसी कराई। कॉन्वे ने 84 गेंदों में 13 चौके और एक छक्का लगाते हुए 90 रनों की पारी खेली। माइकल ब्रेसवेल (11) पांचवें विकेट के रूप में आउट हुए। 195 के स्कोर पर पांच विकेट गंवा चुकी न्यूजीलैंड के टॉम लेथम और कप्तान मिचेल सैंटनर ने ना केवल पारी को संभाला बल्कि तेजी के साथ रन भी बटोरे। न्यूजीलैंड ने 33-3 ओवर में पांच विकेट पर 248 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम किया। टॉम लेथम ने 29 गेंदों में चार चौके और एक छक्का लगाते हुए नाबाद 39 रन बनाए। वहीं कप्तान मिचेल सैंटनर ने 15 गेंदों में तीन चौके और दो छक्के लगाते हुए 34 रनों की नाबाद पारी खेली। वेस्टइंडीज की ओर से मैथ्यू फोर्ड, जेडेन सील्स, जस्टिन ग्रीव्स, रॉस्टन चेज और शमार स्प्रिंगर ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। वेस्टइंडीज ने कप्तान शाई होप की नाबाद शतकीय पारी के दम पर नौ विकेट पर 247 का स्कोर खड़ा किया।

# गेंद को दो बार मारने के लिए आउट करार दिए लमाबम सिंह

**सूरत।** मेघालय के खिलाफ खेले जा रहे रणजी ट्रॉफी मुक. ाबले में मणिपुर के लमाबम सिंह को गेंद को दो बार मारने के लिए दुर्लभ तरीक से आउट करार दिया गया। लमाबम ने आर्यन बोरा की गेंद को रक्षात्मक तरीके से खेला, लेकिन गेंद धीरे-धीरे स्टंप की तरफ लुढ़कने लगी, तभी उन्होंने बल्ले से गेंद को रोक दिया।



मैच के दौरान मौजूद लोगों ने बताया कि गेंद स्टंप की तरफ जा रही थी, जब बल्लेबाज ने दूसरी बार उसे मारा। यह नियमों के तहत सही भी है, लेकिन आश्चर्यजनक रूप से बल्लेबाज सहित किसी ने भी अंपायर के फैसले पर आपत्ति नहीं जताई। मैदान में मौजूद एक मैच अधिकारी ने बताया, ष्वह इसे पैड से भी रोक सकते थे, लेकिन उन्होंने इसे बल्ले से रोकना चुना और अंपायर धर्मेश भारद्वाज ने तुरंत उन्हें 'हिट द बॉल ट्वाइस' आउट दे दिया। मेघालय ने अपील की और बल्लेबाज तुरंत पवेलियन की ओर चल पड़े।ष एमसीसी कानूनों के क्लॉज 34-1-1 के मुताबिक, कोई भी बल्लेबाज 'हिट द बॉल ट्वाइस' तभी आउट होता है, जब शरीर या बल्ले से लगने के बाद बल्लेबा जानबूझकर दूसरी बार बल्ले या शरीर के किसी हिस्से द्धसिवाय उस हाथ के जिसमें बल्ला न होत्र से गेंद को मारता है। हालांकि वह विकेट बचाने के लिए गेंद को बल्ले या पैड से रोक सकता है। रणजी ट्रॉफी में 2005-06 इस तरह से आउट होने का मामला सामने आया था, जब जम्मू- कश्मीर के कप्तान ध्रुव महाजन झारखंड के खिलाफ इसी तरह आउट हुए थे।

# राइजिंग स्टार्स एशिया कप में जीता भारत

**दोहा।** भारत ए ने मंगलवार को कतर के दोहा स्थित वेस्ट एंड पार्क इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में अपने अंतिम ग्रुप बी मैच में ओमान को छह विकेट से हराकर राइजिंग स्टार्स एशिया कप 2025 क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला करने के बाद, भारतीय क्रिकेट टीम ने ओमान को 20 ओवरों में 135/7 पर रोक दिया, जिसमें सुयश शर्मा के चार ओवरों में 2/12 के शानदार प्रदर्शन की बदौलत टीम ने शानदार प्रदर्शन किया।

ओमान के वसीम अली ने 45 गेंदों पर नाबाद 54 रनों की पारी खेलकर पारी को संभाला। जवाब में, भारत ए ने हर्ष दुबे के 44 गेंदों पर 53 रनों और नमन धीर के 19 गेंदों पर 30 रनों की तूफानी पारी की बदौलत आत्मविश्वास के साथ लक्ष्य का पीछा करते हुए 17.5 ओवर में 138/4 का स्कोर बनाया। इस जीत से भारत ग्रुप बी की अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गया और सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। प्रत्येक ग्रुप (ए और बी) से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करती हैं। भारत शुक्रवार को सेमीफाइनल में ग्रुप ए की शीर्ष टीम से भिड़ेगा, जिसका फैसला बुधवार को होगा। पहले बल्लेबाजी करते हुए, वसीम अली के लगातार रनों के बावजूद ओमान की धीमी पारी कभी पूरी तरह से आगे नहीं बढ़ पाई। पारी की शुरुआत कप्तान और सलामी बल्लेबाज हम्माद मिर्जा के शुरुआती झटकों से हुई,



जिन्होंने सिर्फ 16 गेंदों पर तीन चौकों और दो छक्कों की मदद से 32 रन बनाए। चौथे ओवर में आशुतोष शर्मा ने फाइन लेग पर उन्हें नीचा कैच थमा दिया। 37/1 के स्कोर पर हम्माद मिर्जा के आउट होने से ओमान की गति धीमी पड़ गई और सुयश शर्मा ने करण सोनावाले और जकिरिया इस्लाम को आउट करके ओमान पर शिकंजा और कस दिया। इस तरह ओमान का स्कोर 105/5 हो गया। वसीम अली ने इस गिरावट के बीच मजबूती से रन बनाए रखे और बीच के ओवरों में संयमित अर्धशतक जड़ा, जिसमें पांच चौके और एक छक्का शामिल था। उन्हें नारायण साईशिव का भी अच्छा साथ मिला, जिन्होंने नमन धीर की गेंद पर लॉन्ग-ऑन पर आउट होने से पहले 16 रन बनाए। भारतीय गेंदबाजों ने पारी को अच्छी तरह से नियंत्रित किया, जिसमें सुयश ने चार ओवरों में 12 रन देकर 2 विकेट लिए। गुरजपनीत सिंह ने डेथ ओवरों में दमदार प्रदर्शन किया और 20वें ओवर में सुफयान महमूद और मुजाहिर रजा को आउट करके 37 रन देकर 2 विकेट लिए। भारत की जवाबी पारी की शुरुआत तेज रही, प्रियांश आर्य ने शुरुआत में दो चौके लगाए, लेकिन दूसरे ओवर में शफीक जान की गेंद पर स्क्वायर लेग पर कैच आउट होने से 10 रन बनाकर आउट हो गए। भारत के 14 वर्षीय प्रतिभाशाली खिलाड़ी वैभव सूर्यवंशी ने भी जल्द ही 12 रन बनाए, लेकिन ओवर टॉप पर जाने की कोशिश में लॉन्ग-ऑफ पर कैच आउट हो गए, जिससे भारत ए का स्कोर 37/2 हो गया। इसके बाद धीर ने जवाबी हमला बोलते हुए 19 गेंदों पर दो चौकों और दो छक्कों की मदद से 30 रन बनाकर दबाव कम किया। 68/3 के स्कोर पर लॉन्ग-ऑन पर कैच आउट होने से भारत ए की गति कुछ देर के लिए रुक गई, लेकिन दुबे और नेहाल वढेरा ने एक शांत साझेदारी के साथ टीम को आगे बढ़ाया। वढेरा ने दुबे का साथ देते हुए 24 गेंदों पर 23 रन बनाए, लेकिन बाद में रिवर्स स्वीप करने की कोशिश में आउट हो गए। सिर्फ दो रन चाहिए थे, तभी कप्तान जितेश शर्मा ने चौका लगाकर जीत पक्की कर दी। संक्षिप्त स्कोर: ओमान 20 ओवर में 135/7 (वसीम अली नाबाद 54) सुयश शर्मा 2/12, गुरजपनीत सिंह 2/35) भारत ए 17-5 ओवर में 138/4 ) हर्ष दुबे 53 नाबाद, नमन धीर 30) जय ओडेड्रा 1/18) से छह विकेट से हार गया।

# सम्पादकीय

गुरुवार, 20 नवम्बर 2025

## राहुल के खिलाफ नौकरशाह

देश के चुनाव कराने में चुनाव आयोग का महत्वपूर्ण रोल होता है, लेकिन जब उस पर ही उंगली उठने लगे, तो समझ लेना चाहिए कि या तो उसके काम में राजनेता अड़ंगा लगा रहे हैं। ऐसा ही आरोप कांग्रेस नेता राहुल गांधी और सपा मुखिया अखिलेश यादव बार-बार चुनाव आयोग पर उंगली उठा रहे हैं। कहावत है कि जब हद हो जाती है, तो कुछ न कुछ घटित होता है। ऐसा ही अब राहुल गांधी के खिलाफ होने लगा है। 272 पूर्व जजों, नौकरशाहों और सैन्य अधिकारियों ने राहुल गांधी को खुले पत्र में फटकार लगाते हुए मोर्चा खोल दिया है। नौकरशाहों का आरोप था कि वे चुनाव आयोग, सेना, न्यायपालिका और संवैधानिक संस्थाओं पर बिना सबूत गंभीर आरोप लगाकर लोकतंत्र को कमजोर कर रहे हैं। इनमें 16 पूर्व जज, 123 रिटायर्ड नौकरशाह (जिनमें 14 पूर्व राजदूत भी शामिल हैं) और 133 रिटायर्ड सैन्य अधिकारी शामिल हैं। पत्र में लिखा गया है कि हम सिविल सोसाइटी के वरिष्ठ नागरिक भारत की लोकतंत्र पर गहरी चिंता जताते हैं। लोकतंत्र पर हमला अब बंदूक के बल पर नहीं, बल्कि जहर भरी भाषा से हो रहा है। कुछ राजनीतिक नेता नीतियों की असली बहस करने की बजाय बेबु. नियाद और भड़काऊ आरोप लगाकर नाटकीय राजनीति कर रहे हैं। ये पहला मौका नहीं था कि राहुल गांधी ने ये आरोप अभी लगाए हैं, इससे पहले पहले राहुल गांधी ने भारतीय सेना की वीरता और उपलब्धियों पर सवाल उठाए। फिर न्यायपालिका की निष्पक्षता पर उंगली उठाई। संसद और उसके संवैधानिक अधिक. ारियों को निशाना बनाया। अब बारी है चुनाव आयोग की। चुनाव आयोग की साख और ईमानदारी पर सुनियोजित और साजिशपूर्ण हमले हो रहे हैं। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष बार-बार चुनाव आयोग पर हमला कर रहे हैं। वे कहते हैं कि उनके पास 'पक्के' सबूत हैं कि चुनाव आयोग वोट चोरी में शामिल है। उनका दावा है कि उनके पास 100 फीसदी पक्का सबूत है। उन्होंने बेहद घटिया भाषा का इस्तेमाल करते हुए कहा कि जो सबूत उन्होंने खोजा है, वह 'परमाणु बम' है और जब यह फटेगा तो ईसी के पास छिपने की कोई जगह नहीं बचेगी। उनके इस हमले का जवाब बिहार विधानसभा चुनाव में मिल चुका है। ये कोई सोची-समझी सियासत नहीं, बल्कि एक संकीर्ण मानसिकता है। अब तक का इतिहास है कि अगर किसी राज्य में विपक्ष की सरकार बन जाती है, तो ईवीएम ठीक है और यदि नहीं बनती, तो ईवीएम खराब है, चुनाव आयोग खराब है आदि के आरोप लगाए जाते हैं। राहुल गांधी विपक्ष के नेता हैं। संसद में उनका ओहदा पीएम जैसा ही है। बेहतर हो कि वे अपनी साख बचाने के लिए जनता की अदालत में जाएं, लेकिन ऐसा नहीं होता। हां यात्रा निकालने में राहुल गांधी जरूरी पारंगत हैं, लेकिन उन यात्राओं से भी क्या हुआ। न कभी जनता की समस्याएं जानने का प्रयास किया, न उनकी समस्याओं को सरकार के पास ले जाने का प्रयास किया। अब नौकरशाहों ने साफ कह दिया है कि राहुल गांधी ने धमकी भी दी है कि ईसी में ऊपर से नीचे तक जो भी इसमें शामिल हैं, उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। उनके मुताबिक ईसी देशद्रोह कर रहा है। उन्होंने यहां तक कह दिया कि मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्त रिटायर हो जाएं, तो भी वे उनका पीछा नहीं छोड़ेंगे।

### परिवार समाज की नींव



कुछ दानाजीवी मीडिया हाउस हमारे महाकाव्यों की सांकेतिक कथाओं को तोड़-मरोड़कर प्रस्तुत कर रहे हैं, साथ ही उनके मानने वालों की धार्मिक भावनाओं को आहत कर रहे हैं, परिवारवाद पर लगातार चलाया जा रहा यह एजेंडा दरअसल भारतीय महागाथाओं के मूल तत्व परिवार, एकजुटता और त्याग का अपमान है, भाजपा और उसके समर्थक परिवार को नकारात्मक रूप में पेश करके समाज की एकता को कमजोर करना चाहते हैं, जो लोग सत्ता-भक्ति में लीन हैं, वे परिवार शब्द का मजाक उड़ाकर प्रत्यक्ष रूप से हमारे महाकाव्यों के प्रतीकात्मक अर्थों को बदनाम कर रहे हैं, जबकि सच्चाई यह है कि परिवार समाज की नींव है।

**-अखिलेश यादव, अध्यक्ष, समाजवादी पार्टी**

## राजनीतिक रूप से विखंडित व नाजुक इराक में पीएम पद के लिए पैरवी शुरू



एम हसन

तीन प्रमुख संप्रदायों-शिया, सुन्नी और कुर्द -के 18 प्रांतों में अपना प्रभुत्व होने के कारण, कोई भी एक पार्टी अकेले सरकार नहीं बना सकती। मतदान का पैटर्न भी पूरी तरह से सांप्रदायिक है क्योंकि प्रत्येक संप्रदाय अपने ही गुट के उम्मीदवारों का समर्थन करता है। इस साल की शुरुआत में अपनी इराक यात्रा के दौरान, मैंने देखा कि इराकी समाज सांप्रदायिक आधार पर बुरी तरह विभाजित है, जो सद्दाम हुसैन के सत्ता से हटने का नतीजा लग रहा था।

इराक में मुख्य शिया गठबंधन के बहुमत वाले गुट के रूप में उभरने के बावजूद, वर्तमान प्रधानमंत्री मोहम्मद शिया अल-सुदानी और उनके कट्टर प्रतिद्वंद्वी पूर्व प्रधानमंत्री नूरी अल-मलिकी के बीच नेतृत्व के लिए आंतरिक लड़ाई शुरू हो गई है। शिया नेतृत्व वाले समन्वय ढांचे (सीएफ) गठबंधन ने घोषणा की है कि उसने बहुमत वाला गुट बना लिया है, जो अंततः अगले प्रधानमंत्री का नामांकन करेगा। अल-सुदानी के अपने समूह-पुनर्निर्माण और विकास गठबंधन-ने 329 सदस्यीय संसद में 46 सीटें हासिल की हैं, जबकि मलकी की पार्टी-द स्टेट ऑफ लॉ-29 सीटों के साथ तीसरे स्थान पर रही है। हालांकि उन्होंने 2021 में खोई हुई सत्ता वापस पाने के लिए सुन्नी-प्रभुत्व वाले गुट से समर्थन मांगा है। प्रधानमंत्री के रूप में दूसरा कार्यकाल चाह रहे सुदानी के इस कदम ने शिया गुटों के समन्वय ढांचे के गठबंधन को संसद में 175 सीटों का स्पष्ट बहुमत दिया है, लेकिन बेहद जटिल और अत्यधिक खंडित इराकी राजनीतिक व्यवस्था में, जिसमें शिया-सुन्नी और कुर्द ताकतें परस्पर विरोधी उद्देश्यों से काम कर रही हैं, केवल पर्याप्त सीटें प्राप्त करना देश में शीर्ष पद पाने की गारंटी नहीं है। चूंकि अमेरिका और ईरान इराकी राजनीतिक व्यवस्था में गहराई से शामिल हैं, वे नेतृत्व के चुनाव को सीधे प्रभावित करते हैं। 2022 से अपने पहले कार्यकाल के दौरान अल सुदानी ने इन ताकतों को खुश रखने के लिए एक उच्च संतुलनकारी खेल खेला है, हालांकि ईरान के प्रति उनका झुकाव अमेरिका को पसंद नहीं आया है। इराक में सक्रिय ईरान समर्थित मिलिशिया बलों की भी सरकार गठन में भूमिका है। 2003 में सद्दाम हुसैन के शासन के पतन के बाद, विरोधी राजनी. तिक ताकतों ने देश में सत्ता के बंटवारे की एक अनौपचारिक व्यवस्था की थी। इस प्रकार, इराक में परंपरा के अनुसार (कोई संवैधानिक अनिवार्यता नहीं) एक शिया मुसलमान प्रधानमंत्री का पद धारण करता है, एक सुन्नी संसद का अध्यक्ष होता है और मोटे तौर पर औपचारिक राष्ट्रपति पद एक कुर्द को मिलता है। गौरतलब है कि शिया धर्मगुरु मुक्तदा अल-सद्र इस दौड़ से बाहर हैं क्योंकि उनकी पार्टी ने 11 नवंबर को हुए संसदीय चुनावों का बहिष्कार किया था। उन्होंने चुनाव नहीं लड़ा, लेकिन बताया जाता है कि उनके समर्थकों ने बगदाद, कर्बला और नजफ में उनके प्रभुत्व वाले क्षेत्रों में शिया समूहों को वोट दिया था। अल-सद्र अस्वीकृतिवादी खेमे के सबसे प्रमुख प्रवक्ता हैं। उन्होंने चुनावों का बहिष्कार करने के अपने फैसले की जोरदार घोषणा की थी और राजनीतिक प्रतिष्ठान को भ्रष्ट और असुधार्य बताया था। वह शिया-सुन्नी और कुर्द के बीच सत्ता के बंटवारे के फार्मूले का समर्थन नहीं करते हैं। वह संसद में सबसे बड़ी पार्टी को सारी शक्तियां दिए जाने के पक्ष में हैं। उत्तरी शहर दुहोक में पार्टी सम्मेलन को संबोधित करते हुए, सुदानी ने कहा कि उनका गठबंधन पुनर्निर्माण और विकास गठबंधन, समन्वय ढांचे का हिस्सा है, जिसने सबसे बड़ा गुट बनाने का फैसला किया है। उन्होंने आगे कहा कि दूसरा कार्यकाल चाहना व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा नहीं, बल्कि इस मिशन को अंजाम तक पहुंचाने की अपनी जिम्मेदारी को पूरा करने के बारे में है। अपने पहले कार्यकाल के दौरान, सुदानी ने इराक में पुनर्निर्माण और स्थिरता का संकल्प लेते हुए नीतियों का पालन किया था। उन्होंने आगे कहा कि नए प्रधानमंत्री, स्पीकर और राष्ट्रपति के नाम पर प्रमुख दलों के बीच बातचीत शुरू होगी। इराक में शिया, सुन्नी और कुर्द दलों के बीच चुनाव के बाद की बातचीत आमतौर पर महीनों तक चलती है और संवैधानिक समय-सीमाएं अक्सर चूक जाती हैं, लेकिन चूंकि इराक ने दशकों के युद्ध के बाद हाल ही में कुछ स्थिरता हासिल की है, इसलिए प्रमुख दलों को उम्मीद है कि जनवरी में नई संसद के गठन से पहले वे एक पूर्ण पैकेज समझौते - प्रधानमंत्री, स्पीकर और राष्ट्रपति - पर पहुंच जाएंगे। पिछली बार तीन समूहों- शिया-सुन्नी और कुर्द-के बीच बातचीत एक साल तक चली थी और आखिरकार अल सुदानी को प्रधानमंत्री के रूप में स्वीकार किया गया था।

अल सुदानी की पार्टी अब 46 सीटों के साथ पहले स्थान पर आ गई है, उसके बाद पूर्व संसद अध्यक्ष मोहम्मद अल-हलबौसी के नेतृत्व वाली सुन्नी प्रोग्रेस पार्टी है, जिसने 36 सीटें जीती हैं। नूरी अल-मलिकी के नेतृत्व वाले स्टेट ऑफ लॉ गठबंधन ने 29 सीटें हासिल की हैं। इराक के मुख्य रूप से सुन्नी पश्चिम और उत्तर से समर्थन प्राप्त करने वाली तकदुम पार्टी ने 27 सीटें जीती हैं और कुर्दिस्तान डेमोक्रेटिक पार्टी (केडीपी) ने 26 सीटें हासिल की हैं। सभी राज्यों में कई छोटे समूह भी हैं। 329 सीटों में से 83 सीटें महिलाओं के लिए, पांच ईसाइयों के लिए और तीन अन्य अल्पसंख्यक जातीय समूहों के लिए आरक्षित हैं। शिया नेतृत्व वाले समन्वय ढांचे ने कहा कि उसने औपचारिक रूप से खुद को सबसे बड़े संसदीय ब्लॉक के रूप में नामित किया है, जिसमें उसके सभी शिया घटक दल एक साथ हैं तीन प्रमुख संप्रदायों - शिया, सुन्नी और कुर्द - का 18 प्रांतों में अपना प्रभुत्व होने के कारण, कोई भी एक पार्टी अकेले सरकार नहीं बना सकती। मतदान का स्वरूप भी पूरी तरह से सांप्रदायिक है क्योंकि प्रत्एक संप्रदाय अपने ही गुट के उम्मीदवारों का समर्थन करता है। इस वर्ष की शुरुआत में अपनी इराक यात्रा के दौरान, मैंने देखा कि इराकी समाज सांप्रदायिक आधार पर बुरी तरह विभाजित है, जो सद्दाम हुसैन के सत्ता से हटने का परिणाम प्रतीत होता है। सुदानी दूसरे कार्यकाल की मांग कर रहे थे, लेकिन कई निराश युवा मतदाताओं ने चुनाव को केवल स्थापित दलों द्वारा इराक की तेल संपदा को विभाजित करने के साधन के रूप में देखा। मौजूदा असंतोषजनक स्थिति को लेकर मतदाताओं की उदासीनता, विशेष रूप से शिया वर्ग में, मौलवियों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए फतवा जारी करने के लिए तैनात किया गया था। बहुसंख्यक शिया समुदाय पड़ोसी सीरिया, लेबनान, ईरान में राजनीतिक घटनाक्रम और गाजा में नरसंहार से भी भयभीत था। ऐसी आशंका थी कि शिया समुदाय इराक में सत्ता खो देगा। सीएफ के भीतर, इस चुनाव में कई असहम. तियां हैं। सीरिया के प्रति सरकार की नीति, ईरान के प्रति निष्ठा, ईरान-गठबंधन वाले लोकप्रिय मोबि. बलाइजेशन फोर्सेज (पीएमएफ) के बारे में एक निरस्त कानून सीएफ के अंतर्गत तीन समूह पीएमएफ के भी सदस्य हैं अमेरिका द्वारा नामित असैब अहल अल-हक (ए.ए.एच) और कताइब हिजबुल्लाह (के.एच.), साथ ही बद्र कोर, लेकिन सबसे बड़ी दरार नूरी अल-मलिकी और अल-सुदानी के बीच राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता है। दोनों में से किसी ने भी चुनाव के बाद सरकार बनाने की अपनी महत्वाकांक्षा को छुपाया नहीं है। हालांकि चुनाव अभियान विभिन्न शिया गुटों के बीच प्रतिस्पर्धा पर केंद्रित थे, अल-सुदानी और अल-मलिकी दो प्रतिद्वंद्वी ध्रुवों का प्रतिनिधित्व करते थे। लेकिन अब जीत ने अल-सुदानी की स्थिति को और मजबूत कर दिया है, लेकिन अल-मलिकी और उनके कानून के राज्य गठबंधन ने अल-सुदानी के प्रधानमंत्री कार्यकाल को कमजोर करने के लिए कई मुद्दों पर जोर दिया है। उन्होंने चुनावों के जरिए बाथिस्टों की सत्ता में गुप्त वापसी पर चिंता जताई है और सैकड़ों उम्मीदवारों को, सही या गलत, डी बाथिफिकेशन कानूनों के तहत अयोग्य घोषित किया गया है। अल-सुदानी के विरोधियों ने चुनाव प्रचार में सरकारी संसाधनों के इस्तेमाल की निंदा की है और अप्रत्यक्ष रूप से उन पर चुनाव प्रचार के लिए अपने पद का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया है। उनके आला. चकों ने मौजूदा सरकार के तीन साल बाद सेवाओं की खराब स्थिति, सीरिया में नई सुन्नी सरकार के साथ अल-सुदानी के संबंधों और प्रधानमंत्री और अन्य अरब देशों के बीच मधुर संबंधों की भी आलोचना की है, जिन्हें सीएफ के प्रभावशाली सदस्य इराक में शिया वर्चस्व के लिए शत्रुतापूर्ण मानते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## क्या अब पूरे देश में शुरू होगी चुनाव पूर्व रेवड़ी वितरण नीति

**विपक्षी दलों के लिए ही प्रधानमंत्री की ए नसीहत थी और इन सबसे बड़ा सवाल अब भविष्य के चुनावों के लिए खड़ा हो गया है कि क्या अब भविष्य के चुनाव का आधार भी चुनाव पूर्व नकद वितरण ही हुआ करेगा ? क्या बिजली, सड़क, पानी, शिक्षा, स्वास्थ, कानून व्यवस्था व भ्रष्टाचार जैसे अनेक जनहितकारी मुद्दे अब चुनावी मुद्दे नहीं हुआ करेंगे ? नैतिक रूप से तो कर्ज मुआफी मुफ्त बिजली, मुफ्त पानी, मुफ्त बस यात्रा जैसी सुविधाएं देना भी मुनासिब नहीं परन्तु आश्चर्य तो यह है कि पीएम को योजनाएं रेवड़ी नजर आ रही थीं तो बिहार में चुनाव के दौरान ही बिना किसी योजना के नकद पैसे बांटकर सीधे तौर पर वोट खरीदना कहां की नैतिकता है ?**



निर्मल रानी

बिहार चुनाव परिणाम आ चुके हैं। परिणामों को लेकर तरह तरह से समीक्षाएं की जा रही हैं। विपक्ष तो इस चुनाव को जनादेश के बजाए ज्ञानादेश कहकर चुनाव आयोग की निष्पक्षता व विश्वसनीयता पर ही सीधा सवाल खड़ा कर रहा है। कुछ समीक्षकों की नजरों में धर्म निरपेक्ष मतों के विभाजन के कारण ऐसे परिणाम आए तो कुछ का आंकलन है कि महिला मतों ने चुनाव में निर्णायक भूमिका अदा की। मगर सच तो यह है कि जिसतरह के चुनाव परिणाम आए हैं उसका अंदाजा स्वयं भारतीय जनता पार्टी को भी नहीं था क्योंकि गृह मंत्री अमितशाह ने भी अब की बार 160 की विजय सीमा निर्धारित की थी, जबकि 202 सीटों पर राजगश ने फतेह हासिल की। महिलाओं द्वारा राजग के पक्ष में किए गए बंपर मतदान को लेकर यही कहा जा रहा है कि जिस समय चुनाव की घोषणा के दिन आचार संहिता का सरेआम उल्लंघन करते हुए बिहार में लगभग 1 करोड़ 51 लाख महिलाओं के खाते में 10000 रुपये डाले गए थे उसी समय से यह अंदाजा लगाया जाने लगा था कि चुनाव का रुख नितीश सरकार के पक्ष में जा सकता है। कहा यह भी जा रहा है कि विश्व बैंक से किसी अन्य परियोजना के लिए प्राप्त धनराशि को केंद्र सरकार ने बिहार विधानसभा चुनाव के लिए डायवर्ट किया और उन्हीं पैसों को राज्य की महिला मतदाताओं में बांट दिया गया। यही पैसे लगभग डेढ़ करोड़ महिला मतदाताओं के खाते में 10,000 रुपए प्रति खाते की दर से हस्तानांतरित कर दिए गए। गोया लगभग 40 हजार करोड़ रुपयों की भारी अनुमानित रकम रेवड़ियों की तरह बांट दी गई। चुनाव पूर्व श्रेवड़ी आवंटनश का यही फार्मूला जिसे सीधे शब्दों में पैसे देकर वोट खरीदना भी कहा जा सकता है, पूर्व में मध्य प्रदेश, हरियाणा, महाराष्ट्र, दिल्ली में विभिन्न योजनाओं के नाम पर और अब बिहार में नकद वितरण के रूप में सफलता पूर्वक आजमाया जा चुका है। चुनाव घोषित होने के बावजूद आचार संहिता का सरेआम उल्लंघन करते हुए सरकारी खजाने से लोगों के खातों में बड़ी राशि डालने का सीधा अर्थ है वोट खरीदना और चिंताजनक यह है कि यह अनैतिक व गैर कानूनी काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा व उनके सहयोगी दलों द्वारा खुले तौर पर किया गया। सवाल यह है की पूर्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा रेवड़ी बांटने के इस चलन को लेकर दिए गए प्रवचन क्या केवल विपक्ष के लिए ही थे स्वयं उनकी भाजपा या राजग दलों के लिए नहीं? याद कीजिए जब जुलाई 2022 को लखनऊ में एक कार्यक्रम में मोदी जी फरमाते हैं कि ये रेवड़ी बांटने की संस्कृति देश के लिए बहुत खतरनाक है। जो रेवड़ी बांट रहे हैं, वो आपके बच्चों का हक मार रहे हैं। यह रेवड़ी संस्कृति देश के विकास को खा जाएगी। फ्री की रेवड़ी बांटकर वोट लेने की होड़ देश को दीवालिया बना देगी। यह आने वाली पीढ़ियों के साथ बहुत बड़ा अन्याय है। प्रधानमंत्री तो मुफ्त के रेवड़ी कल्चर से इतना आहत थे कि 15 अगस्त 2022 को लाल किले से अपने स्वतंत्रता दिवस के भाषण में भी उन्हें इसका जिक्र करते हुए कहना पड़ा था कि हमें रेवड़ी कल्चर से बचना होगा जो देश को तबाह कर देगा। उस समय उन्होंने राज्य सरकारों विशेषकर विपक्ष शासित राज्यों पर निशाना साधते हुए कहा था कि मुफ्त बिजली, मुफ्त पानी, मुफ्त बस यात्रा आदि जैसी योजनाएं चुनावी लाभ के लिए लाई जा रही हैं, जो राज्यों की आर्थिक स्थिति को कमजोर कर रही हैं। उनकी यह टिप्पणी खासतौर पर उस समय की दिल्ली, पंजाब, पश्चिम बंगाल आदि की गैर बीजेपी सरकारों की मुफ्त योजनाओं के संदर्भ में की गई थी, परन्तु उपरोक्त योजनाएं जिसे प्रधानमंत्री रेवड़ी बता रहे थे इसमें बिजली पानी बस यात्रा जैसी सुविधाएं तो थीं परन्तु बिहार की तरह 10 हजार रुपये बिना किसी योजना के बैंक खतों में डालना, जिसे सीधे तौर पर पैसे देकर वोट खरीदने के सिवा और क्या कहा जा सकता है ऐसी कोई योजना नहीं थी? फिर मोदी जी का रेवड़ी संस्कृति को लेकर लाल किले तक से रुन्दन करना आखिर बिहार में कहां चला गया?

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## सोरम में हुई सर्वजातीय सर्वखाप महापंचायत का सामाजिक महत्व

जिले में सर्वखाप महापंचायत मुख्यालय के गांव सोरम में बीते 16 नवम्बर से शुरु हुई 3 दिवसीय सर्वजातीय सर्वखाप महापंचायत का आयोजन हुआ। सोरम में हुई इस महाप. ंचायत में दर्जनों खाप चौधरियों और थाम्बेदारों के साथ कई राज्यों के लोगों ने शिरकत की। कई खापों के चौधरी की इसमें शिरकत को लेकर शिकायत भी रही कि इस सर्वखाप महापंचायत का आयोजन विधिसम्मत तरीके से खाप चौधरियों के साथ चर्चा करके नहीं किया गया और कहा गया कि भारतीय किसान यूनियन के प्रवक्ता राकेश टिकैत के आह्वान पर महापंचायत में सर्वखाप पंचायत के प्लेटफॉर्म का उपयोग कर निहित स्वार्थों की पूर्ति हेतु जन समुदाय की उपस्थिति दिखाना ही इस महापंचायत का निहित एजेंडा है। फलस्वरूप कई खाप चौधरियों ने इसमें शिरकत नही की। फिर भी सोरम गांव के ऐतिहा. सिक महत्व के दृष्टिगत वेस्टर्न यूपी के जिलों के लोगों का यहां की धरती के प्रति आस्था के चलते बड़ी संख्या में आना हुआ। अन्य राज्यों के बाशिंदों की हाजिरी भी सोरम की धरती पर इस पंचायत में बड़ी संख्या में दिखी। सोरम गांव की धरती प्राचीन काल से ही संत महात्माओं की भूमि मानी गई है और इस गांव में सर्वसमाज की चिंता करने वाले कई बुद्धिमान व बलवान महापुरुष पैदा हुए हैं। यहां की पंचायत ने मुगल काल के समय से ही बड़े-बड़े निर्णय लेकर हर कालखंड में समाज की चिंता की व मुश्किलों को दूर किया। इसलिए यहां की भूमि को सिद्ध देवभूमि माना जाता है। इस महापंचायत में




पधारे स्थानीय और अन्य राज्यों से आए लोगों का समस्त बालियान खाप व सोरम गांव ने दिल खोलकर स्वागत किया और आगंतुकों एवं अतिथियों को इस 3 दिवसीय आयोजन में रहने, खाने इत्यादि संबंधी कोई भी समस्या नहीं होने दी। यही इस सोरम गांव व बालियान खाप का ऐतिहासिक पंचायती स्वरूप है जिसकी तह में मेहमानों की आव भगत अतिथि देवो भव की सोच के साथ सर्वोपरि रहती है। उम्मीद है कि सोरम की पवित्र धरती पर पधारे सब आमजन व अतिथि एक सुखद अनुभव यहां से लेकर गए होंगे। इस सर्वखाप की महापंचायत से ए तो साबित हो गया कि सर्व खाप पंचायत व सोरम के नाम पर यदि लोगों को एकत्र करने का आह्वान किया जाता है तो उसमें लोग सर्व समाज का भला होने का सपना लेकर अवश्य पहुंचते हैं हालांकि इस बार की पंचायत में लोगों में यह जरुर चर्चा रही कि जो रोल व वर्चस्व महापंचायत के आयोजन में बालियान खाप के चौधरी नरेश टिकैत व सर्व खाप मंत्री सुभाष बालियान का दिखाना चाहिए था वह वैसा दिखाई नहीं दिया अपितु भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राक. ेश टिकैत ने ही सब मोर्चा संभाला हुआ था लेकिन यह सब बातें बातें रह जाती हैं क्योंकि राकेश टिकैत भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता हैं जो बालियान खाप के चौधरी नरेश टिकैत के छोटे भाई हैं और नरेश टिकैत भारतीय किसान यूनियन के अध्यक्ष भी हैं तो ऐसे में बालियान खाप के लोगों के साथ संपूर्ण परिवार का सक्रिय रहना अच्छी बात है। इस महापंचायत के आयोजन और समापन के बीच में कुछ ऐसे विषय रहे जो समाज की .ष्टि से महत्वपूर्ण हैं और उनमें चर्चा व परिचर्चा अवश्य होती रहेगी लेकिन महत्वपूर्ण यहां यह है कि सर्व समाज और गांवों को एकजुट रख उत्थान कार्य रुकने नहीं चाहिए। उत्थान व विकास कार्यों की प्रक्रिया अनुकरणीय बनी रहनी चाहिए। सोरम गांव की इस पवित्र धरती से भाईचारे, एकजुटता व सर्व समाज को सुदृढ़ और सुंदर बनाने हेतु स्वस्थ परंपराओं के साथ सामाजिक निर्णय समय समय पर लिए जाते रहने चाहिएं जिससे सामाजिक बुराइयां पनपने न पाएं और समय के साथ स्वस्थ परिवर्तनों को समाज अंगीकार कर प्रगति के साथ आगे बढ़कर देश के सामाजिक व आर्थिक विकास में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करता रहे। अब सर्वखाप महापंचायत का समापन हो गया है और सभी खाप चौधरी, थांबेदार, जिम्मेदार व्यक्ति व अतिथि अपनी अपनी खापों में अपने अपने निवास स्थान पर लौट गए हैं अब सभी का नैतिक दायित्व महापंचायत में सर्व सम्मति से लिए गए निर्णयों को धरातल पर लागू करने के लिए पहल करने का रहेगा। कुछ निर्णय ऐसे भी हैं जिसमें सरकार व न्यायालय के सहयोग और स्वीकृति की भी आवश्यकता होगी उन पर विधिवत तरीकों से आगे बढ़ा जा सकता है लेकिन जो निर्णय सीधे समाज के हाथ में हैं उसमें जागरूकता पैदा कर उनका क्रियान्वयन किया जाना सर्व जाति एवं सर्व समाज को एकजुट, स्वस्थ व प्रगतिशील बनाए रखने के लिए जरुरी है। जहां तक गांव सोरम की बात है यहां बहुत सी बातों को गांव का सर्व समाज पहले से ही अंगीकार किए हुए हैं। जिसकी बानगी यहां के क्रिया कलापों में स्पष्ट झलकती है। सर्वखाप मंत्री सुभाष बालियान इसी गांव सोरम के निवासी हैं तो यह उन पर अतिरिक्त जिम्मेदारी होगी कि उनका यह गांव खाप व्यवस्था के हिसाब से सामाजिक मूल्यों का हमेशा केंद्र बना रहे और गांव सोरम में निरंतर आयोजित होने वाली गांव की आम व खास पंचायत में लिए गए निर्णय न केवल जिले बल्कि पास के जिलों में भी सामाजिक मूल्यों को बढ़ाने का कार्य करते रहें। सर्वखाप मंत्री व बालियान खाप चौधरी



यशपाल बालियान

की जिम्मेदारी बहुत बढ़ गई है उन्हें अपनी खाप में इन निर्णयों को लागू कराकर अन्य खापों को प्रोत्साहित करने वाला संदेश देना होगा। सोरम गांव हमेशा से सामा. जिक मूल्यों में विश्वास रखकर उनको बढ़ावा देता रहा है और हमेशा यहां कुछ अच्छे कार्यों की शुरुआत कर सर्व समाज को बड़ा मैसेज देने का प्रयास रहता है। जिससे अच्छी बातों का अनुसरण होकर समाज सहिष्णु और प्रगतिशील बना रहे। हम सब ग्रामीण महापंचायत के समापन के बाद इस बात को लेकर उत्साहित हैं कि हमें पंचायत में लिए गए निर्णयों को गांव के सर्व समाज के लोगों को जागरुक कर धरातल पर उतारकर गांव के प्रति क्षेत्र के लोगों की आस्था व विश्वास के चलते अच्छा कार्य होने के बारे में सुनने की अपेक्षा को पूरा करना है। मुझे उम्मीद है कि हमारा गांव महापंचायत के बाद एक अच्छी सामाजिक व्यवस्था, समझ व जिम्मेदारी को निरुपित करता दिखाई देगा और उसका असर न केवल जिले तक सीमित रहेगा बल्कि वेस्टर्न यूपी के साथ उत्तर भारत के अन्य क्षेत्रों तक भी अनुकरण होता दिखाई देगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# चीन ने राफेल की बिक्री रोकने को कैंपेन चलाया

## अमेरिकी रिपोर्ट में दावाः भारत-पाक संघर्ष के दौरान एआई से बनी फर्जी तस्वीरें कराईं वायरल

**वाशिंगटन।** एक अमेरिकी रिपोर्ट में दावा किया गया है कि चीन ने राफेल की बिक्री रोकने के लिए फर्जी कैंपेन चलाया था। मई में भारत और पाकिस्तान के बीच हुए सैन्य संघर्ष के तुरंत बाद चीन ने फर्जी सोशल मीडिया अकाउंट्स के जरिए राफेल गिराने का दावा किया।

यूएस-चाइना इकोनामिक एंड सिक्योरिटी रिव्यू कमीशन (यूएससीसी) ने अपनी सालाना रिपोर्ट में कहा है कि चीन ने भारत-पाकिस्तान संघर्ष का फायदा उठाया और अपने हथियारों की खूबियां दिखाने की कोशिश की। रिपोर्ट के मुताबिक चीन ने फ्रांस के राफेल फाइटर जेट की बिक्री रोकने और अपने जे-35 लड़ाकू विमानों के प्रचार के लिए फर्जी सोशल मीडिया अकाउंट्स चलाए। इन अकाउंट्स से एआई से बनाई गई नकली तस्वीरें फैलाई गईं, जिनमें दावा किया गया कि भारतीय राफेल को चीन के हथियारों ने गिराया है और यह उसके मलबे की तस्वीरें हैं। रिपोर्ट में कई रिस्क बताए गए हैं, जो अमेरिका के लिए आर्थिक, तकनीकी और



■ चीन इनका दुरुपयोग कर साइबर खतरे पैदा कर सकता है

राष्ट्रीय सुरक्षा के लिहाज से अहम हैं। रिपोर्ट बताती है कि चीन एडवांस टैक्नोलाजीज (जैसे एआई, क्वांटम कम्प्यूटिंग, रोबोटिक्स) में तेजी से आगे बढ़ रहा है। इसमें बताया गया है कि चीन जरूरी कच्चे माल, टेक्नोलाजी पर कंट्रोल रखता है। ऐसे में वह सप्लाई चेन को हथियार के तौर पर इस्तेमाल कर सकता है। रिपोर्ट में चीन के रूस, ईरान और उत्तर कोरिया जैसे देशों के साथ पार्टनरशिप को लेकर भी चिंता जताई गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि चीन कई देशों के साथ आर्थिक-सैन्य रणनीतिक रिश्ते मजबूत कर रहा है, जिससे उसकी वैश्विक पहुंच और शक्ति बढ़ रही है। रिपोर्ट में चीन-निर्मित ऊर्जा स्टोरेज सिस्टम (जैसे बैटरियां) पर चिंता जताई गई है, खासकर वे सिस्टम जिसमें रिमोट मानिटरिंग की सुविधा है। चीन इनका दुरुपयोग कर साइबर खतरे पैदा कर सकता है। यूएससीसी एक बायपार्टिजन आयोग है, यानी इसे रिपब्लिकन और डेमोक्रेट्स दोनों पार्टियों ने मिलकर बनाया है, ताकि संतुलित तरीके से चीन-अमेरिका के आर्थिक और सुरक्षा संबंधों की निगरानी की जा सके। इस बार की रिपोर्ट में चीन की नीतियों, उसकी आर्थिक क्षमता, सैन्य चुनौती, टेक्नोलाजी प्रतिस्पर्धा और सप्लाई चेन समेत कई महत्वपूर्ण जोखिमों पर चर्चा की गई है। रिपोर्ट का मकसद कांग्रेस और अमेरिकी नीति निर्माताओं को सिफारिशें देना है कि वे चीन के सामने आने वाली चुनौतियों का सामना कैसे करें।

## अमेरिका-रूस यूक्रेन समझौते पर बना रहे हैं 'नई योजना'

**मास्को।** अमेरिका और रूस यूक्रेन संघर्ष का समाधान करने के उद्देश्य से गुपचुप तरीके से एक 'नई योजना' पर काम कर कर रहे हैं। यह जानकारी एक्सियोस ने रूसी और अमेरिकी सूत्रों के हवाले से बुधवार को दी। रिपोर्ट के अनुसार प्रस्तावित 28 सूत्री अमेरिकी योजना राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के सफल गाजा समझौते के प्रयासों से प्रेरित है और इसे चार मुख्य विषयों के इर्द-गिर्द रखा गया है जिसमें यूक्रेन में शांति, सुरक्षा गारंटी, यूरोपीय सुरक्षा और रूस-यूक्रेन के साथ भविष्य के अमेरिकी संबंध शामिल हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि एक वरिष्ठ रूसी अधिकारी ने इस योजना को लेकर आशा व्यक्त की है जबकि यूक्रेन और उसके यूरोपीय सहयोगियों की प्रतिक्रिया अभी प्राप्त नहीं है।



बीकानेर। मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के बारे में लोगों से बातचीत करते बूथ लेवल अधिकारी।

## एरिक ट्रम्प ने ममदानी को भारत और यहूदी-विरोधी पूर्वाग्रह वाला बताया

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बेटे और ट्रम्प ऑर्गनाइजेशन के कार्यकारी उपाध्यक्ष एरिक ट्रम्प ने न्यूयॉर्क शहर के नवनिर्वाचित मेयर जोहरान ममदानी की आलोचना करते हुए दावा किया है कि ममदानी कम्युनिस्ट हैं और वह भारत-विरोधी और यहूदी-विरोधी भावनाओं को बढ़ावा देते हैं। एरिक ट्रम्प ने फॉक्स न्यूज पर एक साक्षात्कार के दौरान कहा कि दुनिया में कोई भी जगह न्यूयॉर्क शहर का मुकाबला नहीं कर सकती, और फिर भी आपके पास एक समाजवादी, कम्युनिस्ट, चाहे आप इसे जो भी नाम देना चाहें, मौजूद है जो नेतन्याहू को गिरफ्तार करना चाहता है, यहूदियों से नफरत करता है, भारतीय आबादी से नफरत करता है।

## संक्षिप्त समाचार

### चीनी सरकार के लिए जासूसी करने का आरोप

**ताइपे।** ताइवान के अभियोजकों ने देश के पूर्व एवं वर्तमान सैन्यकर्मियों सहित सात लोगों पर चीनी सरकार के लिए जासूसी करने का आरोप लगाया है। यह जानकारी ताइपे टाइम्स अखबार ने अपनी रिपोर्ट में दी। मंगलवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया कि हांगकांग का एक व्यक्ति बार-बार व्यापार और पर्यटक वीजा पर ताइवान का दौरा करता था और उसने दो सेवानिवृत्त सैन्यकर्मियों की भर्ती की, जिन्होंने बाद में अपने पूर्व साथियों को द्वीप के सशस्त्र बलों के बारे में गोपनीय जानकारी इकट्ठा करने के लिए भर्ती किया।

### जापान में भीषण आग, 175 लोगों को सुरक्षित निकाला गया

**टोक्यो।** जापान के क्यूशू द्वीप पर स्थित ओइता शहर में भीषण आग लगने से आवासीय भवनों सहित 170 संरचनाएं नष्ट हो गई जिसके बाद 175 लोगों को वहां से सुरक्षित निकाल लिया गया। एनएचके प्रसारक ने बुधवार को यह जानकारी दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार आग मंगलवार शाम को लगी और तेज हवाओं के कारण शहर में फैल गई। एनएचके के अनुसार आज सुबह तक आग पर पूरी तरह काबू नहीं पाया जा सका और यह आग पास के पहाड़ी जंगल में भी फैल गई है।

### रूसी वायु रक्षा बल ने 65 यूक्रेनी ड्रोन मार गिराए

**मास्को।** रूसी वायु रक्षा बल ने मंगलवार रात चार रूसी क्षेत्रों और काला और आजोव सागर में 65 यूक्रेनी ड्रोनों को मार गिराया। रूसी रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि पिछली रात, वायु रक्षा प्रणालियों ने 65 यूक्रेनी मानव-रहित हवाई वाहनों (ड्रोन) को रोक कर उन्हें हवा में ही नष्ट कर दिया। बयान में कहा गया कि काला सागर के ऊपर 16 ड्रोन, वोरोनिश क्षेत्र और क्रास्नोडार क्षेत्र के ऊपर 14-14 ड्रोन, बेलगोरोड क्षेत्र के ऊपर 11 ड्रोन, आजोव सागर के ऊपर नौ ड्रोन और ब्रांस्क क्षेत्र के ऊपर एक ड्रोन नष्ट किया गया।

### जर्मनी, स्वीडन रक्षा सहयोग मजबूत करेंगे

**मास्को।** जर्मनी के रक्षा मंत्री बोरिस पिस्टोरियस ने कहा है कि जर्मनी और स्वीडन ने सुरक्षा एवं रक्षा के क्षेत्र में दोनों देशों के बीच सहयोग को मजबूत करने के लिए एक ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। यह हस्ताक्षर चौबीसवें बर्लिन सुरक्षा सम्मेलन के बाद किया गया है। पिस्टोरियस ने मंगलवार को हस्ताक्षर समारोह में कहा कि यह समझौता नाटो में संयुक्त प्रशिक्षण, आधुनिक प्रौद्योगिकियों की खरीद और परस्पर कार्यक्षमता के लिए आधार तैयार करता है। पिस्टोरियस ने याद किया कि स्वीडन पहले ही नाटो में शामिल हो चुका है।

# भारत को एसयू-फाइटर जेट्स देने को रूस तैयार

## तकनीक के भी बिना शर्त ट्रांसफर करने का दावा, एसयू- फाइटर विमान अमेरिकी एफ-35 जेट्स का तोड़

**मास्को।** रूस, भारत को एसयू-स्टेल्थ फाइटर जेट्स देने के लिए तैयार हो गया है। दुबई एयर शो में रूसी कंपनी रास्टेक के सीईओ सेर्गेई केमेजोव ने कहा कि वे इन फाइटर जेट्स की तकनीक भी बिना शर्त ट्रांसफर करेंगे। रूसी एसयू-जेट्स को अमेरिका के एफ-35 का तोड़ माना जाता है। एसयू- की तरह एफ-35 भी 5वीं जेनरेशन का लड़ाकू विमान है। अमेरिका लंबे समय से भारत को एफ-35 बेचना चाह रहा है। रूस से यह आश्वासन ऐसे समय आया है जब भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने हाल ही में मास्को में राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की है। पुतिन अगले महीने भारत आने वाले हैं।

सीईओ सेर्गेई केमेजोव ने कहा कि भारत और रूस कई दशकों से भरोसेमंद डिफेंस साझेदार रहे हैं। जब भारत पर अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबंध लगे थे, तब भी रूस ने भारत की सुरक्षा के लिए हथियार सप्लाई करना जारी रखा था। उन्होंने कहा कि आज भी हम वही पालिसी अपना रहे हैं। भारत को उसकी जरूरत के मुताबिक हर तरह का मिलिट्री इक्विपमेंट सप्लाई कर रहे हैं और भविष्य के सहयोग को और मजबूत कर रहे हैं। रूस का कहना है कि एसयू-की तकनीक पर कोई रोक नहीं होगी। इसमें इंजन, रडार, स्टेल्थ तकनीक और आधुनिक हथियारों की जानकारी भी दी जा सकती है। रूस ने यह भी कहा कि अगर भारत चाहे तो एसयू- को भारत में ही बनाया जा सकता है। रूस ने भारत को टू-सीटर एसयू- बनाने की जाइंट प्लानिंग का भी प्रस्ताव दिया है। उनका कहना है कि यह सब भारत में बिना किसी विदेशी प्रतिबंध की चिंता के किया जा सकेगा। कई दशक से रूस भारत का प्रमुख मिलिट्री सप्लायर रहा है। फाइटर जेट्स और सबमरीन से लेकर मिसाइल सिस्टम और हेलिकाप्टर्स तक रूस भारत को मुहैया कराता रहा है। भारत कोएसयू-तकनीक मिलने का मतलब है कि भारत भविष्य में अपनाएसयू- वर्जन बना सकता है। तकनीक ट्रांसफर करना सामान्य बात नहीं है। खासकर लड़ाकू विमान जैसे हाई-एंड डिफेंस सिस्टम में। दरअसल फाइटर जेट टेक्नोलाजी दुनिया की सबसे सीक्रेट और संवेदनशील तकनीक होती है। फाइटर जेट सिर्फ एक मशीन नहीं है बल्कि यह किसी भी देश की सैन्य ताकत, इंजिनियरिंग क्षमता और स्ट्रेटेजिक बढ़त का प्रतीक है। एसयू-57 जैसी 5वीं पीढी की मिसाइल में स्टील्थ डिजाइन, एवियोनिक्स, सेंसर फ्यूजन, इंजन टेक्नोलाजी, इलेक्ट्रानिक वारफेयर सिस्टम जैसी चीजें शामिल होती हैं। यह ऐसी तकनीक होती है जिसे देश आसानी से शेयर नहीं करते, क्योंकि एक बार तकनीक शेयर हो जाने पर उसकी कापी बनना आसान हो जाता है। चीन जो कि रूस का सबसे बड़ा डिफेंस पार्टनर है उसे भीएसयू-की तकनीक नहीं दी गई है। रूस ने चीन को सिर्फ एसयू-35 फाइटर दिया है, वह भी बिना इंजन टेक्नोलाजी ट्रांसफर के। तकनीक ट्रांसफर ना होने से खरीदार देश को कई तरह के नुकसान होते हैं। अगर तकनीक नहीं मिलती है तो खरीदार देश को मेंटेनेंस, रिपेयर, स्पेयर पार्ट्स और अपग्रेड के लिए हमेशा विदेशी देश पर निर्भर रहना पड़ता है।



■ भारत और रूस कई दशकों से भरोसेमंद डिफेंस साझेदार रहे हैंः सेर्गेई
■ रूस का कहना है कि एसयू- की तकनीक पर कोई रोक नहीं होगी

## 2030 तक रूस-भारत का द्विपक्षीय व्यापार पहुंचेगा 100 बिलियन डॉलरः जयशंकर

**मास्को।** भारत ने रूस के साथ अपने रिश्तों को मजबूत करने की दिशा में एक और कदम आगे बढ़ाया है। भारत ने रूस के येकातेरिनबर्ग और कजान में दो नए महावाणिज्य दूतावासों का उद्घाटन किया। इस मौके पर विदेश मंत्री डा. एस जयशंकर ने कहा कि यह हमारे लिए एक महत्वपूर्ण दिन है जब हम इस देश में दो और महावाणिज्य दूतावास जोड़ रहे हैं। एस जयशंकर ने कहा कि ये महावाणिज्य दूतावास दोनों देशों के बीच सिर्फ संबंध मजबूत नहीं करेंगे, बल्कि इससे आशा है कि भारत के साथ रूस का द्विपक्षीय व्यापार 2030 तक 100 बिलियन डॉलर तक पहुंच जाएगा। गौरतलब है कि फिलहाल भारत और रूस के बीच 68.7 बिलियन डॉलर का द्विपक्षीय व्यापार होता है। एस जयशंकर ने कार्यक्रम में शामिल लोगों से कहा कि मैं कहना चाहता हूं कि पिछले कुछ महीनों से इन वाणिज्य दूतावासों की स्थापना के लिए लगातार काम चल रहा था। येकातेरिनबर्ग को अक्सर अपने औद्योगिक महत्व की वजह से रूस की तीसरी राजधानी कहा जाता है और यह साइबेरिया का प्रवेश द्वार है।

# सऊदी अरब के पैसे से बसाया जाएगा गाजा

**वाशिंगटन।** सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने व्हाइट हाउस में कहा कि उनका देश गाजा को फिर से बसाने के लिए पैसा खर्च करेगा। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि खर्च करने की रकम कितनी होगी, यह अभी तय नहीं हुआ है। वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान को पत्रकार जमाल खशोगी हत्या मामले में प्रभावी तौर पर क्लीन चिट दे दी है। उन्होंने मंगलवार देर रात व्हाइट हाउस में एमबीएस के साथ मीडिया से बात करते हुए कहा कि क्राउन प्रिंस को इस मामले की कोई जानकारी नहीं थी।

ट्रम्प ने कहा खशोगी बहुत विवादित व्यक्ति थे। इस मुद्दे को उठाकर मेहमान को शर्मिंदा क्यों किया जा रहा है। ऐसी चीजें होती रहती हैं। खशोगी की 2018 में इस्तांबुल में सऊदी एंबेसी के अंदर हत्या कर दी गई थी। अमेरिकी सीक्रेट एजेंसियों की रिपोर्ट में कहा गया था कि प्रिंस सलमान ने ही खशोगी की हत्या को मंजूरी दी थी। व्हाइट हाउस में हुई मुलाकात के दौरान दोनों देशों के बीच नागरिक परमाणु सहयोग और एफ-35 लड़ाकू विमानों की आपूर्ति को लेकर भी महत्वपूर्ण समझौते हुए। पत्रकार ने ट्रम्प से पूछा कि अमेरिकी खुफिया विभाग दावा करता है कि प्रिंस सलमान ने खशोगी की क्रूर हत्या की साजिश रची थी। ऐसे में आपके परिवार का सऊदी में व्यापार करना क्या सही है? ट्रम्प ने पत्रकार को बीच में टोकते हुए पूछा-आप कहां से आई हैं? पत्रकार ने जवाब दिया-एबीसी न्यूज से हूं। ट्रम्प ने कहा- फेक न्यूज, एबीसी फेक न्यूज। इस बिजनेस में सबसे बुरे संस्थानों में से एक। ट्रम्प ने आगे कहाः मेरा पारिवारिक बिजनेस से कोई लेना-देना नहीं है। मेरा परिवार पूरी दुनिया में बिजनेस करता है। इस बीच, जमाल खशोगी की विधवा ने टीवी पर आकर कहा कि उनके पति के मामले में अभी न्याय अधूरा है और वह उनके शरीर को वापस लाने की मांग करती हैं।



■ बदले में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने जर्नलिस्ट मर्डर केस में क्राउन प्रिंस को क्लीन चिट दी

## ट्रम्प ने सऊदी अरब के साथ साझेदारी को मजबूत किया

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के बीच मंगलवार को हुई वार्ता में दोनों देशों ने रक्षा, ऊर्जा, प्रौद्योगिकी, व्यापार और निवेश के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर किए।

सऊदी अरब ने अमेरिका में अपनी निवेश प्रतिबद्धता को बढ़ाकर लगभग 1 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर करने की घोषणा की। यह राशि मई 2017 में राष्ट्रपति ट्रम्प की रियाद यात्रा के दौरान घोषित 600 अरब डॉलर की प्रतिबद्धता से लगभग दोगुनी है। व्हाइट हाउस ने इस समझौते को एक बड़ा कदम बताया है जो अमेरिका-सऊदी रणनीतिक साझेदारी को और बेहतर करेगा और उच्च वेतन वाली अमेरिकी नौकरियों के अवसरों का विस्तार करेगा। इसके अलावा यह महत्वपूर्ण आपूर्ति शृंखलाओं को मजबूत करेगा, क्षेत्रीय स्थिरता को मजबूत करेगा और अमेरिकी श्रमिकों, उद्योग और सुरक्षा को प्राथमिकता देगा। प्रमुख उपलब्धियों में असैन्य परमाणु सहयोग समझौता, महत्वपूर्ण खनिजों के सहयोग में प्रगति और एक एआई समझौता ज्ञापन शामिल हैं। ये समझौते अमेरिकी लोगों को सीधे लाभ पहुंचाने वाले सौदे हासिल करने के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका की प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हैं। ए समझौते ट्रम्प प्रशासन के 'अमेरिका फर्स्ट' दृष्टिकोण को प्रदर्शित करते हैं, जो संयुक्त राज्य अमेरिका को विश्व मंच पर एक अग्रणी के रूप में मजबूत करते हुए हमारे आर्थिक भविष्य को सुरक्षित करते हैं।

## क्राउन प्रिंस ने अमेरिका में 1 ट्रिलियन डॉलर के निवेश का वादा किया

**वाशिंगटन।** सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने मंगलवार को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के साथ द्विपक्षीय वार्ता की और व्यापक आर्थिक एवं सैन्य समझौतों की घोषणा की। साथ ही उन्होंने अमेरिका में सऊदी निवेश को 600 अरब डॉलर से बढ़ाकर लगभग 1 ट्रिलियन डॉलर करने का संकल्प लिया। व्हाइट हाउस में क्राउन प्रिंस का भव्य स्वागत किया गया। इस यात्रा के दौरान, ट्रम्प ने 2018 में पत्रकार जमाल खशोगी की हत्या को लेकर क्राउन प्रिंस का बचाव किया और जोर देकर कहा कि सऊदी अरब के वास्तविक शासक को इस हत्या के बारे में 'कुछ भी पता नहीं था'। अमेरिका और सऊदी अरब ने एक असैन्य परमाणु समझौते और एफ-35 विमानों की बिक्री को भी मंजूरी दी।

# लाल किले से कश्मीर तक हमने कराए हमले

## पीओके के राष्ट्रपति और वरिष्ठ नेता चौधरी अनवरुल हक का आतंकी हमलों पर बड़ा कबूलनामा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के राष्ट्रपति और वरिष्ठ नेता चौधरी अनवरुल हक ने भारत के भीतर आतंकी हमलों में पाक-समर्थित संगठनों की भूमिका का खुलकर इकबाल कर बड़ा राजनीतिक भूचाल खड़ा कर दिया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के लाल किले के पास हुए धमाके से लेकर जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए हमले तक, भारत को निशाना बनाना पाकिस्तान की ओर से बदले की कार्रवाई थी।

एक वायरल वीडियो में हक ने दावा किया कि पाकिस्तान समर्थित आतंकी मॉडयूल ने 10 नवम्बर को लाल किले के पास हुए कार धमाके को अंजाम दिया, जिसमें 14 लोगों की मौत हुई। इस हमले का मास्टरमाइंड उमर उन नबी जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े व्हाइट कॉलर नेटवर्क का हिस्सा बताया गया, जिसे फरीदाबाद में गिरफ्तार किया गया था। हक ने पहलगाम के बैसारन वैली में अप्रैल में हुए हमले का भी जिक्र किया, जिसमें 26 लोगों को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान बलूचिस्तान में भारत की कथित दखल के बदले में भारतीय शहरों में हमले कर रहा है। लाल किले के पास ब्लास्ट को जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े मॉडयूल से जोड़ा गया है, जिसे फरीदाबाद में ऑपरेट किया जा रहा था। जांच में सामने आया कि उमर उन नबी कई डॉक्टरों के नेटवर्क का हिस्सा था। ये अपने मेडिकल क्रेडेंशियल्स का इस्तेमाल रसायन और विस्फोटक सामग्री जुटाने में कर रहे थे। यह मॉडयूल लंबे समय से भारत में आतंकी गतिविधियों की योजना बना रहा था। हक ने अपने बयान में इस हमले पर तंज कसते हुए कहा कि भारत शायद अभी तक सभी शवों की गिनती भी नहीं कर पाया होगा, जो पाकिस्तान की ओर से हमलों को लेकर खुले तौर पर स्वीकार किया गया सबसे गंभीर बयान माना जा रहा है। अप्रैल में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम के बैसरन घाटी में आतंकियों ने पर्यटकों पर अंधाधुंध गोलियां चलाई थीं, जिसमें 26 लोगों की मौत हो गई थी। चौधरी अनवरुल हक ने इस हमले को भी पाकिस्तान की जवाबी कार्रवाई बताया। उन्होंने कहा कि अगर बलूचिस्तान को खून बहाओगे, तो हम भारत को लाल किले से लेकर कश्मीर के जंगलों तक चोट पहुंचाएंगे यह बयान पाकिस्तान के राजनीतिक नेतृत्व की ओर से आतंकी ढांचे को खुले समर्थन और बढ़ावा देने का एक और बड़ा प्रमाण माना जा रहा है।



■ हक ने पहलगाम में अप्रैल में हुए हमले का भी जिक्र किया

# इमरान खान की बहनों को सड़क पर घसीटा

## जेल में बंद भाई से मिलने नहीं दिया, पुलिस ने बदसलूकी की, जबरदस्ती हिरासत में लिया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री और जेल में बंद इमरान खान की बहनों के साथ रावलपिंडी पुलिस ने बदसलूकी की। उन्हें सड़क पर घसीटा गया और जबरदस्ती हिरासत में लिया गया।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह घटना उस समय हुई जब उनकी बहनें इमरान खान से होने वाली साप्ताहिक मुलाकात के लिए अडियाला जेल पहुंची थीं, लेकिन उन्हें मिलने नहीं दिया गया। इमरान खान की पार्टी पीटीआई ने एक्स पोस्ट में कहा कि इमरान खान की बहनें अलीमा खान, नोरीन नियाजी और डा. उज्मा खान जेल के बाहर शांतिपूर्वक बैठी थीं, तभी पुलिस ने उन्हें जबरन उठाकर ले जाने की कोशिश की। पार्टी ने आरोप लगाया कि सिर्फ खान की बहनें ही नहीं, बल्कि खैबर प्रांत की मंत्री मीना खान अफरीदी, सांसद शाहिद खटक और कई महिला कार्यकर्ताओं के साथ भी पुलिस ने मारपीट की। पीटीआई ने कहा कि इमरान खान को उनके परिवार से मिलने का अधिकार अदालत ने दिया है, लेकिन सरकार इन मुलाकातों को जुल्म और दबाव का तरीका बना रही है। पार्टी की तरफ से पोस्ट किए गए एक वीडियो में अलीमा और उज्मा, नोरीन को संभालते दिखती हैं, जो बेहद घबराई हुई नजर आती हैं। अलीमा कहती हैं कि उन्हें सड़क पर घसीटा गया। एक और वीडियो में नोरीन बताती हैं कि महिला पुलिसकर्मियों ने उनके बाल पकड़कर उन्हें जमीन पर गिरा दिया। उन्होंने कहा कि सभी लोग शांतिपूर्वक बैठे थे और उन्हें समझ नहीं आ रहा कि अचानक ऐसा क्यों किया गया। यह पहली बार नहीं है जब पाकिस्तान में इमरान खान की बहनों के साथ इस तरह घटना हुई हो। इससे पहले सितम्बर 2025 में, अडियाला जेल के बाहर मीडिया से बात करते वक्त अलीमा पर अंडे फेंके जाने की घटना हुई थी। इसके अलावा अलीमा, नोरीन और उज्मा को अप्रैल 2025 में जेल पहुंचने की कोशिश के दौरान भी गिरफ्तार किया गया था। अलीमा खान भाई इमरान खान की चैरिटेबल वेलफेयर संस्थाओं से जुड़ी हैं। डा. उज्मा खान क्वालिफाइड सर्जन हैं।



■ पीटीआई ने कहाः इमरान खान को उनके परिवार से मिलने का अधिकार अदालत ने दिया है

## जी-20 शिखर सम्मेलन में अल्जीरिया के राष्ट्रपति से मिलेंगे मैक्रों

**पेरिस।** फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों इस सप्ताह के अंत में दक्षिण अफ्रीका में जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान अल्जीरियाई राष्ट्रपति अब्देलमदजीद तेब्बौने से मुलाकात करेंगे। फ्रांसीसी अखबार जर्नल डू डिमांचे ने सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी। अखबार ने मंगलवार को कहा कि हालांकि फ्रांस और अल्जीरिया के बीच तनाव अभी भी बना हुआ है लेकिन मैक्रों इस आगामी सप्ताहांत जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान तेब्बौने से मुलाकात करेंगे। जी-20 शिखर सम्मेलन 22-23 नवम्बर को जोहान्सबर्ग में होगा। फ्रांस और अल्जीरिया के बीच संबंध तब खराब हो गए जब 2024 के अंत में पुरस्कार विजेता अल्जीरियाई लेखक बौआलेम संसल, जिन्होंने 2024 में फ्रांसीसी नागरिकता प्राप्त की थी, को अल्जीरिया में हिरासत में लिया गया।

